Rojgar Coaching Center

Rojgar Publication

# RPF
# CONSTABLE & SI

## रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा


लेखक

अंकित भाटी सर

सम्पादक

Shokendra Panwar

राहुल कुमार

विशेष सहयोग

प्रीति चपराना, भावना शर्मा, वैभव कुमार, केशपाल कुमार, अंकित छौक्कर, सुनील, दीपिका शर्मा, ओमकार भाटी, जगदीप, सत्यप्रकाश, आकाश चौधरी

❒ प्रकाशक:

**Rojgar Publication**

Bilaspur, Greater Noida,
Gautam Buddha Nagar,
U.P. 203202
**Mobile : 9818489147**
**E-mail:** rojgarwithankit@gmail.com

❒ नवीनतम संस्करण

❒ © सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

भारतीय कॉपीराइट के अंतर्गत इस पुस्तक में समाहित समस्त सामग्री (टाइटिल–डिजाइन, अंदर का मैटर आदि) के सर्वाधिकार 'Rojgar Publication' के पास सुरक्षित हैं। इसके लिए कोई व्यक्ति/संस्था/समूह इस पुस्तक की पाठ्य सामग्री को आंशिक या पूर्ण रूप से तोड़–मरोड़कर या किसी अन्य भाषा में प्रकाशित नहीं कर सकता। उल्लंघन करने वाले कानूनी तौर पर हर्जे–खर्चे व हानि के जिम्मेदार स्वयं होंगे। न्यायिक क्षेत्र नोएडा होगा।

❒ **Distributor:**

**ROHIT GENERAL STORE**

Bilaspur, Greater Noida

Mobile : 9557571762, 8171579050

**नोट:** इस किताब में किसी भी प्रकार के संशोधन या त्रुटि संबंधित आपके सुझाव स्वागत योग्य हैं। जिसके लिए आप हमारे नंबर 9818489147 पर संपर्क कर सकते हैं।

❒ लेजर टाइप सेटिंग:

**ग्राफिक्स विजन**

# प्रस्तावना

प्यारे बालकों/बालिकाओं

जैसा कि आप सभी को विदित है, RPF सब इंस्पेक्टर तथा कांस्टेबल के बहुत सारे पद प्रस्तावित हैं। इतने सारे पद वास्तव में रोजगार की असीम संभावनाओं का सृजन करते हैं। RPF Constable तथा SI की तैयारी के लिए सबसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम है जिसके अंतर्गत मैथ्स, रीजनिंग तथा सामान्य अध्ययन विषय सम्मिलित हैं। इस भर्ती के लिए पाठ्यक्रम का गहन अवलोकन करके, इसके पाठ्यक्रम को एक पुस्तक के रूप में समाहित करने का एक ईमानदार प्रयास किया गया है। इस पुस्तक में RPF Constable तथा SI के पूर्व में आयोजित परीक्षा के प्रश्न-पत्रों का व्याख्या सहित हल दिया गया है, जिससे आप इस परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों का पूर्वानुमान लगा पाएँ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह पुस्तक निश्चित रूप से आप सभी के लिए हितकारी सिद्ध होने वाली है। वैसे तो इस पुस्तक को त्रुटिरहित बनाने हेतु कई स्तरों पर सूक्ष्मता से अध्ययन किया गया है, लेकिन फिर भी यह दावा करना कि पुस्तक त्रुटिरहित है, अव्यावहारिक ही होगा।

आप इस पुस्तक से संबंधित सुझाव हमें 9818489147 पर WhatsApp कर सकते हैं।

पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित हो सके, इसी सपने के साथ यह सफर शुरू किया था। आज भी शत-प्रतिशत प्रतिबद्धता से इसके लिए कार्य कर रहे हैं। अगर हम आपकी सफलता में थोड़ा भी योगदान कर पाये, तो यह हमारे लिये सौभाग्यशाली क्षण होगा।

आपका भाई

**अंकित भाटी**

# विषय सूची


## सामान्य ज्ञान

1. **भारतीय इतिहास** 7-58
   - प्राचीन इतिहास 7
   - मध्यकालीन इतिहास 23
   - आधुनिक इतिहास 39
2. **भूगोल** 40
3. **भारतीय राजव्यवस्था (संविधान)** 82-138
   - संवैधानिक विकास, संविधान का निर्माण, संविधान की प्रस्तावना, अनुसूचियाँ, संविधान के स्रोत 82
   - नागरिकता, मूल अधिकार, मौलिक कर्त्तव्य, राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत, संसद, विधानमंडल 92
   - राज्यपाल, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, मंत्रिपरिषद्, न्यायपालिका 110
   - निर्वाचन आयोग, केन्द्र-राज्य संबंध, स्थानीय स्वशासन, आपात उपबंध, समितियाँ 124
   - विविध 133
4. **अर्थशास्त्र** 139

## सामान्य विज्ञान 157-2247

5. भौतिक विज्ञान 157
6. रसायन विज्ञान 171
7. जीव विज्ञान 183
8. **स्टैटिक जी.के.** 198

## गणित 248-357

1. संख्या पद्धति 248
2. लघुत्तम समापवर्त्य एवं महत्तम समापवर्तक 253

3. सरलीकरण 259

4. औसत 266

5. अनुपात और समानुपात 274

6. प्रतिशत 281

7. लाभ तथा हानि 291

8. बट्टा 300

9. साधारण ब्याज 305

10. चक्रवृद्धि ब्याज 312

11. समय और कार्य 319

12. समय और दूरी 328

13. क्षेत्रमिति 238

14. आँकड़ों का विश्लेषण 349

**तार्किक ज्ञान** 358-522

1. श्रृंखला 358

2. सादृश्यता 368

3. वर्गीकरण 377

4. कोडिंग-डिकोडिंग 387

5. कथन-निष्कर्ष 400

6. न्याय संगता 412

7. रक्त संबंध 427

8. पासा 433

9. बैठक व्यवस्था 441

10. क्रम व्यवस्था 447

11. पहेली परीक्षण 451

12. असमानता 457

13. आँकड़े अपर्याप्तता 464

14. वेन आरेख 470

15. आकृति श्रृंखला 481

16. आकृति पूरा करना 487

17. आकृतियों का निर्माण 494

18. आकृतियों की गणना 499

19. प्रतिबिंब 513

20. कागज को मोड़ना 517

# 1 भारतीय इतिहास

## प्राचीन इतिहास

**1.** बुद्ध को निम्न में से किस स्थान पर ज्ञान प्राप्त हुआ था?
(a) कुशीनगर (b) लुंबिनी
(c) सारनाथ (d) बोधगया

**RPF Const. 24/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)
❒ बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति **बोधगया** नामक स्थान पर हुई थी। बोधगया भारत के बिहार राज्य में स्थित है।
❒ बुद्ध को गौतम बुद्ध के नाम से जाना जाता है। इन्होंने बौद्ध धर्म की स्थापना की थी।
❒ बोधगया में ज्ञान प्राप्ति के बाद बुद्ध ने पहला उपदेश सारनाथ में दिया था। इस घटना को 'धर्मचक्रप्रवर्तन' के नाम से जाना जाता है।
❒ गौतम बुद्ध का जन्म वर्ष 563 ई.पू. में लुम्बिनी (कपिलवस्तु), नेपाल में हुआ था।
❒ गौतम बुद्ध की मृत्यु (महापरिनिर्वाण) वर्ष 483 ई.पू. में कुशीनगर (उ०प्र०) में हुई थी।

**2.** निम्न में से किसे शल्य-चिकित्सा के जनक के रूप में जाना जाता है?
(a) चाणक्य (b) अमर सिंह
(c) सुश्रुत (d) चरक

**RPF Const. 24/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)
❒ शल्य-चिकित्सा के जनक के रूप में **सुश्रुत** को जाना जाता है।
❒ सुश्रुत को **'सुश्रुत संहिता'** का प्रणेता माना जाता है। सुश्रुत के आचार्य धन्वंतरी थे। सुश्रुत ने शल्य चिकित्सा के साथ-साथ आयुर्वेद के क्षेत्र में भी काम किया था। प्राचीन काल के सबसे महान शल्य-चिकित्सकों में सुश्रुत का विशेष स्थान था।
❒ **चरक**-ये आयुर्वेद के क्षेत्र से सम्बन्धित थे। चरक ने आयुर्वेद का एक प्रसिद्ध ग्रंथ **'चरक संहिता'** लिखा था।

**3.** बौद्ध धर्म में 'अभय मुद्रा' का क्या अर्थ है?
(a) बुराई से बचाव (b) निर्भीकता
(c) ज्ञानोदय (d) उपदेश

**RPF Const. 24/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)
बौद्ध धर्म में 'अभय मुद्रा' का अर्थ **निर्भीकता** है। अभय मुद्रा सबसे प्राचीन मुद्राओं में से एक है। अभय मुद्रा सुरक्षा की भावना को प्रदर्शित करती है। अभय मुद्रा में दाहिनें हस्त को ऊपर की ओर करके हथेली बाहर की ओर इंगित की जाती है।

**4.** विनय और सुत्तपिटक इनमें से किसकी शिक्षाओं का संकलन हैं?
(a) गौतम बुद्ध (b) ऋषभदेव
(c) महावीर जैन (d) गुरु गोविंद सिंह

**RRB NTPC 01/04/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)
❒ विनय और सुत्तपिटक गौतम बुद्ध की शिक्षाओं का संकलन है।
❒ त्रिपिटक बौद्ध धर्म का पवित्र ग्रंथ है।
❒ त्रिपिटक की भाषा पालि है।
❒ **गौतम बुद्ध के त्रिपिटक निम्नलिखित है–**
(सुत्तपिटक, विनयपिटक, अभिधम्मपिटक)

**5.** स्तूप क्यों बनाए गए थे?
(a) पवित्र स्मृतिचिह्न रखने के लिए
(b) धार्मिक सभाएं करने के लिए
(c) बुद्ध की पूजा करने के लिए
(d) बौद्ध ग्रंथ रखने के लिए

**RRB NTPC 09/02/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)
❒ स्तूप **पवित्र स्मृति चिह्न रखने के लिए** बनाए गए थे।
❒ स्तूप शब्द पालि और संस्कृत भाषा से लिया गया है; इसका अर्थ टीला या ढ़ेर होता है।
❒ स्तूप किसी व्यक्ति की चिता, समाधि तथा उसके अवशेषों पर निर्मित एक स्मृति स्वरूप अर्द्ध आकार का टीला या ढ़ेर होता था।
❒ स्तूप विशेष रूप से बौद्ध काल में प्रसिद्ध हुये थे।
❒ स्तूप का सर्वप्रथम उल्लेख ऋग्वेद में मिलता है।

**6.** बौद्ध प्रतीक 'धर्मचक्र' किसे दर्शाता है?

(a) प्रथम उपदेश (b) जन्म
(c) अंतिम उपदेश (d) मृत्यु

**RPF Const. 19/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

❐ बौद्ध प्रतीक 'धर्मचक्र' **प्रथम उपदेश** को दर्शाता है।
❐ गौतम बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद अपना पहला उपदेश सारनाथ में दिया था। इस घटना को **'धर्मचक्रप्रवर्तन'** के नाम से जानते है।
❐ गौतम बुद्ध ने अंतिम उपदेश कुशीनगर में दिया था।
❐ गौतम बुद्ध के जन्म की घटना का प्रतीक **'कमल और सांड'** है।
❐ गौतम बुद्ध की मृत्यु (महापरिनिर्वाण) का प्रतीक **'स्तूप'** है।

**7.** पद्मपाणि बोधिसत्व के चित्र कहाँ पाए गए हैं?
(a) एलोरा की गुफाओं में (b) बाघ की गुफाओं में
(c) बादामी की गुफाओं में (d) अजंता की गुफाओं में

**RPF SI, 10/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❐ पद्मपाणि बोधिसत्व के चित्र अजंता की गुफाओं में पाए गए हैं।
❐ पद्मपाणि बोधिसत्व के चित्र अजंता की गुफा संख्या एक (1) में चित्रित है।
❐ अजंता की गुफाएं औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में स्थित है।

**8.** राष्ट्रकूट वंश का शाही प्रतीक क्या था?
(a) बाघ (b) हाथी
(c) शेर (d) गोल्डन ईगल

**RPF SI, 10/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❐ राष्ट्रकूट वंश का शाही प्रतीक **गोल्डन ईगल** था।
❐ राष्ट्रकूट वंश के संस्थापक दन्तिदुर्ग प्रथम थे।
❐ राष्ट्रकूट वंश की राजधानी मान्यखेत थी।
❐ एलोरा के गुफा मंदिर का निर्माण राष्ट्रकूट वंश के शासनकाल में हुआ था।

**9.** शिलालेखों के अध्ययन को कहा जाता है?
(a) पारिस्थितिकी (b) एक्वालोगी
(c) समाजशास्त्र (d) एपिग्राफी

**RPF SI, 10/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❐ शिलालेखों के अध्ययन को **एपिग्राफी** कहा जाता है।
❐ शिलालेख को पुरालेख भी कहा जाता है।
❐ शिलालेख प्राचीन समय में घटित घटनाओं तथा उनसे सम्बन्धित व्यक्तियों के बारे में जानकारी हासिल करने के प्रमुख स्रोतों में से एक है।

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा मानव गतिविधियों एवं सभ्यता के प्राक्-ऐतिहासिक काल का सही कालानुक्रम है?
(a) पुरापाषाण काल, मध्यपाषाण काल, नवपाषाण काल
(b) धातु युग काल, मध्यपाषाण काल, पुरापाषाण काल
(c) नवपाषाण काल, मध्यपाषाण काल, पुरापाषाण काल
(d) मध्यपाषाण काल, नवपाषाण काल, पुरापाषाण काल

**RRB NTPC 11/02/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

❐ मानव गतिविधियों एवं सभ्यता के प्राक्-ऐतिहासिक काल का सही कालानुक्रम निम्नलिखित है–

**(पुरापाषाण काल, मध्यपाषाण काल, नवपाषाण काल)**

❐ प्राक्-ऐतिहासिक काल को पाषाण काल के नाम से भी जाना जाता है।

**11.** हड़प्पा सभ्यता की मुहरों पर निम्नलिखित में से कौन-सा पशु अक्सर देखा जाता था?
(a) बैल (b) शेर
(c) लोमड़ी (d) हिरन

**RRB NTPC 18/01/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

❐ हड़प्पा सभ्यता की मुहरों पर **बैल पशु** अक्सर देखा जाता था।
❐ हड़प्पा सभ्यता की मुहरों पर बैल के अतिरिक्त बाघ, गैंडा, हाथी, बकरी, हिरण तथा भेड़ आदि पशुओं के चित्र भी देखे जाते थे।
❐ हड़प्पा सभ्यता की मुहरों का आकार (त्रिभुजाकार, आयताकार, वृत्ताकार तथा वर्गाकार) था।

**12.** भारतीय नेपोलियन निम्नलिखित में से किसको कहा जाता है?
(a) स्कंदगुप्त (b) चंद्रगुप्त द्वितीय
(c) समुद्रगुप्त (d) पुलकेशिन द्वितीय

**RPF Const. 31/03/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

**समुद्रगुप्त** को **भारत के नेपोलियन** के नाम से जाना जाता है।

❐ समुद्रगुप्त भारत के सबसे महान शासकों में से एक थे। समुद्रगुप्त, चन्द्रगुप्त प्रथम के उत्तराधिकारी थे।
❐ समुद्रगुप्त के शासनकाल को सांस्कृतिक तथा राजनीतिक दृष्टि से गुप्त वंश के साम्राज्य का उत्कर्ष काल माना जाता है। समुद्रगुप्त के साम्राज्य की राजधानी पाटलिपुत्र थी। समुद्रगुप्त ने अपने साम्राज्य विस्तार के लिए दोहरी नीति अपनाई थी।
❐ समुद्रगुप्त को भारत के नेपोलियन की संज्ञा प्रसिद्ध इतिहासकार 'विन्सेंट आर्थर स्मिथ' द्वारा दी गई थी।

**13.** पल्लव राजवंश का संस्थापक कौन था?
(a) सिंह विष्णु (b) कृष्णा

(c) नंदीवर्मन (d) महेंद्रवर्मन

**RPF Const. 31/03/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)

- पल्लव राजवंश का संस्थापक **सिंह विष्णु** था।
- पल्लव राजवंश दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध राजवंश था।
- पल्लव राजवंश की राजधानी कांचीपुरम थी।
- नंदीवर्मन तथा महेंद्रवर्मन पल्लव राजवंश के प्रमुख शासक थे।
- सिंह विष्णु को अवनि सिंह के नाम से भी जाना जाता था।

**14.** निम्नलिखित धर्मों में से किस धर्म से दिलवाड़ा मंदिर संबंधित है?

(a) ईसाई धर्म (b) बुद्ध धर्म
(c) जैन धर्म (d) हिन्दू धर्म

**RPF Const. 31/03/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)

दिलवाड़ा मंदिर **जैन धर्म** से सम्बन्धित है।

- दिलवाड़ा मंदिर राजस्थान राज्य के सिरोही जनपद के माउंट आबू पर स्थित है।
- दिलवाड़ा मंदिर पाँच मंदिरों का एक समूह है।
- दिलवाड़ा मंदिर का निर्माण ग्यारहवीं से तेरहवीं शताब्दी के मध्य हुआ था।
- दिलवाड़ा मंदिर का निर्माण चालुक्य राजवंश के शासनकाल में हुआ था।

**15.** निम्नलिखित में से कौन 'बुद्ध के सिद्धांतों' से संबंधित है?

(a) विनयपिटक (b) अभिधम्मपिटक
(c) सुत्तपिटक (d) दिव्यदान

**RPF SI, 06/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)

- **अभिधम्मपिटक** 'बुद्ध के सिद्धांतों' से संबंधित है। अभिधम्मपिटक बुद्ध के त्रिपिटक में से एक है। अभिधम्मपिटक बुद्ध के सिद्धांतों का एक व्यापक रूपी विद्वतापूर्ण सारांश व विश्लेषण है। यह थेरवाद बौद्ध धर्म का अभिन्न अंग है।

**16.** सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे पहला खोजा गया स्थल कौन-सा था?

(a) लोथल (b) कालीबंगन
(c) मोहनजोदड़ो (d) हड़प्पा

**RPF SI, 16/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (d)

- सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे पहला खोजा गया स्थल **हड़प्पा** था।
- हड़प्पा स्थल की खोज वर्ष 1921 ई. में रायबहादुर दयाराम साहनी ने की थी।
- हड़प्पा स्थल रावी नदी के तट पर स्थित है।
- **मोहनजोदड़ो**-इसका शाब्दिक अर्थ है- **'मृतकों का टीला।'** मोहनजोदड़ो स्थल की खोज वर्ष 1922 ई. में राखलदास बनर्जी ने की थी।
- मोहनजोदड़ो स्थल सिन्धु नदी के तट पर स्थित है।
- **लोथल** - लोथल स्थल की खोज वर्ष 1954 ई. में डॉ. एस. आर. राव ने की थी।

लोथल सिंधु घाटी सभ्यता का महत्वपूर्ण बंदरगाह था।

- लोथल स्थल भोगवा नदी के तट पर स्थित है।
- **कालीबंगन** - कालीबंगन स्थल की खोज अमलानंद घोष ने की थी।
- कालीबंगन के स्थल के उत्खनन का श्रेय बी.के. थापर तथा बी.बी. लाल को जाता है।
- कालीबंगन घग्गर नदी के तट पर स्थित है।

**17.** प्रसिद्ध उत्तरामेर शिलालेख किस राजवंश से संबंधित हैं?

(a) पांड्य (b) चोल
(c) पल्लव (d) चालुक्य

**RPF SI, 16/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)

- प्रसिद्ध उत्तरामेर शिलालेख **चोल राजवंश** से संबंधित है।
- चोल राजवंश दक्षिण भारत का एक प्रमुख राजवंश था। इस अभिलेख के माध्यम से चोल कालीन ग्राम्य प्रशासन तथा कर व्यवस्था की जानकारी प्राप्त होती हैं।

**18.** सिंधु सभ्यता के इनमें से किस स्थल से जलाशयों के साक्ष्य मिले हैं?

(a) कालीबंगा (b) धौलावीरा
(c) कोटदीजी (d) लोथल

**RRB NTPC 01/04/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)

- सिंधु सभ्यता के **धौलावीरा** स्थल से जलाशयों के साक्ष्य मिले है।
- धौलावीरा स्थल गुजरात राज्य में स्थित है।
- धौलावीरा स्थल की खोज वर्ष (1967-68) ई. में जे. पी. जोशी ने की थी।
- **कालीबंगा** - इस स्थल से जुते हुए खेत के साक्ष्य मिले है। यह स्थल राजस्थान राज्य में स्थित है।
- **कोटदीजी** - इस स्थल से काँसे की चपटे फलक वाली कुल्हाड़ी के साक्ष्य मिले है। यह स्थल पाकिस्तान देश के सिंध राज्य में स्थित है।
- **लोथल** - इस स्थल से तीन युगल समाधियों के साक्ष्य मिले है। यह स्थल गुजरात राज्य में स्थित है।

**19.** 'मोहनजोदड़ो' नाम का अर्थ किस भाषा में 'मुर्दों का टीला' है।

(a) फारसी (b) उर्दू
(c) हिंदी (d) सिंधी

**RRB Group-D 28/11/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- 'मोहनजोदड़ो' का अर्थ **सिंधी भाषा** में 'मुर्दों का टीला' है।
- मोहनजोदड़ो को सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे बड़ा स्थल माना जाता है।
- वर्तमान में मोहनजोदड़ो की स्थिति पाकिस्तान के सिंध राज्य में है।
- मोहनजोदड़ो से विशाल स्नानागार के अवशेष मिले है।
- मोहनजोदड़ो सिंधु नदी के तट पर स्थित है।

**20.** प्राचीन काल में 'अवध' को किस नाम से जाना जाता था?

(a) कोसल/कोशल (b) कपिलवस्तु
(c) कौशाम्बी (d) काशी

**RRB NTPC 18/01/2017 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- प्राचीन काल में 'अवध' को **कोसल/कोशल** नाम से जाना जाता था।
- प्राचीन भारत में छठीं शताब्दी में सोलह महाजनपदों का उदय हुआ था।
- कोसल/कोशल इन्हीं सोलह महाजनपदों में से एक था।
- कोसल/कोशल महाजनपद की राजधानी श्रावस्ती थी।

**21.** निम्नलिखित में से कौन पाल साम्राज्य का संस्थापक था?

(a) ध्रुव (b) गोपाल
(c) महिपाल (d) महेन्द्रपाल

**RPF SI, 05/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- पाल साम्राज्य का संस्थापक **गोपाल** था।
- पाल साम्राज्य का संस्थापक गोपाल एक कुशल प्रशासक था।
- पाल साम्राज्य का उदय आठवीं शताब्दी में हुआ था।
- पाल साम्राज्य के शासक बौद्ध धर्म का पालन करते थे।
- पाल साम्राज्य के शासक धर्मपाल ने विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना की थी।

**22.** निम्नलिखित वेदों में से किसे ब्रह्म वेद के नाम से भी जाना जाता है?

(a) ऋग्वेद (b) यजुर्वेद
(c) सामवेद (d) अथर्ववेद

**RPF SI, 16/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- **अथर्ववेद** को **ब्रह्म वेद** के नाम से भी जाना जाता है।
- वेद प्राचीन भारत के धर्मग्रंथ है। इनकी संख्या चार है।

  **(ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद)**

  चारों वेदों में अथर्ववेद सबसे नवीन वेद है।
- **ऋग्वेद** – यह सबसे प्राचीन वेद है। इस वेद में 10 मंडल, 1028 सूक्त तथा लगभग 10,462 मंत्र है।
- **यजुर्वेद** – यजुर्वेद के दो भाग है।

  (शुक्ल यजुर्वेद तथा कृष्ण यजुर्वेद)

  यज्ञ सम्बन्धी विधि विधान यजुर्वेद से सम्बन्धित है।
- **सामवेद** – यह चारों वेदों में आकार की दृष्टि से सबसे छोटा है।

  इस वेद का सम्बन्ध संगीत से है।

**23.** रत्नावली, प्रियदर्शिका और नागानंद के रचयिता कौन थे?

(a) हर्ष (b) अशोक
(c) पुलकेशिन द्वितीय (d) चंद्रगुप्त मौर्य

**RPF Const. 29/03/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- **रत्नावली, प्रियदर्शिका और नागानंद** के रचयिता **हर्ष** थे।
- हर्ष बाणभट्ट के दरबार में कवि थे। रत्नावली, प्रियदर्शिका और नागानंद रचनाओं की भाषा संस्कृत थी।
- हर्ष उत्तर भारत का एक महान शासक था। हर्ष के साम्राज्य की राजधानी कन्नौज थी। हर्ष का सम्बन्ध पुष्यभूति (वर्द्धन) वंश से था।

**24.** तंजावुर में बृहदेश्वर मंदिर किस वंश के वास्तुकारों की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

(a) चेर (b) पांड्य
(c) चोल (d) पल्लव

**RPF Const. 28/03/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- तंजावुर में बृहदेश्वर मंदिर **चोल वंश** के वास्तुकारों की सबसे बड़ी उपलब्धि है।
- बृहदेश्वर मंदिर का निर्माण चोल वंश के शासक राजाराज चोल ने करवाया था। बृहदेश्वर मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।
- तंजावुर में स्थित बृहदेश्वर मंदिर को चोल शासक राजाराज चोल के नाम पर राजराजेश्वर मंदिर का नाम भी दिया गया।
- बृहदेश्वर मंदिर द्रविड़ शैली में निर्मित है। वर्ष 1987 ई. में इस मंदिर को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया था।

**25.** जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर कौन थे?

(a) महावीर स्वामी (b) अनंतनाथ
(c) पार्श्वनाथ (d) ऋषभदेव

**RPF Const. 25/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर **महावीर स्वामी** थे।

1. **ऋषभदेव** – जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर।

2. **अनंतनाथ** - जैन धर्म के 14 वें तीर्थंकर।

3. **पार्श्वनाथ** - जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर।

**26.** प्रसिद्ध सांची स्तूप कहाँ स्थित है?
(a) महाराष्ट्र (b) मध्य प्रदेश
(c) बिहार (d) उत्तर प्रदेश

**RPF Const. 25/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)

- प्रसिद्ध सांची स्तूप **मध्य प्रदेश** में स्थित है।
- सांची स्तूप का निर्माण सम्राट अशोक ने तीसरी शताब्दी में करवाया था।
- सांची स्तूप बौद्धों का एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। सांची स्तूप को महान स्तूप के नाम से भी जाना जाता है।
- वर्ष 1989 ई. में सांची स्तूप को यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल की सूची में शामिल किया गया था।

**27.** चीनी यात्री फाह्यान के शासनकाल के दौरान, भारत का दौरा किसने किया था?
(a) कालिदास (b) अशोक
(c) चंद्रगुप्त द्वितीय (d) हर्षवर्धन

**RPF Const. 25/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)

- चीनी यात्री फाह्यान ने **चंद्रगुप्त द्वितीय** के शासनकाल के दौरान भारत का दौरा किया था।
- बौद्ध धर्म व उसके ग्रन्थों के बारे में अध्ययन करने के उद्देश्य से फाह्यान ने भारत के अतिरिक्त कई एशियाई देशों की यात्रा की थी। अपनी भारत यात्रा के दौरान फाह्यान ने तीन वर्षों तक पाटलिपुत्र (वर्तमान पटना) में संस्कृत विषय का अध्ययन किया था।

**28.** जैन मठ संस्थानों को क्या कहा जाता है?
(a) अपरिग्रह (b) श्वेतांबर
(c) तीर्थ (d) बसादिस

**RRB NTPC 23/02/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (d)

- जैन मठ संस्थानों को बसादिस कहा जाता है।
- बसादिस जैन धर्म के अनुयायियों के लिए पूजा का स्थान होता है। यह मुख्यत: कर्नाटक राज्य में स्थित है। बसादिस जैन धर्म में हुये तीर्थंकरों के मंदिर होते हैं।

**29.** निम्नलिखित विकल्पों में से गलत जोड़ी का चयन करें।
(a) चन्द्रगुप्त : मौर्य (b) बिम्बिसार : गुप्त
(c) राजराजा : चोल (d) कनिष्क : कुषाण

**RRB NTPC 28/04/2016 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)

- **बिम्बिसार का सम्बन्ध हर्यक वंश से है।**
- चन्द्रगुप्त का सम्बन्ध मौर्य वंश से है।
- राजराजा का सम्बन्ध चोल वंश से है।
- कनिष्क का सम्बन्ध कुषाण वंश से है।

**30.** भारत में वैदिक काल की अवधि कब तक चली।
(a) 1500 से 600 ई.पू. (b) 336 से 323 ई.पू.
(c) 3000 से 2600 ई.पू. (d) 550 से 323 ई.पू.

**RRB NTPC 22/02/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)

- **भारत में वैदिक काल की अवधि वर्ष 1500 से 600 ई.पू. तक मानी जाती है।**
- वैदिक काल को वैदिक युग भी कहा जाता है।
- भारत में वैदिक काल की शुरुआत सिंधु घाटी सभ्यता के बाद हुई थी।
- **वैदिक काल को दो भागों में बांटा जाता है-**
  1. पूर्व वैदिक काल - अवधि (1500-1000 ई.पू.)
  2. उत्तर वैदिक काल - अवधि (1000-600 ई.पू.)

**31.** आर्य संस्कृति के सर्वोच्च काल में, गंगा घाटी के जनपद, जो संख्या में________ थे, महाजनपद बन गए थे।
(a) 14 (b) 15
(c) 16 (d) 18

**RRB Group-D 12/12/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)

- आर्य संस्कृति के सर्वोच्च काल में, गंगा घाटी के जनपद, जो संख्या में **16** थे, महाजनपद बन गए थे।
- प्राचीन भारत में 16 महाजनपदों का उद्भव छठीं शताब्दी के दौरान हुआ था।
- प्राचीन भारत के इन 16 महाजनपदों के बारे में जानकारी का स्रोत बौद्ध धर्म का ग्रन्थ अंगुत्तर निकाय है।
- **प्राचीन भारत के 16 महाजनपद निम्नलिखित है-**

अंग, मगध, काशी, वज्जि,
वत्स, अवन्ति, कोशल, पांचाल,
मल्ल, कुरू, चेदि, कम्बोज,
मत्स्य, शूरसेन, गांधार, अश्मक।

**32.** छठवीं शताब्दी ईसा पूर्व के प्रारंभ में भगवान महावीर का जन्म निम्नलिखित में से किस स्थल पर हुआ?
(a) मगध (b) पाटलिपुत्र
(c) वैशाली (d) सारनाथ

**RRB NTPC 01/02/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)

- छठवीं शताब्दी ई.पू. के प्रारंभ में भगवान महावीर का जन्म वर्ष 540 ई.पू. में **कुण्डग्राम (वैशाली)** नामक स्थल पर हुआ था।
- भगवान महावीर स्वामी जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर थे।
- महावीर स्वामी की मृत्यु वर्ष 468 ई.पू. में **पावापुरी (बिहार)** नामक स्थल पर हुई।

**33.** मिलिंदपन्हो में बौद्ध धर्म से जुड़े सवालों का जवाब किसने

दिया?

(a) नागसेन (b) बुद्धघोष

(c) वसुबंधु (d) अश्वघोष

**RPF SI, 06/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

❒ मिलिंदपन्हो में बौद्ध धर्म से जुड़े सवालों का जवाब **नागसेन** ने दिया था।

❒ मिलिंदपन्हो एक बौद्ध ग्रन्थ है जो पालि भाषा में रचित है। इसमें मिलिंद तथा नागसेन के मध्य बौद्ध मत पर हुई वार्तालाप वर्णित है।

**34.** दूसरा तमिल संगम निम्न में से किस स्थान पर संपन्न हुआ?

(a) तिरुनवेली (b) मदुरै

(c) कापत्पुरम (d) दक्षिण मदुरै

**RPF Const. 22/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

❒ दूसरा तमिल संगम **कापत्पुरम** स्थान पर सम्पन्न हुआ था।

❒ प्राचीन भारत में दक्षिण भाग में तीन संगम आयोजित किये गये थे। इनको तमिल कवियों का समागम भी कहा जाता था।

❒ तमिल व्याकरण ग्रन्थ तोलकाप्पियम का सम्बन्ध तमिल कवियों के दूसरे समागम से है।

❒ पहला तमिल संगम तथा तीसरा तमिल संगम मदुरै स्थान पर सम्पन्न हुआ था।

**35.** प्रसिद्ध यात्री फाह्यान का संबंध किस देश से है?

(a) इटली (b) पर्शिया

(c) ग्रीस (d) चीन

**RPF Const. 22/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❒ प्रसिद्ध यात्री फाह्यान का सम्बन्ध **चीन देश** से है।

❒ फाह्यान भारत चंद्रगुप्त विक्रमादित्य के शासनकाल में आया था।

❒ फाह्यान भारत आने वाला प्रथम चीनी यात्री था।

❒ फाह्यान बौद्ध धर्म का अनुयायी था। अपनी भारत यात्रा के दौरान फाह्यान 6 वर्षों तक यहीं रहा था।

❒ फाह्यान बौद्ध धर्म तथा उसके ग्रन्थों के बारे में अध्ययन करने के उद्देश्य से भारत आया था।

**36.** बुद्ध का वास्तविक नाम क्या था?

(a) सिद्धार्थ (b) चन्ना

(c) शुद्धोधन (d) कंथक

**RPF SI, 16/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

❒ **बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ था।**

❒ गौतम बुद्ध का जन्म वर्ष 563 ई.पू. में लुम्बिनी (कपिलवस्तु), नेपाल में हुआ था।

❒ गौतम बुद्ध के पिता का नाम शुद्धोधन तथा माता का नाम मायादेवी था।

❒ चन्ना गौतम बुद्ध का प्रमुख सारथी तथा सेवक था।

❒ कंथक गौतम बुद्ध का घोड़ा था।

**37.** 'जेंद अवेस्ता' किस धर्म से संबंधित पवित्र ग्रंथ है?

(a) ईसाई (b) सिख

(c) पारसी (d) इस्लाम

**RPF SI, 16/02/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

❒ **जेंद अवेस्ता पारसी धर्म से सम्बन्धित पवित्र ग्रंथ है।**

❒ ईसाई धर्म से सम्बन्धित पवित्र ग्रंथ बाइबिल है

❒ सिख धर्म से सम्बन्धित पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रन्थ साहिब है।

❒ इस्लाम धर्म से सम्बन्धित पवित्र ग्रंथ कुरान है।

**38.** पार्श्वनाथ जो एक क्षत्रिय और बनारस के राजा अश्वसेन के पुत्र थे, वह कौन-से जैन तीर्थंकर बने?

(a) प्रथम (b) द्वितीय

(c) तेईसवें (d) चौबीसवें

**RRB Group-D 24/09/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

❒ पार्श्वनाथ जो एक क्षत्रिय और बनारस के राजा अश्वसेन के पुत्र थे, वह **तेईसवें जैन तीर्थंकर** बने ।

❒ जैन धर्म के पहले तीर्थंकर **ऋषभदेव** थे।

❒ जैन धर्म के दूसरे तीर्थंकर **अजितनाथ** थे ।

❒ जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर **महावीर स्वामी** थे।

**39.** गौतम बुद्ध के निम्नलिखित उपदेशों में से किसे अग्नि उपदेश के रूप में जाना जाता है?

(a) धम्मचक्कप्पवत्तन सुत्त (b) अदित्तपरियाय सुत्त

(c) अनात्त-लक्खना सुत्त (d) ब्रह्मजल सूत्र

**RRB NTPC 17/02/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

❒ गौतम बुद्ध के **अदित्तपरियाय सुत्त उपदेश** को **अग्नि उपदेश** के रूप में जाना जाता है। इस उपदेश में गौतम बुद्ध ने इन्द्रियों तथा मन से और वैराग्य के माध्यम से दु:ख से मुक्ति का उपाय बताया है।

**40.** 'बुद्धचरित' नामक महाकाव्य किसने लिखा था?

(a) गौतम बुद्ध (b) नागार्जुन

(c) हेमचंद्र (d) अश्वघोष

**RRB NTPC 06/04/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❒ **'बुद्धचरित' नामक महाकाव्य अश्वघोष ने लिखा था।**

❒ अश्वघोष कनिष्क के दरबार में राजकवि थे।

❒ अश्वघोष ने सौन्दरानंदकाव्यम् की भी रचना की थी।

❒ नागार्जुन कनिष्क के समकालीन थे। नागार्जुन को

माध्यमिक मत एवं शून्यवाद का प्रवर्तक माना जाता है।

**41.** निम्न में से संगम साहित्य का कौन-सा ग्रन्थ व्याकरण और काव्यशास्त्र से संबंधित है?
(a) मणिमेगलई (b) शिलप्पदिकारम
(c) तोल्काप्पियम् (d) जीवक चिन्तामणि
**RPF Const. 25/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)
- संगम साहित्य का **तोल्काप्पियम् ग्रन्थ** व्याकरण और काव्यशास्त्र से संबंधित है। इसका सम्बन्ध तमिल साहित्य के दूसरे संगम से है।
- **मणिमेगलई** - यह एक तमिल महाकाव्य है जिसकी रचना **कवि चितलाई चतनार** द्वारा की गई थी।
- **शिलप्पदिकारम** - यह तमिल साहित्य का प्रथम महाकाव्य है, जिसकी रचना **इलांगो आदिगल** द्वारा की गई थी।
- **जीवक चिन्तामणि** - यह एक तमिल महाकाव्य है, जिसकी रचना **जैन मुनि तिरुतक्कदेवर** द्वारा की गई थी।

**42.** निम्न में से कौन-सा वैदिक ग्रंथ शिल्प/धन विज्ञान से संबंधित है?
(a) गन्धर्व वेद (b) आयुर्वेद
(c) शिल्प शास्त्र (d) धनुर्वेद
**RPF Const. 25/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)
- **वैदिक ग्रन्थ शिल्प शास्त्र शिल्प/धन विज्ञान से संबंधित है।**
- शिल्पशास्त्र एक प्राचीन ग्रंथ है। इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की हस्तशिल्प तथा कला के सिद्धान्तों का विश्लेषण किया जाता है।
- **गन्धर्व वेद** - यह चार उपवेदों में से एक है।
- अन्य तीन उपवेद- **( धनुर्वेद, शिल्पवेद तथा आयुर्वेद )**

**43.** पहली जैन परिषद् कहाँ आयोजित की गयी थी?
(a) कुशीनगर (b) पाटलिपुत्र
(c) मदुरै (d) वल्लभी
**RPF Const. 25/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)
- **पहली जैन परिषद् पाटलिपुत्र में आयोजित की गयी थी।**
- पहली जैन परिषद् का आयोजन चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल में तथा **स्थूलभद्र** की अध्यक्षता में वर्ष 300 ई.पू. हुआ था।
- दूसरी जैन परिषद् **वल्लभी** में आयोजित की गयी थी। दूसरी जैन परिषद् का आयोजन **देवर्धि क्षमाश्रमण** की अध्यक्षता में वर्ष 512 ई.पू. हुआ था।

**44.** निम्नलिखित में से कौन-सा महाकाव्य ऋषि वेदव्यास द्वारा लिखा गया था?
(a) जीवक चिन्तामणि (b) शिलप्पदिकारम
(c) रामायण (d) महाभारत
**RPF Const. 22/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (d)
- **ऋषि वेदव्यास द्वारा महाभारत ( महाकाव्य ) लिखा गया था।**
- रामायण - महर्षि वाल्मीकि
- शिलप्पदिकारम - इलांगो आदिगल
- जीवक चिन्तामणि - तिरुतक्कदेवर

**45.** पाणिनि द्वारा लिखित अष्टाध्यायी पुस्तक का विषय क्या है?
(a) ज्योतिष (b) विज्ञान
(c) व्याकरण (d) अंकगणित
**RPF Const. 22/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)
- पाणिनी द्वारा लिखित अष्टाध्यायी पुस्तक का **विषय-व्याकरण** है।
- महर्षि पाणिनी संस्कृत भाषा के प्रसिद्ध वैयाकरण थे। इनकी प्रसिद्ध पुस्तक अष्टाध्यायी में आठ अध्याय है।

**46.** राष्ट्रकूट राजवंश का संस्थापक कौन था?
(a) पुलकेशिन (b) दंतिदुर्ग
(c) शतकर्णी (d) अमोघवर्ष
**RPF Const. 22/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)
- **राष्ट्रकूट राजवंश का संस्थापक दंतिदुर्ग था।**
- दंतिदुर्ग को दंतिदुर्ग प्रथम भी कहा जाता था।
- राष्ट्रकूट राजवंश का शासनकाल छठीं से तेरहवीं शताब्दी तक था।
- राष्ट्रकूट राजवंश ने भारत के उत्तरी, दक्षिणी तथा मध्य भाग पर शासन किया था।

**47.** चंद्रगुप्त मौर्य का उत्तराधिकारी कौन था?
(a) दशरथ (b) बिन्दुसार
(c) चाणक्य (d) अशोक
**RPF Const. 22/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)
- **चंद्रगुप्त मौर्य का उत्तराधिकारी बिन्दुसार था।**
- चंद्रगुप्त मौर्य ने मौर्य साम्राज्य की स्थापना की थी।
- चंद्रगुप्त मौर्य के पुत्र का नाम बिन्दुसार था।
- बिन्दुसार के पुत्र का नाम अशोक था।
- बिन्दुसार ने लगभग 27 वर्षों तक शासन किया था।
- बिन्दुसार को अमित्रघात के नाम से भी जाना जाता है।

**48.** सारनाथ में 'सिंहचतुर्भुज स्तंभशीर्ष' किसके द्वारा बनवाया गया?

(a) अकबर (b) चन्द्रगुप्त मौर्य
(c) सम्राट अशोक (d) समुद्रगुप्त

RPF Const. 02/01/2019 Shift-2

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- सारनाथ में **'सिंह चतुर्भुज स्तंभशीर्ष'** सम्राट अशोक द्वारा बनवाया गया था।
- इस **'सिंहं चतुर्भुज स्तंभशीर्ष'** को ही भारतीय संविधान द्वारा भारत के राष्ट्रीय चिह्न के रूप में अपनाया गया है।
- **'सिंहं चतुर्भुज स्तंभशीर्ष'** का निर्माण लगभग वर्ष 250 ई.पू. हुआ था।

**49.** कनिष्क किस वंश के महान राजा थे?
(a) चोल (b) चेर
(c) कुषाण (d) चालुक्य

RPF SI, 05/01/2019 Shift-2

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- **कनिष्क कुषाण वंश के महान राजा थे।**
- कुषाण वंश का संस्थापक कुजल कडफिसेस था।
- कुषाण वंश के शासक कनिष्क के काल में गांधार कला का विकास सर्वाधिक हुआ था।

**50.** हड़प्पा सभ्यता के कस्बों को ............. पैटर्न में रखा गया था।
(a) सर्कुलर ग्रिड (b) रेक्टेंगुलर ग्रिड
(c) स्क्वायर ग्रिड (d) रेडियल ग्रिड

RPF SI, 05/01/2019 Shift-1

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- **हड़प्पा सभ्यता के कस्बों को रेक्टेंगुलर ग्रिड पैटर्न में रखा गया था।**
- हड़प्पा सभ्यता को सिंधु घाटी सभ्यता के नाम से भी जाना जाता है।
- हड़प्पा सभ्यता अपने नगर नियोजन के लिए बहुत प्रसिद्ध थी।
- हड़प्पा सभ्यता के अन्तर्गत ग्रिड पैटर्न में शहरों/कस्बों की सड़कें एक-दूसरे को समकोण पर काटती थी।

**51.** 'महायान' शब्द किस धर्म से संबंधित है।
(a) जैन धर्म (b) बौद्ध धर्म
(c) शैव धर्म (d) सिख धर्म

RPF SI, 05/01/2019 Shift-1

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- **'महायान' शब्द बौद्ध धर्म से संबंधित है।**
- बौद्ध धर्म की दो शाखायें थी।
  **हीनयान सम्प्रदाय**–(बौद्ध धर्म का प्राचीन रूप)
- हीनयान सम्प्रदाय के लोग कर्म और धर्म में विश्वास करते थे।
  **महायान सम्प्रदाय**–(बौद्ध धर्म का नवीन रूप)
- महायान सम्प्रदाय के लोग परोपकार में विश्वास करते थे।
- **चतुर्थ बौद्ध संगीति** में बौद्ध धर्म दो शाखाओं में विभाजित हो गया था।

**52.** लोथल नामक प्राचीन हड़प्पा शहर किस राज्य में स्थित है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) पंजाब
(c) गुजरात (d) राजस्थान

RPF SI, 05/01/2019 Shift-1

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- हड़प्पा का प्राचीन शहर लोथल भारत के **गुजरात** राज्य में स्थित है।
- लोथल को हड़प्पा सभ्यता का **डॉक-यार्ड (जहाजों की गोदी)** भी कहा जाता है।

**53.** बौद्ध धर्म की नींव कितनी महान सच्चाइयों एवं कितने अंगीय पथ पर आधारित हैं।
(a) छः, चार (b) दो, आठ
(c) आठ, छः (d) चार, आठ

RRB Group-D 08/10/2018 Shift-2

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- बौद्ध धर्म की नींव **चार महान सच्चाइयों** एवं **आठ अंगीय पथ** पर आधारित है।
- चार महान सच्चाइयों को भगवान बुद्ध के **'चार आर्य सत्य'** तथा आठ अंगीय पथ को भगवान बुद्ध के **'अष्टांगिक मार्ग'** के रूप में भी जाना जाता है।
- **भगवान बुद्ध के चार आर्य सत्य निम्नलिखित है–**
  (दुःख, दुःख का कारण, दुःख के कारण का निवारण, दुःख निवारण का मार्ग)
- **भगवान बुद्ध के अष्टांगिक मार्ग निम्नलिखित है–**
  (सम्यक् दृष्टिकोण, सम्यक् संकल्प, सम्यक् वचन, सम्यक् कर्म, सम्यक् आजीविका, सम्यक् प्रयास, सम्यक् स्मृति, सम्यक् समाधि)

**54.** गौतम बुद्ध ने अपने 'उपदेशों' में जन साधारण की किस भाषा का प्रयोग किया।
(a) मगधी (b) संस्कृत
(c) प्राकृत (d) पालि

RRB Group-D 11/10/2018 Shift-3

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- गौतम बुद्ध ने अपने **'उपदेशों'** में जनसाधारण की भाषा **'पालि'** का प्रयोग किया था।
- पालि भाषा का उद्भव छठीं शताब्दी में हुआ था। पालि प्राचीन भारत की एक भाषा है।

**55.** त्रिपिटक पवित्र धर्मग्रंथ कौन-से धर्म से संबंधित है?
(a) हिंदू धर्म (b) पारसी धर्म

(c) जैन धर्म (d) बौद्ध धर्म

**RRB Group-D 20/09/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❒ त्रिपिटक पवित्र धर्मग्रंथ **बौद्ध धर्म** से संबंधित है। त्रिपिटक की भाषा **पालि** है। बौद्ध धर्म का उद्‌भव छठीं ई.पू. माना जाता है।

**56.** उस बौद्ध ग्रन्थ का नाम बताइए, जिनमें भिक्षुओं के लिए नियमों का उल्लेख वर्णित है।

(a) त्रिपिटक (b) विनयपिटक
(c) अभिधम्मपिटक (d) सुत्तपिटक

**RRB NTPC 08/01/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

❒ बौद्ध धर्म के पवित्र ग्रन्थ **त्रिपिटक** के भाग **विनयपिटक** में भिक्षुओं के लिए नियमों का उल्लेख वर्णित है।

**57.** बोधिसत्व की अवधारणा इनमें से किससे संबंधित है?

(a) जैन धर्म (b) हीनयान बौद्ध धर्म
(c) सिख धर्म (d) महायान बौद्ध धर्म

**RRB NTPC 01/04/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❒ बोधिसत्व की अवधारणा **महायान बौद्ध धर्म** से संबंधित है।

❒ बोधिसत्व से आशय है– **'दस पारमिताओं का पूर्ण रूप से पालन करने वाला।'** हीनयान तथा महायान बौद्ध धर्म की दो शाखायें थीं।

**58.** निम्नलिखित में से अनुसरण किए जाने वाले धर्म एवं पवित्र पुस्तिका की कौन-सी जोड़ी असंगत है?

(a) इस्लाम : कुरान
(b) सिख धर्म : गुरू ग्रंथ साहिब
(c) जैन धर्म : उपनिषद्
(d) ईसाई धर्म : बाइबिल

**RRB NTPC 26/04/2016 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

❒ **उपनिषद् का सम्बन्ध हिन्दू धर्म से है।**

❒ इस्लाम धर्म का पवित्र ग्रन्थ **कुरान** है।

❒ सिख धर्म का पवित्र ग्रन्थ **गुरू ग्रन्थ साहिब** है।

❒ ईसाई धर्म का पवित्र ग्रन्थ **बाइबिल** है।

❒ जैन धर्म का पवित्र ग्रन्थ **आगम साहित्य** है।

**59.** विश्व प्रसिद्ध गोमतेश्वर की प्रतिमा निम्न में से किस राज्य में स्थित है?

(a) कर्नाटक (b) गुजरात
(c) पंजाब (d) पश्चिम बंगाल

**RPF SI, 13/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

❒ विश्व प्रसिद्ध गोमतेश्वर की प्रतिमा **कर्नाटक** राज्य में स्थित है।

❒ कर्नाटक राज्य के श्रवणबेलगोला में स्थित गोमतेश्वर की प्रतिमा ग्रेनाइट से निर्मित है।

❒ गोमतेश्वर की प्रतिमा का निर्माण नौवीं शताब्दी में हुआ था।

❒ गोमतेश्वर की प्रतिमा जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर **ऋषभदेव** के पुत्र **बाहुबली** को समर्पित है।

**60.** विक्रमशिला विश्वविद्यालय कहाँ स्थित था?

(a) महाराष्ट्र (b) दिल्ली
(c) गुजरात (d) बिहार

**RPF SI, 13/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❒ **विक्रमशिला विश्वविद्यालय बिहार राज्य में स्थित था।**

❒ विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना गोपाल वंश के शासक धर्मपाल ने की थी।

❒ विक्रमशिला विश्वविद्यालय भारत का एक महत्वपूर्ण शिक्षा-केन्द्र था।

❒ विक्रमशिला विश्वविद्यालय बिहार राज्य के भागलपुर जनपद में स्थित है।

❒ बारहवीं शताब्दी के अन्त में मुस्लिम आक्रमणकारी बख्तियार खिलजी द्वारा विक्रमशिला विश्वविद्यालय को नष्ट कर दिया गया था।

**61.** अमरावती वास्तुकला को सर्वप्रथम किन शासकों द्वारा संरक्षण प्राप्त हुआ?

(a) मौर्य राजवंश (b) सातवाहन राजवंश
(c) नंद राजवंश (d) वकाटक राजवंश

**RPF SI, 13/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

❒ अमरावती वास्तुकला को सर्वप्रथम सातवाहन राजवंश द्वारा संरक्षण प्राप्त हुआ था। सातवाहन राजवंश दक्षिण भारत का एक प्रमुख राजवंश था।

❒ अमरावती वास्तुकला को सातवाहन राजवंश के पश्चात् इक्ष्वाकुओं का संरक्षण प्राप्त हुआ था।

**62.** गौतम बुद्ध का पुत्र निम्नलिखित में से कौन था?

(a) उपगुप्त (b) उपालि
(c) राहुल (d) आनंदा

**RPF Const. 19/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

❒ गौतम बुद्ध के पुत्र का नाम **राहुल** था।

❒ **उपालि** – ये गौतम बुद्ध के शिष्य थे।

❒ **आनंदा** – ये गौतम बुद्ध के चचेरे भाई तथा उनके शिष्य थे।

❒ **उपगुप्त** – ये सम्राट अशोक के गुरु थे।

**63.** निम्नलिखित यज्ञ में से कौन-सा घोड़े के बलिदान से संबंधित है?

(a) वाजपेय यज्ञ (b) अग्निष्टोम यज्ञ
(c) अश्वमेध यज्ञ (d) राजसूय यज्ञ

RPF Const. 19/01/2019 Shift-2

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- **अश्वमेध यज्ञ** घोड़े के बलिदान से संबंधित है।
- अश्वमेध यज्ञ का प्राचीन काल के वैदिक यज्ञों में प्रमुख स्थान है। अश्वमेध शब्द में अश्व शब्द का अर्थ-**घोड़ा** तथा मेघ शब्द का अर्थ-**बलि** है।

**64.** दिगंबर और श्वेतांबर पद का सम्बन्ध किस धर्म से हैं?
(a) बौद्ध धर्म (b) जैन धर्म
(c) ईसाई धर्म (d) इस्लाम धर्म

RPF Const. 19/01/2019 Shift-2

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- **दिगंबर और श्वेतांबर पद का सम्बन्ध जैन धर्म से है।**
- जैन धर्म को श्वेतांबर और दिगंबर दो समुदायों में बाँटा गया है।
- श्वेतांबर समुदाय के साधु श्वेत वस्त्र और दिगंबर समुदाय के साधु नग्न अवस्था में रहते है।
- जैन धर्म में स्थूलभद्र के शिष्य श्वेतांबर और भद्रबाहु के शिष्य दिगंबर कहे गए।

**65.** निम्नलिखित में से कौन-सा दर्शन तार्किक सोच की तकनीक में विश्वास करता है?
(a) सांख्य दर्शन (b) न्याय दर्शन
(c) योग दर्शन (d) वेदान्त दर्शन

RPF Const. 19/01/2019 Shift-2

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- **न्याय दर्शन** तार्किक सोच की तकनीक में विश्वास करता है।
- न्याय दर्शन, **छः वैदिक दर्शनों** में से एक है।
- न्याय दर्शन का प्राचीन तथा प्रसिद्ध ग्रन्थ न्यायसूत्र है।

**छ : वैदिक दर्शन निम्नलिखित है-**

- सांख्य दर्शन – कपिल मुनि
- योग दर्शन – महर्षि पतंजलि
- न्याय दर्शन – महर्षि गौतम
- वैशेषिक दर्शन – उलूक कणाद
- मीमांसा दर्शन (पूर्व मीमांसा) – जैमिनी
- वेदान्त दर्शन (उत्तर मीमांसा) – बादरायण

**66.** चीनी यात्री ह्वेनसांग समकालीन थे।
(a) चन्द्रगुप्त द्वितीय के (b) रुक्मादेवी के
(c) हर्षवर्धन के (d) बिन्दुसार के

RPF SI, 13/01/2019, Shift-2

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- **चीनी यात्री ह्वेनसांग हर्षवर्धन के समकालीन थे।**
- ह्वेनसांग ने अपनी भारत यात्रा का वर्णन अपनी पुस्तक सी-यू-की में किया है।
- ह्वेनसांग को यात्रियों के राजकुमार के नाम से भी जाना जाता है।

**67.** सित्तानवासन की गुफाएं किस धर्म से सम्बंधित हैं?
(a) वैष्णव धर्म (b) शैव धर्म
(c) बौद्ध धर्म (d) जैन धर्म

RPF SI, 12/01/2019 Shift-3

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- सित्तानवासन की गुफाएं **जैन धर्म** से सम्बंधित है।
- सित्तानवासन की गुफाएं तमिलनाडु राज्य के पुदुकोट्टई जिले में स्थित है।
- सित्तानवासन की गुफाओं को अरिवर कोइल भी कहा जाता है।
- सित्तानवासन की गुफाओं का निर्माण द्वितीय शताब्दी में हुआ था।

**68.** तृतीय बौद्ध परिषद् का आयोजन किसके द्वारा कराया गया था?
(a) चंद्रगुप्त (b) हर्षवर्धन
(c) अशोक (d) कनिष्क

RRB NTPC 03/02/2021 Shift-2

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- तृतीय बौद्ध परिषद् का आयोजन **अशोक** द्वारा कराया गया था।
- तृतीय बौद्ध परिषद् **पाटलिपुत्र** में अशोक के संरक्षण में आयोजित हुई थी।
- तृतीय बौद्ध परिषद् का आयोजन वर्ष लगभग 250 ई.पू. में **मोग्गलिपुत्ततिस्स** की अध्यक्षता में हुआ था।
- प्रथम बौद्ध परिषद् का आयोजन वर्ष 483 ई.पू. में **अजातशत्रु** के संरक्षण में तथा **महाकश्यप** की अध्यक्षता में **राजगृह** में आयोजित हुई थी।
- द्वितीय बौद्ध परिषद् का आयोजन वर्ष 383 ई.पू. में **कालाशोक** के संरक्षण में तथा **सबकामी** की अध्यक्षता में **वैशाली** में आयोजित हुई थी।
- चतुर्थ बौद्ध परिषद् का आयोजन वर्ष 72 ई.पू. में **कनिष्क** के संरक्षण में तथा **वसुमित्र** की अध्यक्षता में **कुण्डलवन (कश्मीर)** में आयोजित हुई थी।

**69.** बौद्ध धर्म से संबंधित प्रख्यात भवन संरचना धामेक स्तूप का निर्माण मूलत: किस वंश के शासनकाल के दौरान कराया गया था।
(a) नंद वंश (b) शुंग वंश
(c) कण्व वंश (d) मौर्य वंश

RRB NTPC 11/03/2021 Shift-2

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- बौद्ध धर्म से संबंधित प्रख्यात भवन संरचना धामेक स्तूप का निर्माण मूलतः **मौर्य वंश** के शासनकाल के दौरान कराया गया था।
- धामेक स्तूप उत्तर प्रदेश राज्य के सारनाथ (वाराणसी) में स्थित है।
- धामेक स्तूप के बारे में यह माना जाता है कि गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश इसी स्थान पर दिया था।
- धामेक स्तूप को **'सीट ऑफ द होली बुद्ध'** के नाम से भी जाना जाता है।

**70.** ऐतिहासिक ग्रांड ट्रंक रोड का निर्माण कई शासकों द्वारा कराया गया था। मौर्य वंश के शासन काल के दौरान इसे क्या कहा जाता था?
(a) उत्तरापथ (b) पूर्वीपथ
(c) बादशाही सड़क (d) राजपथ

**RRB NTPC 11/03/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- ऐतिहासिक ग्रांड ट्रंक रोड का निर्माण कई शासकों द्वारा कराया गया था। मौर्य वंश के शासन काल के दौरान इसे **उत्तरापथ** कहा जाता था। 16वीं शताब्दी में ग्रांड ट्रंक रोड के पुनः निर्माण का श्रेय शेरशाह सूरी को जाता है। ग्रांड ट्रंक रोड का अन्य नाम सड़क-ए-आजम भी था।

**71.** किसने धर्म विजया-'धार्मिकता द्वारा विजय' की नीति विकसित की।
(a) बिंदुसार (b) महेंद्र
(c) अशोक (d) बिम्बिसार

**RRB Group-D 04/12/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- **अशोक ने धर्म विजया-'धार्मिकता द्वारा विजय' की नीति विकसित की।**
- अशोक मौर्य वंश का सम्राट था। अशोक का जन्म वर्ष 304 ई.पू. पाटलिपुत्र में हुआ था। अशोक वर्ष 269 ई. पू. में मगध के सिहांसन पर बैठा था। अशोक की मृत्यु वर्ष 232 ई.पू. में हुई थी।
- अशोक को **देवनामप्रियदर्शी** के नाम से भी जाना जाता है।

**72.** प्रसिद्ध कलिंग युद्ध ने सम्राट अशोक को युद्ध छोड़ने और बौद्ध धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया था, यह युद्ध उड़ीसा में कब लड़ा गया था।
(a) 261 ई.पू. (b) 262 ई.पू.
(c) 260 ई.पू. (d) 264 ई.पू.

**RRB Group-D 23/10/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- प्रसिद्ध कलिंग युद्ध ने सम्राट अशोक को युद्ध छोड़ने और बौद्ध धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया था, यह युद्ध ओडिशा मे वर्ष **261 ई.पू.** लड़ा गया था।
- सम्राट अशोक ने युद्ध छोड़ने तथा बौद्ध धर्म अपनाने का फैसला कलिंग युद्ध मे हुए भयंकर नरसंहार को देखते लिया था। कलिंग युद्ध सम्राट अशोक और कलिंग के राजा अनंत पद्मनाभन के मध्य हुआ था। इस युद्ध में सम्राट अशोक विजय हुआ जिसका उल्लेख सम्राट अशोक के तेरहवें शिलालेख में वर्णित है।

**73.** सम्राट अशोक ने पत्थर के स्तंभों और पत्थर के तख्तों पर अपने कितने आदेश उत्कीर्ण करवाकर अपने राज्य के प्रमुख स्थानों पर स्थापित किया ताकि लोग तद्नुसार आचरण कर सकें।
(a) 8 (b) 10
(c) 14 (d) 16

**RRB Group-D 26/10/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- सम्राट अशोक ने पत्थर के स्तंभों और पत्थर के तख्तों पर अपने **14** आदेश उत्कीर्ण करवाकर अपने राज्य के प्रमुख स्थानों पर स्थापित किया ताकि लोग तद्नुसार आचरण कर सकें।
- सम्राट अशोक के समय के इतिहास की जानकारी हमें इन्हीं **14** शिलालेखों के द्वारा प्राप्त होती है। सम्राट अशोक के शिलालेख सबसे पहले वर्ष **1837 ई.** में जेम्स प्रिंसेप ने पढ़े थे।

**74.** हर्यक वंश का संस्थापक कौन था?
(a) शिशुनाग (b) उदयिन
(c) बिम्बिसार (d) घनानंद

**RPF Const. 20/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- **हर्यक वंश का संस्थापक बिम्बिसार था।**
- हर्यक वंश के संस्थापक बिम्बिसार को श्रेणिक के नाम से भी जाना जाता था।
- हर्यक वंश की स्थापना 544 ई.पू. हुई थी।
- हर्यक वंश की राजधानी गिरिव्रज (राजगृह) थी।

**75.** निम्नलिखित में से कौन-सा साम्राज्य सबसे लंबी अवधि तक रहा?
(a) प्रतिहार (b) पाल
(c) सेन (d) राष्ट्रकूट

**RPF Const. 31/03/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- उपरोक्त में **पाल साम्राज्य** सबसे लंबी अवधि तक रहा।
- प्रतिहार साम्राज्य का शासनकाल-**अवधि 8वीं से 11वीं शताब्दी तक।**
- पाल साम्राज्य का शासनकाल-**अवधि (750–1174) ई.**
- सेन साम्राज्य का शासनकाल-**अवधि (1070–1230) ई.**

❒ राष्ट्रकूट साम्राज्य का शासनकाल-**अवधि (735–982) ई.**

**76.** सातवाहनों द्वारा उपयोग किया जाने वाला ताँबा और चाँदी का मिश्रण क्या कहलाता है?

(a) टंका (b) जीतल

(c) पोटीन (d) निष्क

**RPF SI, 12/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

❒ सातवाहनों द्वारा उपयोग किया जाने वाला तांबा और चांदी का मिश्रण **पोटीन** कहलाता है। सातवाहन राजवंश के राजाओं द्वारा कांसे, ताँबे, चाँदी, पोटीन तथा अन्य सिक्कों को अपने शासनकाल में प्रचलित किया गया था।

**77.** अशोक ने धम्म के प्रचार के लिए किस नए पद का निर्माण किया?

(a) समाहर्ता (b) राजुकास

(c) बोधिसत्व (d) धम्म महामात्र

**RPF SI, 12/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❒ अशोक ने धम्म के प्रचार के लिए नए पद **धम्म महामात्र** का निर्माण किया था। प्राचीन भारत में राज्य की शासन व्यवस्था के अंतर्गत 'धम्म महामात्र' नामक राज्य कर्मचारियों की नियुक्ति होती थी। 'धम्म महामात्र' का कार्य राज्य में धर्मानुशासन का निर्माण करने से था।

**78.** कौटिल्य का अर्थशास्त्र हमें किस वंश के प्रशासन के बारे में जानकारी देता है।

(a) गुप्त वंश (b) मौर्य वंश

(c) प्रतिहार वंश (d) राष्ट्रकूट वंश

**RRB Group-D 28/09/2018 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

❒ कौटिल्य का अर्थशास्त्र हमें **मौर्य वंश** के प्रशासन के बारे में जानकारी देता है।

❒ अर्थशास्त्र पुस्तक में मौर्यकालीन राजनीति, सामाजिक व्यवस्था आदि विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई है।

**79.** अशोक के शासनकाल की सबसे महत्वपूर्ण घटना कलिंग, आधुनिक युग में किस पर विजय थी, जो उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण परिवर्तन सिद्ध हुआ।

(a) असम (b) झारखंड

(c) बिहार (d) ओडिशा

**RRB Group-D 04/12/2018 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❒ अशोक के शासनकाल की सबसे महत्वपूर्ण घटना कलिंग, आधुनिक युग में **ओडिशा** पर विजय थी, जो उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण परिवर्तन सिद्ध हुआ।

**80.** किस मूल भारतीय राजवंश ने अपने शासकों के चित्र वाले सिक्के जारी किए थे?

(a) पेशवा (b) राष्ट्रकूट

(c) सातवाहन (d) पांड्य

**RRB NTPC 08/02/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

❒ भारतीय राजवंश **'सातवाहन'** ने अपने शासकों के चित्र वाले सिक्के जारी किए थे।

❒ सातवाहन वंश प्राचीन भारत का एक प्रमुख राजवंश था। सातवाहन वंश की राजधानी **प्रतिष्ठान** थी।

❒ सातवाहन वंश के संस्थापक **सिमुक** थे।

❒ सातवाहन वंश के शासकों ने ताँबे, चाँदी, सीसे, काँसे तथा पोटीन के सिक्के जारी किए थे।

❒ सातवाहन वंश में राजभाषा के रूप में **प्राकृत भाषा** का प्रयोग होता था।

❒ सातवाहन वंश के बारे में जानकारी **मत्स्य पुराण** से मिलती है।

❒ सातवाहन वंश के शासकों ने मुख्यत: दक्षिण भारत के हिस्से पर शासन किया था।

**81.** उस महान व्यक्ति का नाम बताएँ, जिसने भारत में बीजगणित के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान किया?

(a) चरक (b) ब्रह्मगुप्त

(c) वराहमिहिर (d) आर्यभट्ट

**RRB NTPC 07/04/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❒ **आर्यभट्ट ने भारत में बीजगणित के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।**

❒ आर्यभट्ट का जन्म वर्ष 476 ई. में **पाटलिपुत्र (वर्तमान पटना)** में हुआ था।

❒ आर्यभट्ट का भारत के महान गणितज्ञों में महत्वपूर्ण स्थान है।

❒ आर्यभट्ट ने दो प्रमुख पुस्तकें (**आर्यभट्टीय और आर्यभट्ट सिद्धांत**) की रचना की थी।

**82.** नटराज की प्रसिद्ध कांस्य प्रतिमा निम्नलिखित साम्राज्यों में से किससे संबंधित है?

(a) चेर (b) चोल

(c) पांड्य (d) पल्लव

**RPF Const. 20/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

❒ नटराज की प्रसिद्ध कांस्य प्रतिमा **चोल साम्राज्य** से सम्बन्धित है।

❒ नटराज की प्रसिद्ध कांस्य प्रतिमा में भगवान शिव को नृत्य करते हुये दिखाया गया है।

❒ नटराज की प्रसिद्ध कांस्य प्रतिमा तमिलनाडु राज्य के चिदम्बरम में स्थित है।

**83.** निम्नलिखित में से कौन-सा तमिल साहित्य का महाकाव्य है?
(a) शिलप्पदिकारम (b) नालादियार
(c) तोल्काप्पियम् (d) एट्टुथोगई
**RPF Const. 18/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)
- **तमिल साहित्य का महाकाव्य शिलप्पदिकारम है।**
- शिलप्पदिकारम महाकाव्य की रचना चोल वंश के शासनकाल में हुई थी। शिलप्पदिकारम महाकाव्य तीन भागों में विभक्त है। शिलप्पदिकारम महाकाव्य के लेखक इलांगो आदिगल थे।

**84.** हड़प्पा वासियों द्वारा निम्नलिखित में से किस भवन निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया था?
(a) चिकनी मिट्टी (b) लाल बलुआ पत्थर
(c) तप्त मिट्टी की ईंटें (d) धूप में सुखाई ईंटें
**RPF Const. 18/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)
- हड़प्पा वासियों द्वारा भवन निर्माण सामग्री के लिए **तप्त मिट्टी की ईंटों** का उपयोग किया गया था।
- हड़प्पा सिन्धु घाटी सभ्यता का एक शहर है। वर्तमान में हड़प्पा शहर पाकिस्तान देश के पंजाब राज्य के मांटगोमरी जिल में स्थित है।

**85.** निम्न में से किसे औषधि का देवता कहा जाता है?
(a) आर्यभट्ट (b) पतंजलि
(c) पाणिनि (d) धन्वन्तरी
**RPF SI, 11/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (d)
- **धन्वन्तरि को औषधि का देवता कहा जाता है।**
- धन्वन्तरि आयुर्वेद के प्रणेता थे।
- धन्वन्तरि **चंद्रगुप्त द्वितीय/विक्रमादित्य** के दरबार में उनके नवरत्नों में से एक थे। धन्वन्तरि **चंद्रगुप्त द्वितीय/विक्रमादित्य** के दरबार में आयुर्वेद के चिकित्सक थे।
- धन्वन्तरि की प्रमुख पुस्तकों में **'रोग निदान'** तथा **'वैद्य चिंतामणि'** है।

**86.** विजयालय, जो चोल वंश का संस्थापक था, वह पहले सामंत था।
(a) कादम्बरों का (b) पांड्यों का
(c) पल्लवों का (d) राष्ट्रकूटों का
**RPF SI, 11/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)
- विजयालय, जो चोल वंश का संस्थापक था, वह पहले **पल्लवों का** सामंत था।
- नौवीं शताब्दी के दौरान चोल वंश पल्लवों के ध्वंसावशेषों पर स्थापित हुआ था।

**87.** रावण द्वारा कैलाश पर्वत को हिलाते हुए चित्रित प्रतिमा कहाँ पाई गयी है?
(a) जूनागढ़ गुफाओं में (b) एलोरा गुफाओं में
(c) अजंता गुफाओं में (d) बराबर गुफाओं में
**RPF SI, 19/12/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)
- रावण द्वारा कैलाश पर्वत को हिलाते हुए चित्रित प्रतिमा **एलोरा गुफाओं में** पाई गयी है।
- एलोरा की गुफाएं महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद जिले में स्थित है।
- जूनागढ़ की बौद्ध गुफाएं जूनागढ़ (गुजरात) में स्थित है।
- अजंता की बौद्ध गुफाएं औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में स्थित है।
- बराबर की गुफाएं जहानाबाद (बिहार) में स्थित है।

**88.** हाथीगुम्फा शिलालेख किसके द्वारा उत्कीर्ण कराया गया था?
(a) बिम्बिसार (b) अशोक
(c) खारवेल (d) हर्ष
**RPF SI, 19/12/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)
- हाथी गुम्फा अभिलेख **खारवेल** द्वारा उत्तीर्ण कराया गया था।
- खारवेल कलिंग के शासक थे।
- हाथीगुम्फा अभिलेख प्राकृत भाषा में उत्कीर्ण है।

**89.** होयसल साम्राज्य की राजधानी कौन-सी थी?
(a) देवगिरि (b) द्वारसमुद्र
(c) मैसूर (d) कल्याणी
**RRB NTPC 10/02/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)
- होयसल साम्राज्य की राजधानी **द्वारसमुद्र** थी।
- होयसल साम्राज्य के संस्थापक **नृपकाम द्वितीय** थे।
- होयसल दक्षिण भारत का एक प्रमुख राजवंश था, जिसने 10वीं से 14वीं शताब्दी तक राज किया था।

**90.** पुलकेशिन द्वितीय किस राजवंश का सर्वाधिक प्रख्यात शासक था?
(a) चालुक्य (b) काकतीय
(c) पांड्य (d) होयसल
**RRB NTPC 06/04/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)
- पुलकेशिन द्वितीय **चालुक्य राजवंश** का सर्वाधिक प्रख्यात शासक था।
- चालुक्य राजवंश की राजधानी **बादामी** थी।
- पुलकेशिन द्वितीय ने तत्कालीन कन्नौज के राजा हर्ष को युद्ध में पराजित किया था।
- चालुक्य राजवंश ने छठीं से बारहवीं शताब्दी के दौरान दक्षिणी भारत के एक बड़े क्षेत्र पर शासन किया था।

- ❒ चालुक्य राजवंश की भारत में कई शाखाएं थीं।
- ❒ पुलकेशिन द्वितीय चालुक्य राजवंश की शाखा वातापी (बादामी) से सम्बन्धित थे।
- ❒ पुलकेशिन द्वितीय के शासन में चालुक्य राजवंश सर्वाधिक शक्तिशाली था।
- ❒ चालुक्य राजवंश का प्रारम्भिक इतिहास तथा पुलकेशिन द्वितीय के बारे में जानकारी ऐहोल अभिलेख से प्राप्त होती है।

**91.** कौन-से चोल राजा ने मालदीव के द्वीपों पर दरियाई विजय पाई थी?

(a) करीकाला (b) राजाराज
(c) महेन्द्र (d) विक्रम

**RRB NTPC 07/04/2016 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)

- ❒ चोल राजा **'राजाराज'** ने मालदीव के द्वीपों पर दरियाई विजय पाई थी।
- ❒ चोल राजा 'राजाराज' ने अनेक नौसेना के अभियानों का संचालन किया था। अपने एक नौसेना के अभियान के तहत इन्होंने भारत के दक्षिणी भाग तथा मालदीव को विजित कर लिया था।
- ❒ मालदीव पर विजय चोल राजा 'राजाराज' की अंतिम विजय थी।

**92.** कौन-सा साम्राज्य सातवीं और आठवीं सदी में बहुत शक्तिशाली हो गया और कांचीपुरम उसकी राजधानी थी।

(a) पल्लव (b) प्रतिहार
(c) पाल (d) चोल

**RRB Group-D 26/10/2018 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)

- ❒ सातवीं और आठवीं शताब्दी में **पल्लव साम्राज्य** बहुत शक्तिशाली हो गया और **कांचीपुरम** उसकी राजधानी थी।
- ❒ पल्लवों ने तीसरी शताब्दी से नौवीं शताब्दी तक दक्षिण भारत पर राज किया था। पल्लवों के अन्त के बाद, दक्षिण भारत में चोलों का उदय हुआ था।
- ❒ पल्लवों का अंतिम शासक अपराजितवर्मन था।

**93.** किस वंश ने मदुरै के आस-पास के क्षेत्र पर शासन किया और तेरहवीं शताब्दी में सर्वोच्चता प्राप्त की।

(a) राजपूत (b) चोल
(c) चेर (d) पांड्या

**RRB Group-D 24/10/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (d)

- ❒ **पांड्या वंश** ने मदुरै के आस-पास के क्षेत्र पर शासन किया और तेरहवीं शताब्दी में सर्वोच्चता प्राप्त की।
- ❒ **मदुरै,** पांड्या वंश की राजधानी थी।
- ❒ वर्तमान में मदुरै भारत के तमिलनाडु राज्य में स्थित है।
- ❒ पांड्या राजवंश दक्षिण भारत के प्रमुख राजवंशों में एक था। पांड्या राजवंश ने भारत में छठीं शताब्दी से तेरहवीं शताब्दी तक शासन किया था।

**94.** किस वर्ष में हाइडेस्पेस की लड़ाई आयोजित की गई थी?

(a) 234 ई.पू. (b) 326 ई.पू.
(c) 423 ई.पू. (d) 167 ई.पू.

**RPF Const. 18/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)

- ❒ वर्ष **326 ई.पू.** हाइडेस्पेस की लड़ाई आयोजित की गई थी।
- ❒ हाइडेस्पेस की लड़ाई पोरस तथा सिकन्दर महान के मध्य हुई थी। इस लड़ाई को **'झेलम की लड़ाई'** के नाम से भी जाना जाता है।

**95.** दक्षिण भारतीय मंदिरों के प्रवेश द्वार को क्या कहा जाता है?

(a) गोपुरम् (b) घर
(c) विमान (d) अंतरिक्ष

**RPF Const. 17/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)

- ❒ दक्षिण भारतीय मंदिरों के प्रवेश द्वार को **गोपुरम्** कहा जाता है। इस प्रकार के द्वार मुख्यत: दक्षिण भारत के मंदिरों का प्रतिनिधित्व करते है।
- ❒ दक्षिण भारत के मंदिर मुख्यत: द्रविड़ शैली में निर्मित है। दक्षिण भारत के मंदिरों के प्रवेश द्वार के रूप में गोपुरम् का निर्माण सर्वप्रथम पल्लव शासकों ने किया था ।

**96.** सत्यमेव जयते शब्द किस उपनिषद् में वर्णित है?

(a) मुंडकोपनिषद् (b) छान्दोग्योपनिषद्
(c) कठोपनिषद् (d) जाबलोपनिषद्

**RPF Const. 17/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)

- ❒ **सत्यमेव जयते शब्द मुंडकोपनिषद् में वर्णित है।**
- ❒ **सत्यमेव जयते** हमारे देश का **राष्ट्रीय आदर्श वाक्य** है। सत्यमेव जयते हमारे देश के राष्ट्रीय प्रतीक के नीचे देवनागरी लिपि में अंकित है।
- ❒ सत्यमेव जयते को राष्ट्रीय आदर्श वाक्य के रूप में 26 जनवरी 1950 ई. को अपनाया गया था।
- ❒ सत्यमेव जयते का शाब्दिक अर्थ है- **'सत्य की जीत।'**

**97.** महाबलीपुरम में प्रसिद्ध समुद्र तट का निर्माण किसने किया था?

(a) नरसिंहवर्मन प्रथम (b) राजेंद्र चोल
(c) आदित्य कारिकाल (d) नरसिंहवर्मन द्वितीय

**RPF Const. 17/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (d)

- ❒ महाबलीपुरम में प्रसिद्ध समुद्र तट का निर्माण **नरसिंहवर्मन द्वितीय** ने किया था।

- नरसिंहवर्मन द्वितीय पल्लव वंश के शासक थे।
- नरसिंहवर्मन द्वितीय का शासनकाल लगभग वर्ष 695 से 720 ई. तक रहा।
- महाबलीपुरम के शोर मंदिर तथा कैलाशनाथ मंदिर का निर्माण भी नरसिंहवर्मन द्वितीय के द्वारा ही किया गया था।

**98.** वास्तुकला में, पंचायत शैली किस शब्द से संबंधित है?

(a) शहर (b) बांध
(c) कैसल (d) मंदिर

**RPF Const. 17/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- वास्तुकला में, **पंचायतन शैली** शब्द **मंदिर निर्माण** से सम्बन्धित है।
- पंचायतन शैली में एक केंद्रीय मंदिर, चार अन्य मंदिरों के द्वारा घिरा होता है।
- पंचायतन शैली में निर्मित प्रमुख मंदिरों में खजुराहो (मध्य प्रदेश) में स्थित कंडारिया महादेव मंदिर एंव लक्ष्मण मंदिर भुवनेश्वर (ओडिशा) में स्थित लिंगराज मंदिर तथा देवगढ़ (उत्तर प्रदेश) में स्थित दशावतार मंदिर आदि प्रमुख है।

**99.** दिल्ली स्थित जंतर-मंतर का निर्माण किस महाराजा ने करवाया था।

(a) जयपुर के जयसिंह प्रथम
(b) जयपुर के जयसिंह द्वितीय
(c) रामसिंह प्रथम
(d) बिशन सिंह

**RRB NTPC 06/04/2016 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- दिल्ली स्थित जंतर-मंतर का निर्माण जयपुर के **महाराजा जयसिंह द्वितीय** ने करवाया था।
- दिल्ली स्थित जंतर-मंतर का निर्माण वर्ष 1724 ई. में हुआ था।
- दिल्ली स्थित जंतर-मंतर एक खगोलीय वेधशाला है।
- दिल्ली के अतिरिक्त अन्य चार जंतर-मंतर **वाराणसी, जयपुर, मथुरा** और **उज्जैन** स्थान पर अवस्थित है।

**100.** निम्नलिखित में से किस राजा ने गंगैकोंडा चोलापुरम् मंदिर का निर्माण किया था?

(a) राजेन्द्र चोल प्रथम
(b) कुलोतुंग चोल तृतीय
(c) राजराज चोल तृतीय
(d) विक्रम चोल

**RRB NTPC 18/04/2016 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- **राजा राजेन्द्र चोल प्रथम** ने **गंगैकोंडा चोलापुरम्** मंदिर का निर्माण किया था।
- इस मंदिर का निर्माण वर्ष 1035 ई. में हुआ था।
- इसको गंगैकोंडा चोलापुरम् बृहदीश्वर मंदिर भी कहा जाता है।
- यह ऐतिहासिक मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।
- यह मंदिर भारत के तमिलनाडु राज्य के अरियलूर जिले में स्थित है।
- राजेन्द्र चोल प्रथम चोल वंश का सबसे महान शासक था।

**101.** श्रवणबेलगोला कहां पर स्थित है?

(a) ओडिशा (b) केरल
(c) तमिलनाडु (d) कर्नाटक

**RRB NTPC 30/03/2016 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- श्रवणबेलगोला **कर्नाटक** में स्थित है। यह कर्नाटक राज्य के हासन जिले में स्थित है।
- यह दो पहाड़ियों चंद्रगिरी तथा विंध्यगिरि पहाड़ियों के मध्य में स्थित एक प्रमुख स्थान है। गोमतेश्वर की प्रतिमा भी यही पर स्थित है।
- श्रवणबेलगोला जैन धर्म का एक प्रमुख तीर्थ स्थल है। प्राचीन स्रोतों से मिली जानकारी के अनुसार सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य ने अपने जीवन के अंतिम क्षण इसी स्थान पर व्यतीत किये थे।

**102.** गांधार कला एक बौद्ध दृश्य कला शैली, जिसका विकास प्रथम शताब्दी ई.पू. तथा चतुर्थ शताब्दी ई.पू. में व्यापक तौर पर किसके साम्राज्य में समृद्ध हुआ।

(a) कुषाण (b) गुप्त
(c) पल्लव (d) मौर्य

**RRB NTPC 17/01/2017 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- गांधार कला एक बौद्ध दृश्य कला शैली, जिसका विकास प्रथम शताब्दी ई.पू. तथा चतुर्थ शताब्दी ई.पू. में व्यापक तौर पर **कुषाण के साम्राज्य** में समृद्ध हुआ।
- कुषाण वंश का संस्थापक **कुजल कडफिसस** को माना जाता है। कुषाण वंश ने कला एवं साहित्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। कुषाण वंश के शासक कनिष्क के काल में गांधार कला का विकास सर्वाधिक हुआ था। गांधार कला, यूनानी कला से प्रभावित थी ।

**103.** कांचीपुरम् में कैलाशनाथ मन्दिर का निर्माण किसके शासनकाल में हुआ था?

(a) पांड्या (b) चोल
(c) पल्लव (d) चेर

**RRB NTPC 18/01/2017 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- कांचीपुरम् में कैलाशनाथ मन्दिर का निर्माण **पल्लवों के शासनकाल** में हुआ था।

- ❒ यह ऐतिहासिक मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।
- ❒ इस मंदिर का निर्माण 7वीं-8वीं शताब्दी के दौरान पल्लव शासक राजा नरसिंहवर्मन द्वितीय ने कराया था।
- ❒ इस मंदिर के अग्र भाग का निर्माण राजा नरसिंहवर्मन द्वितीय के पुत्र महेन्द्रवर्मन तृतीय ने कराया था।
- ❒ इस मंदिर का निर्माण द्रविड़ शैली में हुआ था।
- ❒ यह मंदिर तमिलनाडु राज्य के कांचीपुरम् जिले में स्थित है।

**104.** तमिलनाडु स्थित महाबलीपुरम् में इमारतों का समूह निर्मित किया गया?

(a) चोलों द्वारा (b) पांड्यो द्वारा
(c) चालुक्यों द्वारा (d) पल्लवों द्वारा

**RRB NTPC 18/01/2017 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- ❒ तमिलनाडु स्थित महाबलीपुरम् में इमारतों का समूह **पल्लवों द्वारा** निर्मित किया गया।
- ❒ महाबलीपुरम् में स्थित इमारतों का समूह यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में वर्ष 1984 ई. में शामिल किया गया था।
- ❒ यह भारत के तमिलनाडु राज्य के चेंगलपट्टू जिले में महाबलीपुरम् नामक स्थान पर स्थित है।

**105.** एलोरा के मंदिरों का निर्माण किसने करवाया था।

(a) चेर शासकों ने (b) पांड्य शासकों ने
(c) चोल शासकों ने (d) राष्ट्रकूट शासकों ने

**RRB Group-D 27/11/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- ❒ एलोरा के मंदिरों का निर्माण **राष्ट्रकूट शासकों** ने करवाया था।
- ❒ राष्ट्रकूट राजवंश के संस्थापक **दन्तिदुर्ग प्रथम** थे।
- ❒ राष्ट्रकूट राजवंश के राजा कृष्ण प्रथम ने एलोरा में स्थित चट्टान को काटकर कैलाश मंदिर का निर्माण किया था। कैलाश मंदिर का निर्माण द्रविड़ शैली में हुआ था।
- ❒ यह भारत के महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद जिले में स्थित है।
- ❒ एलोरा की गुफाओं को यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल सूची में वर्ष 1983 ई. में शामिल किया गया था।

**106.** अजंता और एलोरा की गुफाएं किस धर्म की सबसे पहली वास्तुकला, गुफा-चित्रकला एवं मूर्तिकला के उत्तम उदाहरणों में से हैं।

(a) बुद्ध (b) हिन्दू
(c) जैन (d) राजपूत

**RRB Group-D 23/10/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- ❒ अजंता और एलोरा की गुफाएं **बुद्ध धर्म** की सबसे पहली वास्तुकला, गुफा-चित्रकला एवं मूर्तिकला के उत्तम उदाहरणों में से हैं।
- ❒ अजंता और एलोरा की गुफाएं महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद जिले में स्थित है।
- ❒ अजंता और एलोरा की गुफाएं यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल सूची में वर्ष 1983 ई. में शामिल हुई थी।
- ❒ अजंता गुफा की चित्रकला भारत में बौद्ध धर्म के स्वर्ण युग को प्रदर्शित करती है।

**107.** 'हर्षचरित' राजा हर्षवर्धन की जीवनी, किसने लिखी थी?

(a) कालिदास (b) बीरबल
(c) बाणभट्ट (d) तुलसीदास

**RRB Group-D 26/11/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- ❒ **'हर्षचरित'** राजा हर्षवर्धन की जीवनी, **बाणभट्ट** ने लिखी थी।
- ❒ बाणभट्ट, हर्षचरित के दरबारी कवि थे।
- ❒ बाणभट्ट ने **'कादम्बरी'** नामक पुस्तक की भी रचना की थी।
- ❒ कालिदास, **चन्द्रगुप्त द्वितीय** के दरबारी कवि थे। कालिदास ने दो प्रमुख महाकाव्य **'कुमार संभवम्** तथा **रघुवंशम'** की रचना की थी।
- ❒ कालिदास की अन्य रचनाओं में दो प्रमुख खण्डकाव्य **'ऋतुसंहारम्** तथा **मेघदूतम्'** और तीन प्रमुख नाटक **'अभिज्ञान शाकुन्तलम्, मालविकाग्निमित्रम्** तथा **विक्रमोर्वशीयम्'** है।
- ❒ बीरबल, अकबर के नवरत्नों में से एक थे।
- ❒ तुलसीदास के समकालीन मुगल शासक अकबर थे।

**108.** निम्नलिखित में से किसने भारत के प्राचीन ग्रंथ 'नाट्यशास्त्र' को संकलित किया है?

(a) वेदव्यास (b) मनु
(c) अगस्त्य (d) भरतमुनि

**RRB Group-D 22/09/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- ❒ भारत के प्राचीन ग्रंथ **'नाट्यशास्त्र'** को **भरतमुनि** ने संकलित किया है।
- ❒ **महर्षि वेदव्यास** ने **'रामायण'** की रचना की।
- ❒ **मनु** ने **'मनुस्मृति'** की रचना की।
- ❒ **महर्षि अगस्त्य** को **सप्तर्षियों** में से एक माना जाता है।

# मध्यकालीन इतिहास

**1.** दिल्ली के निम्नलिखित में से किस लोकप्रिय सुल्तान ने अलाई दरवाजा का निर्माण किया था?
(a) फिरोजशाह तुगलक
(b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) मुहम्मद बिन तुगलक
(d) बलबन

**RPF Const. 17/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)
❒ अलाई दरवाजा का निर्माण अलाउद्दीन खिलजी ने कराया था।
❒ उसने इसका निर्माण 1311 ई. में कुव्वत उल इस्लाम मस्जिद के दक्षिण प्रवेश द्वार के रूप में किया।
❒ यह भारत की सबसे पुरानी मस्जिद है और यह कुतुब मीनार के परिसर में स्थित है।

**2.** खिलजी वंश का संस्थापक कौन था?
(a) जलालुद्दीन खिलजी
(b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) मलिक काफूर
(d) मुबारक शाह खिलजी

**RPF SI, 11/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)
❒ जलालुद्दीन खिलजी (1290-1296) ई. खिलजी वंश का संस्थापक था।
❒ गुलाम वंश के अंतिम शासक शम्सुद्दीन कैमुर्स को मार कर उसने खिलजी वंश की स्थापना की।
❒ अपनी योग्यता के बल पर इसने सर-ए जहांदार/शाही अंगरक्षक का पद प्राप्त किया तथा बाद में समाना का सूबेदार बना।

**3.** कुतुबुद्दीन ऐबक की मौत कौन-सा खेल खेलते समय हुई?
(a) चौगान (b) शिकार
(c) हाथी लड़ाई (d) शतरंज

**RPF SI, 11/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)
❒ कुतुबुद्दीन ऐबक की मृत्यु 1210 ई. में लाहौर में चौगान (पोलो) खेलते समय घोड़े से गिरने से हुई।
❒ उसे लाहौर में ही दफनाया गया। कुतुबुद्दीन ऐबक मुहम्मद गौरी की दिल्ली सल्तनत में एक सेनापति था।
❒ कुतुबुद्दीन ऐबक की मृत्यु के बाद इसके पुत्र 'आरामशाह' को शासक घोषित किया गया।

**4.** दिल्ली के किस सुल्तान को उसके शासन के दौरान साहसिक फैसले लेने के लिए जाना जाता है?
(a) मुहम्मद बिन तुगलक (b) कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) फिरोज शाह तुगलक (d) अलाउद्दीन खिलजी

**RPF SI, 11/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)
❒ दिल्ली सल्तनत के सुल्तान मुहम्मद बिन तुगलक को उसके शासक के दौरान साहसिक फैसले लेने के लिए जाना जाता है।
❒ मुहम्मद बिन तुगलक अपनी पाँच महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के लिए प्रसिद्ध था, जिसके लिए वह विशेष रुप से विवादास्पद बन गया।
❒ **मुहम्मद बिन तुगलक के पाँच साहसिक फैसले या परियोजनाएं निम्न हैं-**
— दोआब में राजस्व वृद्धि (1326 ई.)
— राजधानी परिवर्तन दिल्ली से देवगिरी (1327 ई.)
— सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन (1329 ई.)
— खुराशान अभियान (1329 ई.)
— कराचिल अभियान (1337 ई.)
❒ उसके ये सभी फैसले असफल रहे और जब 1351 ई. में उसकी मृत्यु हुई तो इस पर बदायूंनी ने लिखा है कि **'सुल्तान को उसकी प्रजा से और प्रजा को सुल्तान से मुक्ति मिल गई'।**

**5.** मध्यकालीन भारत में दीवान-ए-अर्ज किसे कहा जाता था?
(a) जासूसी विभाग (b) सैन्य विभाग
(c) वित्त विभाग (d) सामाजिक कार्य विभाग

**RPF SI, 11/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)
❒ मध्यकालीन भारत में दीवान-ए-अर्ज, सैन्य विभाग को कहा गया है।
❒ इस विभाग को आरिज-ए-मुमालिक भी कहा जाता था। इस विभाग की स्थापना ग्यासुद्दीन बलबन ने की थी और अलाउद्दीन खिलजी के समय इसका महत्व बढ़ गया था।
❒ इस विभाग द्वारा शाही पत्राचार का कार्य किया जाता था। इसका उपयोग सुल्तान की घोषणाओं और पत्रों के अनुबंध तैयार करने के लिए किया जाता था।
❒ इस विभाग का प्रमुख कार्य सैनिकों की भर्ती करना, सैनिकों और घोड़ों को रखना, रसद की व्यवस्था करना, सेना का निरीक्षण करना और सेना की सजावट की व्यवस्था करना था।

**6.** अमृतसर में प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर निम्नलिखित में से किस सिख गुरु द्वारा पूर्ण किया गया था?
(a) गुरु अंगद (b) गुरु गोबिंद सिंह

(c) गुरु रामदास (d) गुरु अर्जुन देव

**RPF Const. 18/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- अमृतसर में प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर की नींव सिखों के चौथे गुरू श्री रामदास जी ने वर्ष 1577 ई. में रखी थी और सिखों के पांचवे गुरू श्री अर्जुन देव ने 15 दिसंबर 1588 ई. को स्वर्ण मंदिर का निर्माण पूर्ण किया गया था।
- यह स्वर्ण मंदिर अमृतसर के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक है, इसे श्री हरमंदिर साहिब के नाम से भी जाना जाता है।
- महाराजा रणजीत सिह ने सिख साम्राज्य की स्थापना के बाद वर्ष 1809 ई. में इसे संगमरमर और तांबे से बनवाया और वर्ष 1830 ई. में इसके गर्भगृह को सोने की पत्ती से मढ़वाया जिसके कारण इसका नाम स्वर्ण मंदिर पड़ा।

**7.** निम्नलिखित में से किस लिपि में पंजाबी भाषा लिखी जाती है?

(a) गुरुमुखी लिपि (b) कदंबा लिपि
(c) शारदा लिपि (d) मोदी लिपि

**RPF Const. 18/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- पंजाबी भाषा गुरूमुखी लिपि में लिखी जाती है।
- गुरूमुखी का अर्थ है– 'गुरूओ के मुख से निकली हुई' अर्थात गुरूओं के मुख से निकली वाणी।
- **इस लिपि में तीन स्वर और 32 व्यंजन है।**
- इसकी शुरूआत गुरू अंगद देव द्वारा की गई।
- गुरूमुखी लिपि की वर्णमाला में प्राय: संयुक्त अक्षर नहीं होते हैं। लेकिन इसमें अनेक संयुक्त ध्वनियाँ होती है।
- **पंजाबी भाषा को मुख्य रूप से चार भाषाओं में बाँटा गया है।**

  (माझी, मलवई, दुआबे, पुआधी)

**8.** निम्नलिखित मुगल शासकों में से किसने दीनपनाह नामक शहर की नींव रखी लेकिन वह इसे पूरा नहीं कर सका?

(a) हुमायूँ (b) बाबर
(c) जहांगीर (d) अकबर

**RPF Const. 10/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- मुगल बादशाह हुमायूँ ने दीनपनाह नगर की नींव रखी थी, लेकिन वह इसे पूरा नहीं कर सका क्योंकि शेरशाह सूरी ने वर्ष 1540 ई. में हुमाँयू को पराजित किया और दीनपनाह नगर के स्थान पर ही शेरशाही या शेरगढ़ के नाम से, अपनी नई राजधानी का निर्माण कराया, जिसे पुराना किला कहा जाता है, जो अब दक्षिणी-पूर्वी दिल्ली में स्थित है।

**9.** किस मुगल शासक ने मनसबदारी व्यवस्था लागू की थी?

(a) अकबर (b) हुमायूं
(c) बाबर (d) दाराशिकोह

**RPF SI, 10/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- मनसबदारी व्यवस्था मुगल काल की प्रचलित एक प्रशासनिक प्रणाली थी, जिसे अकबर ने शुरू किया था।
- 'मनसब' का अर्थ है– सेना में पद या रैंक।
- मनसब के आधार पर अधिकारियों के वेतन व भत्ते निर्धारित होते थे।
- मनसबदारों की नियुक्ति बादशाह द्वारा होती थी। प्राय: मुगलों की सैनिक भर्ती जाति अथवा वंश के आधार पर ही की जाती थी।
- मनसबदारी प्रणाली अकबर द्वारा वर्ष 1575 ई. में सैन्य प्रशासन और सेना के हिस्सों को बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय कमान के संचालन के लिए शुरू की गई थी।

**10.** जैन-उल-आबदीन अपने सहिष्णु विचारों के लिए जाना जाता था, वह किस साम्राज्य का सुल्तान था?

(a) मालवा (b) गुजरात
(c) कश्मीर (d) बंगाल

**RPF SI, 12/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- जैन-उल-आबदीन (1420–1470) ई. कश्मीर साम्राज्य का सुल्तान था।
- सभी धर्मों के प्रति सहिष्णुता का भाव तथा अपने अच्छे कार्यों के कारण ही उसे **'कश्मीर का अकबर'** कहा जाता था।
- उसने अपने शासन के दौरान हिंदूओं को पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता प्रदान की थी।
- जैन-उल-आबदीन ने 'जजिया कर' हटाया और अपने राज्य में गाय का वध निषिद्ध कर दिया।
- जैन-उल-आबदीन, **'कुतुब'** नाम से फारसी में कविताएं भी लिखता था।

**11.** स्लोप वाल या बैटर दीवारें किस सल्तनत के स्थापत्य की प्रमुख विशेषता है?

(a) गुलाम (b) लोदी
(c) तुगलक (d) खिलजी

**RPF SI, 12/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- स्लोप वाल या बैटर दीवारें तुगलक वंश के शासन की प्रमुख विशेषता है।
- तुगलक कालीन स्थापत्य की दूसरी विशेषता मेहराब, सरदल एंव धरन के सिद्धांतों का समन्वय था।
- **तुगलक काल की प्रमुख इमारते हैं-**
  - बेगमपुरी मस्जिद

- आदिलाबाद का किला
- बारह खम्भा
- काली मस्जिद
- कोटला फिरोजशाह
- कुश्क-ए-शिकार
- खिड़की मस्जिद
- सतपुतला
- तुगलकाबाद का किला
- ग्यासुद्दीन तुगलक का मकबरा

**12.** 'पादशाहनामा' पुस्तक किसके बारे में लिखी गयी है?

(a) अकबर (b) जहाँगीर
(c) शाहजहाँ (d) औरंगजेब

**RPF SI, 12/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)

- 'पादशाहनामा' पुस्तक शाहजहाँ के बारे में लिखी गई है।
- यह पुस्तक अब्दुल हमीद लाहौरी द्वारा लिखी गई है। जो मुगल सम्राट शाहजहाँ के शासन के दौरान एक यात्री और इतिहासकार था।
- अब्दुल हमीद लाहौरी अबुल फजल के एक शिष्य थे।
- अकबरनामा और पादशाहनामा के संपादित संस्करण पहली बार एशियाटिक सोसाइटी द्वारा दिसंबर में प्रकाशित किए गए थे।
- पादशाहनामा में शाहजहाँ के शासन के दौरान के जीवन और उस समय की गतिविधियों का वर्णन है।

**13.** पानीपत की पहली लड़ाई में बाबर ने किसे पराजित किया?

(a) इब्राहिम लोदी (b) सिकंदर लोदी
(c) बहलोल लोदी (d) हेमू

**RPF SI, 12/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)

- पानीपत की पहली लड़ाई में बाबर ने इब्राहिम लोदी को पराजित किया।
- यह उन पहली लड़ाइयों में से एक थी जिसमें बारूद, आग्नेयास्त्रों और मैदानी तोपखानों को लड़ाई में शामिल किया गया था।
- वर्ष 1526 ई. में काबुल के शासक बाबर की सेना ने दिल्ली के सुल्तान इब्राहिम लोदी की विशाल सेना को पानीपत के प्रथम युद्ध में 21 अप्रैल 1526 ई. में हराया।

**14.** मध्यकालीन भारत में ग्रांड ट्रंक रोड किसके द्वारा बनवायी गयी?

(a) अकबर (b) बाबर
(c) शेरशाह (d) हुमायूँ

**RPF SI, 12/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)

- मध्यकालीन भारत में ग्रांड ट्रक रोड़ का निर्माण 16वीं शताब्दी के दौरान शासक शेरशाह सूरी ने करवाया था।
- शेरशाह का दूसरा नाम फरीद खान था।
- वह दक्षिण भारत को उत्तर भारत से जोड़ना चाहता था। जिस कारण इस विशाल रोड़ का निर्माण कराया गया था। यह गंगा किनारे बसे नगरों को जोड़ता है। उसने इस रोड के किनारे प्रत्येक कोस पर **'कोस मिनारें'** बनवाई।

**15.** भारत में वास्कोडिगामा सर्वप्रथम कहाँ पर उतरा ?

(a) कन्नूर (b) कोचीन
(c) कालीकट (d) कोलम

**RPF Const. 20/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)

- भारत में वास्कोडिगामा सर्वप्रथम 20 मई 1498 ई. को केरल के कोझीकोड़ जिले के कालीकट (काप्पडू गाँव) पहुंचा था।
- भारत पहुँचने पर कालीकट के तत्कालीन शासक जमोरिन ने वास्कोडिगामा का स्वागत किया था और उसके साथ व्यापार करने की संधि हुई।
- वर्ष 1502 ई. में वास्कोडिगामा दूसरी बार भारत आया और कोच्चि के राजा से व्यापार करने का समझौता किया।
- वर्ष 1524 ई. में वास्कोडिगामा तीसरी बार भारत पहुंचा और यहीं उसकी 24 दिसंबर, 1524 ई. को मृत्यु हो गई। पहले उसे कोच्चि में ही दफनाया गया था। लेकिन बाद में वर्ष 1538 ई. में उसकी पुनः कब्र खोदी गई और उसके अवशेषों को पुर्तगाल वापस ले जाया गया।

**16.** निम्न में से किसके शासन के दौरान मुगल चित्रकला अपने चरम पर थी?

(a) औरंगजेब (b) शाहजहाँ
(c) जहाँगीर (d) अकबर

**RPF Const. 20/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)

- जहाँगीर के शासनकाल के दौरान मुगल चित्रकला अपने पर चरम पर थी।
- जहाँगीर स्वभाव से प्रकृतिवादी था और वनस्पतियों तथा जीवों के चित्रों को पसंद करता था। इसके युग में सबसे अनोखी प्रवृत्ति चित्रों के चारों और सजे हुए हाशिये का उपयोग है। जो कभी-कभी स्वयं पेंटिंग के रूप में विस्तृत होती थी। जहाँगीर ने पोर्ट्रेट चित्रकला के रूप में प्रकृति पर जोर दिया।

**17.** चित्तौड़ में विजय स्तम्भ की स्थापना किसने कराई?

(a) राणा प्रताप (b) राणा कुम्भा
(c) राणा सांगा (d) राणा उदय

**RPF Const. 20/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)

❒ चितौड़ में विजय स्तम्भ की स्थापना मेवाड़ नरेश राणा कुम्भा ने कराई।
❒ इसकी स्थापना राणा कुम्भा ने महमूद खिलजी के नेतृत्व वाली मालवा की सेना पर सारंगपुर की लड़ाई में विजय के उपरान्त् कराई।
❒ इसे स्मारक के रूप में वर्ष (1440-1448) ई. के मध्य बनवाया गया था।

**18.** हुमायूँ नामा किसके द्वारा रचित है?
(a) अमीर खुसरो (b) अकबर
(c) गुलबदन बेगम (d) हुमाँयू
**RPF Const. 19/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)
❒ हुमायूँनामा पुस्तक गुलबदन बेगम द्वारा रचित है, जो हुमाँयू की सौतेली बहन थी। यह पुस्तक हुमाँयू के जीवनकाल का वर्णन करती है। यह तुर्की भाषा में लिखी गई है।

**19.** अल-बरूनी ने अपनी पुस्तक 'किताब-उल-हिंद' किस भाषा में लिखी थी ?
(a) संस्कृत (b) अरबी
(c) फारसी (d) सीरियाई
**RRB NTPC 15/02/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)
❒ अल-बरूनी ने अपनी पुस्तक **'किताब-उल-हिंद'** अरबी भाषा में लिखी थी।
❒ यह किताब धर्म और दर्शन, उत्सवों, खगोल विज्ञान व रीति-रिवाजों और प्रथाओं तथा माप विधियों, मूर्तिकला व विज्ञान के नियमों आदि जैसे विषयों के आधार पर 80 अध्यायों में विभाजित एक व्यापक ग्रन्थ है।
❒ अल-बरूनी इस्लामी स्वर्ण युग के दौरान एक ईरानी विद्वान था। उसे विभिन्न नामों से जाना जाता था।
❒ **(भारतीय विद्या का संस्थापक, तुलनात्मक धर्म का जनक, आधुनिक भू-गणित का जनक, पहला मानव विज्ञानी)**

**20.** मोहम्मद गौरी की सेना और पृथ्वीराज चौहान के बीच दो बार युद्ध हुआ जिसमें किस युद्ध की दूसरी लड़ाई 1192 पृथ्वीराज चौहान हार गए और उनके राज्य पर कब्जा कर लिया गया।
(a) कन्नौज (b) पानीपत
(c) प्लासी (d) तराईन
**RRB Group-D 15/11/2018 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (d)
❒ मोहम्मद गौरी की सेना और पृथ्वीराज चौहान के बीच दो बार युद्ध हुआ, जिसमें 'तराईन' की दूसरी लड़ाई में पृथ्वीराज चौहान हार गए और मोहम्मद गौरी ने उनके राज्य पर कब्जा कर लिया।
❒ तराईन का प्रथम युद्ध भी पृथ्वीराज चौहान और मोहम्मद गौरी के मध्य वर्ष 1191 ई. में लड़ा गया था, जिसमें पृथ्वीराज चौहान ने मोहम्मद गौरी को बुरी तरह पराजित किया था।

**21.** इनमें से किसके द्वारा दिल्ली सल्तनत में इक्ता प्रणाली को संस्थागत रूप में लागू किया गया था ?
(a) इल्तुतमिश (b) ग्यासुद्दीन बलबन
(c) कुतुबुद्दीन ऐबक (d) आराम शाह
**RRB NTPC 08/04/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)
❒ दिल्ली सल्तनत के शम्सुद्दीन इल्तुमिश द्वारा इक्ता प्रणाली की शुरूआत की गई थी।
❒ इक्तादारी प्रणाली केन्द्रीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण साधन था।
❒ इक्तादारी प्रणाली सुल्तानों और कुलीनता के बीच क्षेत्रों के विभाजन पर आधारित थी। इसमें भूमि को छोटे भागों में विभाजित करके उसे रईसों, अधिकारियों और सैनिकों को दिया गया था।
❒ इल्तुतमिश का शासन वर्ष 1211 ई. से 1236 ई. तक रहा।
❒ इल्तुतमिश, कुतुबुद्दीन ऐबक का दामाद था। वह दिल्ली सल्तनत पर शासन करने वाला पहला शासक था।

**22.** किसके बीच की अवधि को दिल्ली सल्तनत की अवधि के रूप में जाना जाता है।
(a) 1006 ई. और 1326 ई.
(b) 1106 ई. और 1326 ई.
(c) 1206 ई. और 1526 ई.
(d) 1606 ई. और 1826 ई.
**RRB Group-D 11/12/2018 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)
❒ 1206 ई. से 1526 ई. तक के बीच की अवधि को दिल्ली सल्तनत की अवधि के रूप में जाना जाता है।
❒ दिल्ली सल्तनत पर मुख्यत: पाँच राजवंशों ने शासन किया था। जिन राजवंशों का मुगलों द्वारा दमन कर दिया गया था।
❒ **दिल्ली सल्तनत के प्रमुख राजवंश निम्नलिखित है-**

| **वंश** | **वर्ष** |
|---|---|
| गुलाम | 1206 ई.-1290 ई. |
| खिलजी | 1290 ई.-1320 ई. |
| तुगलक | 1320 ई.-1414 ई. |
| सैय्यद | 1414 ई.-1451 ई. |
| लोदी | 1451 ई.-1526 ई. |

**23.** निम्नलिखित में से दिल्ली सल्तनत का सही क्रम क्या है?
(a) गुलाम – तुगलक – खिलजी – लोदी
(b) गुलाम – खिलजी – तुगलक – लोदी

(c) गुलाम – लोदी – खिलजी – तुगलक
(d) तुगलक – खिलजी – गुलाम – लोदी

**RRB NTPC 26/04/2016 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- दिल्ली सल्तनत में कुल पाँच वंशों ने शासन किया जिनका सही क्रम इस प्रकार है:-
- **(गुलाम – खिलजी – तुगलक – सैयद – लोदी)**

**24.** किस ई. में कुतुबुद्दीन ऐबक ने खुद को दिल्ली का सुल्तान घोषित कर दास राजवंश के शासन की शुरुआत की थी?
(a) 1205 (b) 1206
(c) 1207 (d) 1208

**RRB Group-D 20/09/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- 1206 ई. में कुतुबुद्दीन ऐबक ने खुद को दिल्ली का सुल्तान घोषित कर दास (गुलाम) राजवंश के शासन की शुरूआत की थी।
- कुतुबुद्दीन ऐबक मुहम्मद गौरी का गुलाम था, जो अपने मालिक की मृत्यु के पश्चात् शासक बना और 1206 ई. में दास वंश की स्थापना की।
- कुतुबुद्दीन ऐबक ने दिल्ली में कुतुबमीनार के नाम से प्रसिद्ध 238 फीट ऊँची मंजिल का निर्माण किया था।

**25.** अलाउद्दीन खिलजी के शासनकाल में राज्य द्वारा निम्नलिखित में से किस प्रकार का कर नहीं लगाया गया था ?
(a) लघु उद्योगों पर कर (b) कृषि पर कर
(c) आवास पर कर (d) मवेशियों पर कर

**RRB NTPC 05/03/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- अलाउद्दीन खिलजी के शासनकाल में राज्य द्वारा लघु उद्योगों पर कोई कर नहीं लगाया गया था।
- अलाउद्दीन खिलजी, खिलजी वंश का द्वितीय सुल्तान था।
- उसने भू-राजस्व तथा सैन्य क्षेत्र में बहुआयामी सुधार किये थे। उसने वास्तविक उपज के आधार पर लगान की राशि निर्धारित की थी। उसने दो नए कर लगाए; पहला चराई कर, (मवेशियों की चराई पर कर) जो दुधारू पशुओं पर लगाया जाता था तथा दूसरा घरी कर, जो घरों (आवास कर) एंव जिसने कृषि पर कर के आधार पर भू-राजस्व की दर को उपज का आधा भाग कर दिया।

**26.** रजिया सुल्तान किसकी बेटी थी।
(a) मुहम्मद गौरी (b) मुहम्मद तुगलक
(c) कुतुबुद्दीन ऐबक (d) इल्तुतमिश

**RRB Group-D 23/10/2018 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- रजिया सुल्तान शम्शुद्दीन इल्तुतमिश की बेटी थी।
- तुर्की मूल की अन्य राजकुमारियों की तरह रजिया को तलवारबाजी, घुड़सवारी तथा अन्य सभी प्रकार के युद्ध प्रशिक्षण दिए गए थे।
- उन्हें सेना का नेतृत्व तथा प्रशासन के कार्यों का अभ्यास कराया गया ताकि जरूरत पड़ने पर वो इनका प्रयोग कर सकें।
- रजिया सुल्तान ने दिल्ली की गद्दी पर बैठकर वर्ष 1236 ई. से वर्ष 1240 ई. तक सिर्फ 4 साल शासन किया।
- वह दिल्ली सल्तनत की प्रथम व अंतिम मुस्लिम महिला शासिका थी। दिल्ली की शासिका बनने के बाद उन्होंने **उदमत-उल-निस्वां** की उपाधि धारण की थी।

**27.** मुगलों के विरुद्ध हल्दीघाटी का युद्ध किसने लड़ा?
(a) महाराणा प्रताप (b) राणा सांगा
(c) राजा जयसिंह (d) राणा कुम्भा

**RPF Const. 25/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- मुगलों के विरुद्ध हल्दीघाटी का युद्ध 18 जून, 1576 ई. को मेवाड़ (राजस्थान) के शासक महाराणा प्रताप और अकबर की सेना के मध्य लड़ा गया था।
- अकबर की सेना का नेतृत्व राजपूत राजा, राजा मानसिंह ने किया था। इस युद्ध में महाराणा प्रताप को मुख्य रूप से भील जनजाति का सहयोग मिला था।

**28.** 'गुरु ग्रंथ साहिब' किस धर्म का पवित्र ग्रंथ है?
(a) हिन्दू (b) जैन
(c) सिख (d) बौद्ध

**RPF Const. 25/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- 'गुरू ग्रन्थ साहिब' सिख धर्म का प्रमुख धर्मग्रन्थ है।
- इसका सम्पादन सिख समुदाय के पांचवें गुरु श्री गुरू अर्जुन देव जी ने किया था।
- 'गुरू ग्रन्थ साहिब' का पहला प्रकाश पर्व 30 अगस्त, 1604 ई. को **'हर मंदिर साहिब'** अमृतसर में मनाया गया था।
- वर्ष 1705 ई. में दमदमा साहिब में सिख समुदाय के दसवें गुरू गोविंद सिंह जी ने गुरू तेग बहादुर जी के 116 शब्द जोड़कर इसको पूर्ण किया था, इसमें कुल 1430 पृष्ठ है।

**29.** भारत में 'सिजदा' प्रथा किसने शुरू की थी ?
(a) इल्तुतमिश (b) कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) ग्यासुद्दीन बलबन (d) रजिया सुल्तान

**RRB NTPC 03/03/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- सिजदा और पैबोस प्रथा को ग्यासुद्दीन बलबन ने शुरू किया।
- सिजदा का अर्थ-झुककर सुल्तान के चरणों में सलाम करना तथा पैबोस का अर्थ-सुल्तान के पैरों को चूमना है।

- इन अमानवीय प्रथाओं को मुगल बादशाह अकबर ने समाप्त कर दिया।
- ग्यासुद्दीन बलबन गुलाम वंश का सबसे शक्तिशाली शासक था।

**30.** कौन-सा शासक कुतुबमीनार के निकट अलाई मीनार बनवाना चाहता था, लेकिन इसका निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका ?

(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) नासीरूद्दीन महमूद
(c) रजिया सुल्तान (d) इल्तुतमिश

**RRB NTPC 21/01/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- कुतुबमीनार के उत्तर में अधूरी बनी अलाई मीनार का निर्माण अलाउद्दीन खिलजी ने करवाया था।
- इस मीनार की ऊँचाई 24.5 मीटर है।
- अलाउद्दीन खिलजी की मृत्यु हो जाने के कारण यह मीनार अधूरी रह गई।
- अलाई मीनार को **'कुश्क-ए-सीरी'** भी कहा जाता है।

**31.** 13वीं सदी में बख्तियार खिलजी ने बंगाल के किस राजा को पराजित किया था ?

(a) महीपाल (b) लक्ष्मणसेन
(c) शशांक (d) गृहवर्मन

**RRB NTPC 18/04/2016 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- 13वीं सदी में तुर्की शासक बख्तियार खिलजी ने बंगाल के शासक लक्ष्मण सेन को पराजित किया था।
- लक्ष्मण सेन बंगाल के सेन राजवंश के चतुर्थ शासक और एकीकृत बंगाल के अंतिम हिन्दू प्रशासक थे।
- बख्तियार खिलजी ने बिहार और बंगाल के विजित क्षेत्रों को एक प्रांत के रूप में संगठित किया।

**32.** कौन 84 वर्ष तक उपमहाद्वीप में शासन करने वाला प्रथम मुस्लिम वंश था।

(a) मुगल वंश (b) खिलजी वंश
(c) तुगलक वंश (d) गुलाम वंश

**RRB Group-D 02/10/2018 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- गुलाम वंश या मामलूक वंश मध्यकालीन भारत का एक प्रमुख राजवंश था।
- गुलाम वंश का पहला शासक कुतुबुद्दीन ऐबक था, जिसे मोहम्मद गौरी ने पृथ्वीराज चौहान को हराने के बाद भारत के प्रदेशों का सूबेदार नियुक्त किया गया था।
- मध्यकालीन भारत की प्रथम महिला शासिका रजिया सुल्तान थी।
- दिल्ली की सत्ता पर (1206-1290)ई. लगभग 84 वर्षों तक शासन किया था, जिसने भारत में इस्लामी शासन की नींव रखी थी।

**33.** निम्नलिखित में से कौन अलाउद्दीन खिलजी का प्रसिद्ध दास था ?

(a) उलूग खान (b) अमीर खुसरो
(c) मलिक काफूर (d) जफर खान

**RPF SI 6/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- मलिक काफूर, अलाउद्दीन खिलजी का प्रसिद्ध दास था।
- वह अलाउद्दीन खिलजी की सेना में एक जनरल था।
- वह पहले एक दास था, लेकिन उसके द्वारा किए गए असाधारण कार्यों के कारण वह सामान्य रैंक पर पहुंच गया।
- अलाउद्दीन खिलजी के जनरल नुसरत खान ने उसे खरीदने के लिए 1,000 दीनार का भुगतान किया था और इसीलिए मलिक काफूर को 'हजार दीनारी' भी कहा जाता है।
- मलिक काफूर वर्ष 1296 ई. से वर्ष 1316 ई. तक दिल्ली सल्तनत के शासक अलाउद्दीन खिलजी की सेना में प्रधान सेनापति था।

**34.** वेनिस का एक प्रसिद्ध यात्री कौन था?

(a) मार्कोपोलो (b) फ्रांस्वा बर्नियर
(c) दुआर्ते बारबोसा (d) सेल्यूकस निकेटर

**RPF SI, 06/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- वेनिस का एक प्रसिद्ध यात्री मार्कोपोलो था।
- मार्कोपोलो एक इतावली व्यापारी, खोजकर्ता और लेखक थे।
- मार्कोपोलो ने वर्ष 1271 ई. से 1295 ई. के मध्य सिल्क रोड़ से एशिया की यात्रा की, उनकी यात्रा से सम्बंधित सभी तथ्य **'द ट्रेवल्स ऑफ मार्कोपोलो'** में दर्ज की गई है।
- **दुआर्ते बारबोसा** पुर्तगाल से आया था। **फ्रांस्वा बर्नियर** फ्रांस देश का निवासी था। **सेल्यूकस निकेटर** चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में आया एक यूनानी राजदूत था।

**35.** निम्नलिखित में से किसने अपने हमलों में प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के साथ अन्य मंदिरों को 17 बार लूटा और नष्ट किया है?

(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) महमूद गजनी
(c) तैमूर लंग (d) मोहम्मद गौरी

**RPF SI, 06/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- महमूद गजनी ने हमलों में प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के साथ अन्य मंदिरों को 17 बार लूटा और नष्ट किया था तथा हर बार इसका पुनर्निर्माण कराया गया।
- प्राचीन भारतीय इतिहास और आधुनिक भारतीय इतिहास

में सोमनाथ मंदिर को वर्ष 1025 ई. में महमूद गजनी ने नष्ट कर दिया था। मूर्ति को तोड़ने से लेकर यहाँ पर चढ़े सोने-चाँदी के सभी आभूषणों को लूट लिया गया था।

**36.** फिरोजशाह तुगलक ने किस प्रसिद्ध शहर का गठन किया था?

(a) महमूदाबाद (b) बीदर
(c) आगरा (d) हिसार

**RPF SI, 06/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (d)

- फिरोजशाह तुगलक ने हिसार शहर का गठन किया था।
- फिरोजशाह तुगलक, मोहम्मद बिन तुगलक का चचेरा भाई था और उसने वर्ष 1351 ई. से वर्ष 1388 ई. तक शासन किया।
- **फिरोजशाह तुगलक ने निम्नलिखित चार नए कर लगाए-**
  - खरात - भूमि कर
  - जजिया - धर्म कर
  - जकात - संपत्ति कर
  - खम्स - युद्ध में लूटे गए माल कर
- फिरोजशाह तुगलक ने दो नए सिक्के 'अधा' और बिख चलाए।
- फिरोजशाह तुगलक अपनी राजधानी को सुशोभित करने के लिए दो अशोक स्तंभ, एक अंबाला से तथा दूसरा मेरठ से लाया था।
- फिरोजशाह तुगलक ने फिरोजपुर, फतेहाबाद और जौनपुर जैसे कई शहरों की स्थापना की थी।

**37.** निम्नलिखित भक्ति संतों में से किसने पुष्टिमार्ग के दर्शन को प्रतिपादित किया?

(a) वल्लभाचार्य (b) साधना
(c) माधवाचार्य (d) रामानंद

**RPF SI, 6/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)

- वल्लभाचार्य ने पुष्टिमार्ग के दर्शन का प्रतिपादन किया।
- पुष्टिमार्ग एक आराधना का स्वरूप है, जिसमें श्रीकृष्ण भगवान की उपासना की जाती है।
- पुष्टिमार्ग भक्ति का मार्ग है, जिसका उल्लेख भगवद्गीता में मुक्ति प्राप्त करने के लिए प्रत्यक्ष और सरलतम दृष्टिकोण के रूप में किया गया है।
- वल्लभाचार्य शुद्ध-अद्वैत के प्रचारक थे।
- वल्लभाचार्य विजयनगर साम्राज्य के शासक कृष्णदेव राय के समकालीन थे और वे द्वैत और अद्वैत दर्शन के गुणों तथा अवगुणों पर एक दीर्घकालीन विवाद में भाग लेने के लिए उनके दरबार में थे।

**38.** 'सिलसिला' शब्द का संबंध किससे है?

(a) सूफी सम्प्रदाय (b) सिख सम्प्रदाय
(c) शाही फरमान (d) भक्ति सम्प्रदाय

**RPF SI, 0501/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)

- 'सिलसिला' शब्द का संबंध सूफी संप्रदाय से है।
- 'सिलसिला' का अर्थ है- एक श्रृखंला, जो गुरू और शिष्य के मध्य एक सतत् कड़ी का प्रतीक है।
- सूफी आदेशों को भारत के अंदर और बाहर 'सिलसिला' के नाम से जाना जाता है।
- चिश्ती सिलसिला भारत में **'ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती'** द्वारा पेश किया गया था।
- उर्दू में 'सिलसिला' का अर्थ-गाथा है। इसके अतिरिक्त 'सिलसिला' का अर्थ आध्यात्मिक वंशावली के रुप में किया जाता है।

**39.** बहमनी राज्य किसके शासन के तहत सर्वाधिक शक्तिशाली था?

(a) अलाउद्दीन हसन (b) फिरोजशाह बहमन
(c) अहमद शाह (d) महमूद गवन

**RPF SI, 05/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (d)

- बहमनी राज्य महमूद गवन के शासन के दौरान सर्वाधिक शक्तिशाली था।
- महमूद गवन, मुहम्मद शाह बहमनी द्वितीय के प्रधानमंत्री थे। उन्हें **मलिक-उल-तुज्जर** की उपाधि दी गई। उन्होंने बीदर में इस्लामी शिक्षा के लिए कई मदरसे बनाए थे।

**40.** तैमूर ने दिल्ली पर किस वर्ष आक्रमण किया?

(a) 1395 (b) 1396
(c) 1397 (d) 1398

**RPF SI, 05/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (d)

- तैमूर ने दिल्ली पर वर्ष 1398 ई. में तुगलक वंश के अंतिम शासक नसीरूद्दीन के शासनकाल के दौरान आक्रमण किया।
- तैमूर एक तुर्क-मंगोल आक्रमणकारी था, जिसने तैमूर साम्राज्य की स्थापना की थी।

**41.** मुगल साम्राज्य का संस्थापक कौन था?

(a) हुमायूँ (b) बाबर
(c) जहाँगीर (d) शाहजहाँ

**RPF SI, 30/03/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)

- भारत में मुगल साम्राज्य का संस्थापक बाबर था।
- जहीरूद्दीन मोहम्मद बाबर 14 फरवरी 1483 ई. को अन्दीजान में पैदा हुआ जो वर्तमान में उज्बेकिस्तान में

स्थित है।

❒ बाबर ने उत्तरी भारत के कुछ हिस्सों पर आक्रमण किया और दिल्ली के शासक इब्राहिम लोदी को वर्ष 1526 ई. के पानीपत के प्रथम युद्ध में पराजित कर मुगल वंश की स्थापना की।

**42.** निम्नलिखित में से कौन-सा राजवंश दिल्ली सल्तनत का अंतिम राजवंश था?

(a) खिलजी राजवंश (b) सैय्यद राजवंश

(c) तुगलक राजवंश (d) लोदी राजवंश

**RPF Const. 29/03/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❒ लोदी राजवंश, दिल्ली सल्तनत का अंतिम राजवंश था।

❒ लोदी वंश की स्थापना बहलोल खान लोदी ने की थी।

❒ लोदी वंश के शासनकाल की अवधि वर्ष 1451 ई. से वर्ष 1526 ई. तक थी।

**43.** पानीपत का द्वितीय युद्ध कब हुआ था?

(a) 1500 ई. (b) 1556 ई.

(c) 1600 ई. (d) 1825 ई.

**RPF Const. 19/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

❒ पानीपत का द्वितीय युद्ध 5 नवम्बर 1556 ई. को उत्तर भारत के हिंदू शासक सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य तथा मुगल सम्राट अकबर की सेना के मध्य लड़ा गया था।

❒ अकबर के सेनापति बैरम खान के लिए यह निर्णायक जीत थी।

**44.** दीन-ए-इलाही नामक नया धर्म किसने चलाया?

(a) हुमाँयू (b) अकबर

(c) औरंगजेब (d) बाबर

**RPF Const. 24/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

❒ दीन-ए-इलाही अर्थात् ईश्वर का धर्म, वर्ष 1582 ई. में अकबर द्वारा प्रारंभ किया गया था जो धार्मिक मान्यताओं से सम्बधित था।

❒ अकबर का विचार इस्लाम और हिंदू धर्म को आपस में जोड़ना था; लेकिन ईसाई धर्म, पारसी धर्म एवं जैन धर्म के पहलुओं को भी जोड़ना था।

❒ अकबर का शासनकाल वर्ष 1556 ई. से वर्ष 1605 ई. तक था।

**45.** काकतीय राजवंश का अंत निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया गया ?

(a) गुप्त वंशजों द्वारा (b) चालुक्यों द्वारा

(c) चोलों द्वारा (d) दिल्ली सल्तनत द्वारा

**RRB NTPC 19/01/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

काकतीय राजवंश को दिल्ली सल्तनत के कई हमलों का सामना करना पड़ा और अंत में वर्ष 1323 ई. में यह वंश समाप्त हो गया।

**46.** प्रसिद्ध यात्री और लेखक मुहम्मद इब्नबतूता किस देश से संबंधित हैं, जिन्होंने 14वीं शताब्दी में भारत सहित कई देशों की यात्रा की थी?

(a) लीबिया (b) अल्जीरिया

(c) घाना (d) मोरक्को

**RRB NTPC 12/02/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❒ इब्नबतूता मोरक्को देश से आया था।

❒ इब्नबतूता एक अफ्रीकी यात्री, विद्वान तथा लेखक था।

❒ उत्तरी अफ्रीका के मोरक्को देश के प्रसिद्ध नगर तांजियर में 24 फरवरी वर्ष 1304 ई. में इसका जन्म हुआ था।

❒ इब्नबतूता का पूरा नाम मुहम्मद बिन अब्दुल्ला इब्नबतूता था। इसने लगभग 75,000 मील की यात्रा तय की थी। अपनी यात्रा के दौरान इब्नबतूता, मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में वर्ष 1333 ई. में भारत आया था।

**47.** दिल्ली सल्तनत का सबसे अधिक विस्तार किसके शासन काल में देखा गया?

(a) मुहम्मद बिन तुगलक (b) ग्यासुद्दीन बलबन

(c) अलाउद्दीन खिलजी (d) सिंकदर लोदी

**RRB NTPC 01/04/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

❒ दिल्ली सल्तनत का सबसे अधिक विस्तार मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में देखा गया।

❒ मुहम्मद बिन तुगलक मध्यकालीन सभी सुल्तानों में सर्वाधिक शिक्षित, विद्वान एंव योग्य शासक था। इसने 26 वर्षों तक दिल्ली पर शासन किया।

**48.** 'फुतुहात-ए-फिरोजशाही' में किसकी प्रशासनिक उपलब्धियों का विवरण दिया गया है?

(a) गुलबदन बेगम की (b) अबुल फजल की

(c) जियाउद्दीन बरनी की (d) फिरोजशाह तुगलक की

**RRB Group-D 12/12/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❒ 'फुतुहात-ए-फिरोजशाही' में फिरोजशाह तुगलक की प्रशासनिक उपलब्धियों का विवरण दिया गया है।

❒ इसका लेखन स्वंय फिरोजशाह तुगलक ने किया था। उसने अपने शासनकाल में चांदी एंव तांबे के मिश्रण से निर्मित सिक्के चलाये थे, जिन्हें अद्धा एंव बिख कहा जाता था।

**49.** निम्नलिखित में से किसने साहित्य 'अमुक्तमाल्यद' पर मध्ययुगीन ग्रंथ संकलित किया है?

(a) गुरु बसव (b) कृष्ण देवराय

(c) तुलसीदास (d) कालिदास

**RRB Group-D 05/10/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- प्रसिद्ध साहित्य 'अमुक्तामाल्यद' पर मध्ययुगीन ग्रंथ कृष्णदेव राय द्वारा संकलित किया गया है।
- 'अमुक्तामाल्यद' तेलुगु भाषा में लिखित है। कृष्णदेव राय ने जबांवती कल्याण भी लिखा, यह एक काव्य-ग्रन्थ है, जिसमें भगवान विष्णु और देवी अन्दाल के विवाह के बारे में वर्णन किया गया है।
- कृष्णदेव राय तुलुव वंश के सबसे महान शासक थे। वे स्वंय एक कवि और कवियों के संरक्षक थे, जिन्हें अष्टदिग्गज के नाम से भी जाना जाता था।
- कृष्णदेव राय के काल को ही **'तेलुगु साहित्य के स्वर्ण युग'** के रूप में जाना जाता था।

**50.** किस साम्राज्य की स्थापना वर्ष 1347 में हसन गंगू ने की थी।

(a) संगम (b) बहमनी
(c) काकतीय (d) विजयनगर

**RRB Group-D 08/11/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- **'बहमनी साम्राज्य'** दक्कन का एक इस्लामी राज्य था।
- बहमनी साम्राज्य की स्थापना 3 अगस्त 1347 ई. को एक तुर्क अफगान सूबेदार अलाउद्दीन बहमन शाह (हसन गंगू) ने की।
- इसका प्रतिंद्वंद्वी हिंदू विजयनगर साम्राज्य था। बहमन शाह उर्फ हसन गंगू पहला मुस्लिम शासक था, जिसने हिन्दूओं से जजिया कर न लेने का निर्णय किया।
- बहमन शाह उर्फ हसन गंगू ने गुलबर्गा को अपनी राजधानी बनाया तथा इसका नाम **'अहसानाबाद'** रखा था।

**51.** निम्न में से कौन-सा यात्री कृष्णदेव राय के दरबार में आया था?

(a) निकोलो द कोंटी (b) विलियम हॉकिन्स
(c) डोमिंगो पेस (d) अब्दुर रज्जाक

**RPF SI, 16/03/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- डोमिंगो पेस भारत में अब तक के सबसे शक्तिशाली राजा कृष्णदेव राय के दरबार में आया था।
- ड़ोमिंगो पेस एक पुर्तगाली यात्री था। डोमिंगो पेस ने वर्ष 1520 ई. के आसपास विजयनगर का दौरा किया था।

**52.** भक्ति की किस शाखा के अंतर्गत ईश्वर के निराकार रूप की परिकल्पना की गयी है?

(a) वैष्णव (b) निर्गुण
(c) सगुण (d) शैव

**RPF SI, 16/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- भक्ति की निर्गुण शाखा के अंतर्गत ईश्वर के निराकार रूप की परिकल्पना की गयी है।
- इस शाखा के भक्त कवि निर्गुणवादी थे, राम कि उपासना करते थे और गुरू को बहुत सम्मान देते थे तथा जाति-पाति के भेदों को अस्वीकार करते थे। ये वैयक्तिक साधना पर बल देते थे।

**53.** दिल्ली के प्रसिद्ध शहर सीरी का निर्माण निम्न में से किसने कराया?

(a) पृथ्वीराज चौहान (b) मुहम्मद बिन तुगलक
(c) अलाउद्दीन खिलजी (d) फिरोजशाह तुगलक

**RPF SI, 06/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- दिल्ली के प्रसिद्ध शहर सीरी का निर्माण अलाउद्दीन खिलजी ने कराया था और यह किसी मुस्लिम शासक द्वारा बसाया गया पहला शहर था।
- तुर्की लोगों की नकल करते हुए सीरी किले का निर्माण किया गया था।
- अलाउद्दीन खिलजी ने दिल्ली और सम्पूर्ण भारत पर मंगोलों के आक्रमणों से बचाव के लिए सीरी के किले का निर्माण किया।

**54.** निम्नलिखित में से कौन-सा स्मारक शाहजहाँ द्वारा नहीं बनाया गया है?

(a) ताज महल (b) मयूर सिंहासन
(c) लाल किला (d) पंच महल

**RPF SI, 10/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- शाहजहाँ द्वारा पंचमहल का निर्माण नहीं कराया गया है।
- अकबर द्वारा निर्मित पंच महल की वास्तुकला एक बौद्ध मंदिर से प्रेरित थी।
- अकबर अपने विश्राम और मनोरंजन के लिए अनिवार्य रूप से पंच महल का उपयोग करता था।

**55.** हरिहर और बुक्का ने किस प्रसिद्ध साम्राज्य की स्थापना की ?

(a) गोलकुंडा (b) चालुक्य
(c) बीदर (d) विजयनगर

**RPF SI, 10/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- हरिहर और बुक्का के द्वारा विजयनगर साम्राज्य की स्थापना वर्ष 1336 ई. में की गई।
- विजयनगर साम्राज्य दक्षिण भारत के पठार क्षेत्र में स्थित था।
- तुंगभद्रा नदी के किनारे विजयनगर साम्राज्य की स्थापना

हुई थी।

**56.** निम्न प्रसिद्ध शासको में से कौन तुलुव राजवंश से संबंधित है?
(a) तेनाली रामन (b) कृष्णदेव राय
(c) देव राय (d) बुक्का राय
**RPF SI, 10/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)
❒ कृष्णदेव राय तुलुव राजवंश से संबंधित है।
❒ तुलुव राजवंश विजयनगर साम्राज्य का तीसरा राजवंश है।
❒ तुलुव राजवंश की स्थापना वीर नरसिंह द्वारा वर्ष 1505 ई. में की गई थी।
❒ तुलुव राजवंश का शासक कृष्णदेव राय सम्पूर्ण विजयनगर साम्राज्य का सबसे महान शासक था।

**57.** इल्तुतमिश ने किसे अपना उत्तराधिकारी घोषित करने का निर्णय किया?
(a) बलबन (b) रजिया
(c) मुआजम खान (d) नसीरूद्दीन
**RPF SI, 10/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)
❒ इल्तुतमिश ने रजिया को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था।
❒ रजिया इल्तुतमिश की पुत्री थी। तुर्की मूल की रजिया को अन्य मुस्लिम राजकुमारियों की तरह सेना का नेतृत्व तथा प्रशासन के कार्यों में अभ्यास कराया गया ताकि जरूरत पड़ने पर उसकी सहायता ली जा सके। रजिया को अपने भाइयों और शक्तिशाली तुर्क अमीरों के विरूद्ध संघर्ष करना पड़ा।

**58.** दिल्ली के निम्न सुल्तानों में से कौन अपनी बाजार नियंत्रण नीति के लिए जाना जाता है?
(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) फिरोजशाह तुगलक
(c) मुहम्मद बिन तुगलक (d) अलाउद्दीन खिलजी
**RPF SI, 10/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (d)
❒ दिल्ली का सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी अपनी बाजार नियंत्रण नीति के लिए जाना जाता है।
❒ अलाउद्दीन खिलजी के आर्थिक सुधारों में सबसे प्रमुख सुधार था, उसकी बाजार नियंत्रण नीति। इसका उल्लेख बरनी ने अपनी पुस्तक तारीख-ए-फिरोजशाही में किया है।
❒ **इस नीति में कुल चार बाजार स्थापित किए गए थे-**
➢ गल्ला बाजार (अनाजमंडी)
➢ सराय अदल (कपड़ा बाजार)
➢ घोड़ों, गुलामों तथा पशुओं का बाजार
➢ सामान्य बाजार

**59.** तराइन की दूसरी लड़ाई कब लड़ी गई थी?
(a) 1192 (b) 1194
(c) 1195 (d) 1199
**RPF SI, 10/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)
❒ तराइन की दूसरी लड़ाई वर्ष 1192 ई. में लड़ी गई थी।
❒ तराइन के द्वितीय युद्ध में मोहम्मद गौरी ने पृथ्वीराज चौहान के हराया था।
❒ तराइन की लड़ाई, जिसे तरावड़ी की लड़ाई के रूप में भी जाना जाता है। इस लड़ाई में पृथ्वीराज चौहान और मोहम्मद गौरी के बीच वर्ष 1191-1192 ई. के मध्य 18 बार युद्ध हुआ था।

**60.** गुरु नानक देव जी ने सिख धर्म की स्थापना किस ई. (शताब्दी) में की थी।
(a) बारहवीं (b) तेरहवीं
(c) पंद्रहवीं (d) अट्ठारहवीं
**RRB Group-D 24/10/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)
❒ गुरू नानक देव जी ने सिख धर्म की स्थापना 15वीं शताब्दी में की थी।
❒ गुरू नानक देव जी के अनुयायी सिख कहलाये।
❒ गुरू नानक देव जी ने **'गुरू का लंगर'** नामक नि:शुल्क सहभागी भोजनालय स्थापित किया, जिसे गुरू अंगद देव ने स्थायी बना दिया।

**61.** अजमेर इनमें से किस सूफी संत से संबंधित है ?
(a) ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया
(b) ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती
(c) बाबा फरीद
(d) बंदानवाज गेसुदराज
**RRB NTPC 03/02/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)
❒ अजमेर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती सूफी संत से संबंधित है।
❒ अजमेर शरीफ दरगाह को भारत के सबसे पवित्र मुस्लिम तीर्थस्थलों में से एक माना जाता है और यह अजमेर का एक प्रसिद्ध स्थल भी है। इस दरगाह में आस्था, जाति, धर्म, नस्ल या आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना सभी को पूजा करने की मान्यता प्राप्त है।

**62.** विशिष्टाद्वैत दर्शन के संस्थापक कौन थे?
(a) विष्णु स्वामी (b) माधवाचार्य
(c) निम्बार्कचार्य (d) रामानुजाचार्य
**RRB NTPC 30/12/2020 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (d)
❒ विशिष्टाद्वैत दर्शन के संस्थापक रामानुजाचार्य थे।
❒ विशिष्टाद्वैत का अर्थ है- योग्य अद्वैतवाद।

- ❒ रामानुज एक तमिल ब्राह्मण थे और वैष्णववाद के सबसे महत्वपूर्ण विरोधियों में से एक थे। रामानुज ने श्रीभाष्य और गीताभाष्य लिखा।

**63.** कुतुबमीनार जो दुनिया की सबसे ऊँची ईटों की मीनार है। इसका निर्माण 1193 में दिल्ली सल्तनत के किस संस्थापक के आदेशों के तहत किया गया था ?

(a) फिरोजशाह तुगलक (b) कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) इल्तुतमिश (d) कुली कुतुब शाह

**RRB NTPC 29/04/2016 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- ❒ कुतुबमीनार जो दुनिया की सबसे ऊँची ईटों की मीनार है। इसका निर्माण 1193 में दिल्ली सल्तनत के कुतुबुद्दीन ऐबक ने करवाया था।
- ❒ कुतुबमीनार को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है।

**64.** इनमें से किसने अजमेर में 'अढ़ाई दिन का झोपड़ा' निर्मित कराया था ?

(a) नूरजहाँ (b) कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) अलाउद्दीन खिलजी (d) रजिया सुल्तान

**RRB NTPC 01/02/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- ❒ अजमेर में 'अढ़ाई दिन का झोपड़ा' कुतुबद्दीन ऐबक ने निर्मित कराया था।
- ❒ कहा जाता है कि 'अढ़ाई दिन का झोपड़ा' ढ़ाई दिन में निर्मित किया गया था इसलिए इसका नाम अढ़ाई दिन का झोंपड़ा पड़ गया। इसका निर्माण पहले से निर्मित संस्कृत विद्यालय को नष्ट कर मोहम्मद गौरी के आदेश पर इसके गवर्नर कुतुबुद्दीन ऐबक ने 1194 में करवाया था।

**65.** इब्राहिम लोदी 1526 में पानीपत की पहली लड़ाई में किसके द्वारा मारा गया था।

(a) मुहम्मद शाह (b) फिरोजशाह तुगलक
(c) तैमूर (d) बाबर

**RRB Group-D 03/10/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- ❒ इब्राहिम लोदी 1526 में पानीपत की पहली लड़ाई में बाबर द्वारा मारा गया था।
- ❒ यह युद्ध 21 अप्रैल 1526 ई. को पानीपत में लड़ा गया था।
- ❒ पानीपत वह स्थान है, जहाँ बारहवीं शताब्दी के बाद उत्तर भारत के नियंत्रण को लेकर कई निर्णायक युद्ध लड़े गये।

**66.** निम्न में से कौन खिलजी वंश का प्रथम शासक था।

(a) बलबन
(b) मलिक काफूर
(c) अलाउद्दीन खिलजी
(d) जलालउद्दीन फिरोज खिलजी

**RRB Group-D 23/10/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- ❒ खिलजी वंश का प्रथम शासक जलालउद्दीन फिरोज खिलजी था।
- ❒ जलालउद्दीन फिरोज खिलजी ने अपना जीवन एक सैनिक के रूप में शुरू किया था। अपनी योग्यता के बल पर इसने सर-ए-जहाँदार/शाही अंगरक्षक का पद प्राप्त किया तथा बाद में समाना का सूबेदार बना ।

**67.** प्रसिद्ध जामा मस्जिद का निर्माण किस शासक द्वारा कराया गया था?

(a) जहाँगीर (b) शाहजहाँ
(c) औरंगजेब (d) दाराशिकोह

**RPF SI, 11/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- ❒ जामा मस्जिद का निर्माण शाहजहाँ द्वारा कराया गया था।
- ❒ दिल्ली की जामा मस्जिद को बनने में 12 वर्ष लग गए थे। इसका निर्माण वर्ष 1644 ई. में शुरू हुआ था और यह वर्ष 1656 ई. में बनकर तैयार हुई थी।
- ❒ शाहजहाँ इस्लामी वास्तुकला के एक प्रसिद्ध संरक्षक थे।

**68.** दिल्ली के किस सुल्तान ने 'टका' और 'जीतल' सिक्कों को प्रचलित किया?

(a) बलबन (b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) मुहम्मद बिन तुगलक (d) इल्तुतमिश

**RPF SI, 11/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- ❒ दिल्ली के सुल्तान इल्तुतमिश ने 'टका' और 'जीतल' सिक्कों को प्रचलित किया।
- ❒ इल्तुतमिश कुतुबुद्दीन ऐबक का उत्तराधिकारी था। वह दिल्ली सल्तनत का तीसरा शासक था, जो मामलुक वंश से संबंधित था। इसने लाहौर के स्थान पर दिल्ली को अपनी राजधानी बनाया।

**69.** प्रसिद्ध रचना 'तूतीनामा' किसके शासनकाल में रची गयी थी।

(a) बाबर (b) अकबर
(c) औरंगजेब (d) हुमाँयू

**RPF SI, 11/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- ❒ प्रसिद्ध रचना 'तूतीनामा' अकबर के शासनकाल में रची गयी थी।
- ❒ 'तूतीनामा' जिसका शाब्दिक अर्थ है– एक तोते की दास्ताँ।
- ❒ 'तूतीनामा' फारसी भाषा में 52 कहानियों का एक संग्रह है, जिसे **जिया-अलद्दीन-नखशाबी** द्वारा लिखा गया था।
- ❒ 14वीं शताब्दी का यह फारसी मूल-ग्रंथ 12वीं शताब्दी के

एक संस्कृत संकलन की पुनरावृत्ति था। जिसका शीर्षक 'शुकसप्तति' अर्थात तोते की सत्तर दास्तानें था।

**70.** तुगलकाबाद शहर की स्थापना किसने की थी?
(a) फिरोजशाह तुगलक (b) ग्यासुद्दीन तुगलक
(c) मुहम्मद बिन तुगलक (d) महमूद तुगलक

**RPF SI, 11/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)
- ❒ तुगलकाबाद शहर की स्थापना ग्यासुद्दीन तुगलक ने की थी।
- ❒ उसका शासन काल वर्ष 1320 ई. से वर्ष 1325 ई. तक था।
- ❒ तुगलकाबाद का किला दिल्ली के सात शहरों में से तीसरा शहर है। इसके अवशेष कुतुबमीनार से 8 किमी. पूर्व में स्थित है। तुगलकाबाद किले का निर्माण वर्ष 1320-1325 ई. के मध्य हुआ। इस किले में आदिलशाह का किला भी बना हुआ है।

**71.** श्री गुरू गोबिंद सिंह जी ने किस वर्ष में 'खालसा पंथ' की स्थापना की थी।
(a) 1697 (b) 1699
(c) 1701 (d) 1705

**RRB NTPC 22/02/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)
- ❒ श्री गुरू गोबिंद सिंह जी ने वर्ष 1699 ई. में 'खालसा पंथ' की स्थापना की थी। यह बैसाखी का दिन था। इस दिन उन्होंने पाँच प्यारों को अमृतपान करवा कर 'खालसा पंथ' की स्थापना की और फिर पाँच प्यारों के हाथों से खुद भी अमृतपान किया।

**72.** विट्ठल मंदिर, स्मारकों के इनमें से किस समूह में शामिल है?
(a) हम्पी में स्थित स्मारकों के समूह
(b) महाबलीपुरम में स्थित स्मारकों के समूह
(c) पट्टदूकल में स्थित स्मारकों के समूह
(d) खजुराहो में स्थित स्मारकों के समूह

**RRB NTPC 11/03/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)
- ❒ हम्पी में स्थित स्मारकों के समूह में विट्ठल मंदिर शामिल है।
- ❒ विट्ठल मंदिर का निर्माण 15वीं शताब्दी में विजयनगर साम्राज्य के शासकों में से एक देवराय द्वितीय के शासन में हुआ था।
- ❒ विट्ठल मंदिर, भगवान विट्ठल (विष्णु भगवान) को समर्पित है।
- ❒ विट्ठल मंदिर भारतीय वास्तुकला की द्रविड़ शैली में बनाया गया है।

**73.** निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें, जो मुगल सम्राटों के कालक्रम को सही क्रम में दर्शाता है।
(a) जहाँगीर – शाहजहाँ – अकबर – औरंगजेब
(b) अकबर – औरंगजेब – शाहजहाँ– जहाँगीर
(c) अकबर – शाहजहाँ – जहाँगीर – औरंगजेब
(d) अकबर – जहाँगीर – शाहजहाँ – औरंगजेब

**RRB NTPC 23/07/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)
- ❒ **भारत में मुगल शासकों के कालक्रम का सही क्रम इस प्रकार है–**
- ❒ बाबर-हुमाँयू-अकबर-जहाँगीर-शाहजहाँ-औरंगजेब

**74.** निम्न में से किस वंश के शासकों को 'सुल्तान' नहीं कहा जाता था?
(a) लोदी (b) खिलजी
(c) मुगल (d) तुगलक

**RRB NTPC 18/01/2017 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)
- ❒ मुगल वशं के शासकों को सुल्तान नहीं कहा जाता था।
- ❒ सुल्तान की पदवीं भारत के इतिहास में तुर्क के शासकों द्वारा शुरू की गई थी।
- ❒ महमूद गजनवी सुल्तान की उपाधि धारण करने वाला भारत का प्रथम शासक था।

**75.** इनमें से किसने अपने साम्राज्य को संगठित एवं मजबूत बनाने के लिए सिंधु घाटी से लेकर बंगाल में स्थित सोनार घाटी तक शाही (रॉयल) सड़क का निर्माण कराया था, जिसका नाम ब्रिटिश काल के दौरान बदलकर जी.टी. रोड़ कर दिया गया था?
(a) औरंगजेब (b) शेरशाह सूरी
(c) बहादुरशाह जफर (d) आलम शाह

**RRB NTPC 13/01/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)
- ❒ शेरशाह सूरी ने अपने साम्राज्य को संगठित एंव मजबूत करने के लिए सिंधु घाटी से लेकर बंगाल में स्थित सोनार घाटी तक शाही (रॉयल) सड़क का निर्माण वर्ष 16वीं शताब्दी में कराया था, जिसे बाद में अंग्रेजों ने नाम बदलकर जी.टी. रोड़ कर दिया।
- ❒ जी.टी. रोड़ को शेरशाह सूरी मार्ग के नाम से भी जाना जाता है। इसकी लम्बाई लगभग 2500 किमी. है। अंग्रेज गवर्नर जनरल ऑकलैंड ने इसका नाम बदलकर जी.टी. रोड़ या ग्रांड ट्रंक रोड कर दिया।

**76.** शेरशाह द्वारा शुरु किए गए चाँदी के सिक्कों को किसके रूप में मुगलों ने भी जारी रखा था?
(a) टका (b) रुपया
(c) टांका (d) मोहर

**RRB Group-D 03/10/2018 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

❒ शेरशाह सूरी द्वारा शुरू किए गए चाँदी के सिक्कों को रुपया के रूप में मुगलों ने भी जारी रखा था।

❒ भारत में चाँदी का रुपया पहली बार 16वीं शताब्दी में शेरशाह सूरी द्वारा शुरू किया गया था, इस एक सिक्के का वजन 178 ग्रेन था।

❒ शेरशाह सूरी ने एक रुपया को 40 तांबे के टुकड़ों या पैसों में भी विभाजित किया, आगे चलकर मुगलों ने भी चाँदी के सिक्कों को रुपये के रूप में जारी रखा था।

**77.** निम्नलिखित में से कौन-सी धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष दोनों रूप से प्रसिद्ध ऐतिहासिक इमारत उत्तर प्रदेश के फतेहपुर सीकरी शहर में नहीं हैं?

(a) बुलंद दरवाजा
(b) सलीम चिश्ती की दरगाह
(c) दीवान-ए-खास
(d) कुतुब शाही मकबरा

**RRB NTPC 30/04/2016 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❒ कुतुबशाही मकबरा धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष दोनों रूप से प्रसिद्ध ऐतिहासिक इमारत उत्तर प्रदेश के फतेहपुर सीकरी शहर में नहीं है।

❒ यह मकबरा हैदराबाद के इब्राहिम बाग में स्थित है।

❒ बुलंद दरवाजा एवं सलीम चिश्ती की दरगाह फतेहपुर सीकरी में है, जिसका निर्माण अकबर ने कराया था।

❒ दीवान-ए-खास का निर्माण भी अकबर ने वर्ष 1637 ई. में आगरा के किले में कराया था।

**78.** 27 अक्टूबर 1605 को, फतेहपुर सीकरी में निम्न में से किसकी मृत्यु हुई थी, जिन्हें आगरा के सिकंदरा में दफनाया गया था।

(a) सम्राज्ञी मुमताज महल (b) सम्राट शाहजहाँ
(c) सम्राट हुमाँयू (d) सम्राट अकबर

**RRB Group-D 25/09/2018 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❒ 27 अक्टूबर 1605 को, फतेहपुर सीकरी में सम्राट अकबर की मृत्यु हुई थी, जिसे आगरा के सिकंदरा में दफनाया गया था।

❒ सम्राट अकबर ने भारत पर वर्ष 1556 ई. से वर्ष 1605 ई. तक शासन किया तथा अकबर 13 वर्ष की उम्र में ही सम्राट बन गया था।

❒ सम्राट अकबर का प्रधानमंत्री बैरम खां था।

❒ सम्राट अकबर ने एक धर्म दीन-ए-इलाही चलाया।

**79.** सुल्तान मुहम्मद बिन तुगलक ने अपनी राजधानी को दिल्ली से किस जगह स्थानांतरित करने का फैसला किया?

(a) देवगिरी (b) आगरा
(c) लाहौर (d) हैदराबाद

**RPF SI, 12/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

❒ मुहम्मद बिन तुगलक ने अपनी राजधानी को वर्ष 1326-1327 ई. में दिल्ली से देवगिरी (दौलताबाद) में स्थानांतरित कर दिया।

❒ मुहम्मद बिन तुगलक ने वर्ष 1325 ई. से वर्ष 1351 ई. तक दिल्ली पर शासन किया था। यह अपने विभिन्न फैसलों के कारण विवादों में रहा।

❒ मुहम्मद बिन तुगलक को राजधानी के स्थानांतरित होने के कारण मंगोलों के आक्रमण का भय था, इसलिए यह योजना असफल रही और राजधानी को बाद में फिर से दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया।

**80.** इबादत खाना कहाँ स्थित है?

(a) फतेहपुर सीकरी (b) करोल बाग
(c) फिरोजाबाद (d) दीनपनाह

**RPF SI, 13/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

❒ इबादत खाना फतेहपुर सीकरी में स्थित है।

❒ इबादत खाना (पूजा का स्थान) वर्ष 1575 ई. में अकबर द्वारा फतेहपुर सीकरी में विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों के आध्यात्मिक नेताओं को एकत्रित करने के लिए बनाया गया था। ताकि विभिन्न धर्मों के धार्मिक गुरूओं व नेताओं की शिक्षाओं पर चर्चा की जा सके।

**81.** मध्ययुगीन काल में, शर्की राजाओं ने अटाला मस्जिद को किस स्थान पर बनवाया था।

(a) मालवा (b) जौनपुर
(c) गुजरात (d) कश्मीर

**RRB Group-D 26/09/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

❒ मध्ययुगीन काल में, शर्की राजाओं ने अटाला मस्जिद को जौनपुर में बनवाया था।

❒ जौनपुर भारत के उत्तर प्रदेश राज्य का एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थल है। अटाला मस्जिद जौनपुर में स्थित एक प्रसिद्ध मस्जिद है। इस मस्जिद को शर्की राजवंश के शासक इब्राहिम शाह ने वर्ष 1408 ई. में बनवाया था।

**82.** 'किताब-उल-रेहला' पुस्तक किसके द्वारा लिखी गयी?

(a) इब्नबतूता (b) अमीर खुसरो
(c) जियाउद्दीन बरनी (d) अल-बरूनी

**RPF SI, 16/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

❒ 'किताब-उल-रेहला' पुस्तक इब्नबतूता द्वारा लिखी गई, यह एक यात्रा-वृतांत है जिसमें उसने अपनी यात्रा के अनुभवों को लिखा है। इस पुस्तक के अनुसार इसने

लगभग 30 वर्षों तक यात्रा की थी।

**83.** अहमदनगर की किस रानी ने सम्राट अकबर के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी ?

(a) चाँद बीबी (b) रजिया सुल्तान
(c) दुर्गावती (d) रूपमती

**RRB NTPC 23/01/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- अहमदनगर की रानी चाँद बीबी ने सम्राट अकबर के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी।
- चाँद बीबी को चाँद सुल्तान तथा चाँद खातून नामक नामों से भी जाना जाता है। इसने बीजापुर और अहमदनगर की संरक्षिका के रूप में शासन किया। चाँद बीबी को सबसे ज्यादा सम्राट अकबर की मुगल सेना से अहमदनगर की रक्षा के लिए जाना जाता है।

**84.** हल्दीघाटी का युद्ध कब लड़ा गया था ?

(a) 1552 (b) 1568
(c) 1576 (d) 1584

**RRB NTPC 15/03/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- हल्दीघाटी का युद्ध 18 जून, 1576 ई. को मेवाड़ के राजपूत शासक महाराणा प्रताप और मुगल बादशाह अकबर के बीच लड़ा गया।
- हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप पराजित हुए।
- अकबर की सेना का नेतृत्व आमेर के राजा मानसिंह प्रथम ने किया था, जबकि इस युद्ध में महाराणा प्रताप को मुख्य रूप से भील जनजाति का सहयोग मिला था।

**85.** भारत के इनमें से किस मुगल शासक ने अंग्रेजों को सूरत में अपना पहला कारखाना स्थापित करने की अनुमति दी थी?

(a) शाहजहाँ (b) बहादुरशाह जफर
(c) औरंगजेब (d) जहाँगीर

**RRB NTPC 02/02/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- जहांगीर ने अंग्रेजों को सूरत में अपना पहला कारखाना स्थापित करने कि अनुमति दी थी।
- वर्ष 1608 ई. में इंग्लैंड के राजा जेम्स प्रथम के दूत के रूप में कैप्टन हाकिन्स सूरत पहुंचा, जहाँ से वह मुगल सम्राट जहाँगीर से मिलने आगरा गया।
- वर्ष 1613 ई. को जारी शाही फरमान ने अंग्रेजों को भारत के सूरत में फैक्ट्री खोलने की अनुमति दे दी।

**86.** शाहजहाँ की बेटी ने शाहजहाँनाबाद (दिल्ली) में स्थापित नई राजधानी की कई वास्तुशिल्प परियोजनाओं में भाग लिया था।

(a) बेगम इशरत (b) गुलबदन बेगम
(c) रोशनआरा (d) जहाँआरा

**RRB NTPC 11/01/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- शाहजहाँ की बेटी जहाँआरा ने शाहजहाँनाबाद (दिल्ली) में स्थापित नई राजधानी की कई वास्तुशिल्प परियोजनाओं में भाग लिया था।
- शाहजहाँनाबाद की 18 इमारतों में से 5 का निर्माण जहाँआरा ने महिलाओं द्वारा कराया था। इनकी सबसे प्रसिद्ध परियोजना चांदनी चौक थी, जो पुरानी दिल्ली की चहारदिवारी वाले शहर की मुख्य सड़क थी।

**87.** बाबर की आत्मकथा 'बाबरनामा' किस भाषा में लिखी गई थी ?

(a) कुर्दी (b) पश्तो
(c) उर्दू (d) तुर्की

**RRB Group-D 24/09/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- बाबर की आत्मकथा 'बाबरनामा' तुर्की भाषा में **तुजुक-ए-बाबरी** के नाम से लिखी गई है।
- **'बाबरनामा'** में बाबर ने अपने जीवन की अनेक घटनाओं का विस्तार से वर्णन किया है। इसके माध्यम से बाबर द्वारा जीवन में लड़े गए युद्धों की जानकारी प्राप्त होती है।
- **'बाबरनामा'** में बाबर द्वारा पानीपत, खानवा, चन्देरी आदि के युद्धों में अपनाई गई **तुलुगमा युद्ध प्रणाली** व अन्य युद्ध नीतियों का सही से वर्णन किया गया है।

**88.** किस वर्ष में औरंगजेब की मृत्यु के बाद, भारत के विभिन्न हिस्सों में मुगल प्रशासकों के तहत कई क्षेत्रीय साम्राज्य सत्ता में आये?

(a) 1705 (b) 1706
(c) 1707 (d) 1708

**RRB Group-D 05/12/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- वर्ष 1707 ई. में औरंगजेब की मृत्यु के बाद, भारत के विभिन्न हिस्सों में मुगल शासकों के तहत कई क्षेत्रीय साम्राज्य सत्ता में आये, जिसके कारण पर्शिया के नादिरशाह और अहमदशाह अब्दाली आक्रमणकारी भारत पर आक्रमण करने आए।
- औरंगजेब की मृत्यु के बाद औरंगजेब का साम्राज्य कमजोर पड़ गया और एक भी उत्तराधिकारी साम्राज्य को संभाल नहीं सका।

**89.** निम्नलिखित में से किस राजा को औरंगजेब ने छत्रपति शिवाजी महाराज के विरुद्ध युद्ध के लिए भेजा था ?

(a) बहादुर शाह जफर (b) आदिल शाह
(c) मान सिंह (d) जय सिंह

**RRB NTPC 25/01/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- औरंगजेब ने 1665 ई. में राजा जयसिंह को छत्रपति

शिवाजी महाराज के विरूद्ध युद्ध लड़ने के लिए भेजा था।

- इस युद्ध में राजा जय सिंह ने मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज को पराजित कर दिया और तदुपरांत शिवाजी महाराज को पुरंदर की संधि (1665) के लिए विवश किया।

**90.** भारत से मयूर सिंहासन कौन लेकर गया था ?

(a) नादिरशाह (b) अहमद शाह
(c) मुहम्मद बिन तुगलक (d) चंगेज खाँ

**RRB NTPC 12/02/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- भारत से मयूर सिंहासन, नादिर शाह लेकर गया था।
- नादिर शाह ने मुहम्मद शाह रंगीला के शासनकाल में आक्रमण किया और इनके बीच करनाल में वर्ष 1739 ई. में युद्ध हुआ, जिसमें मुहम्मद शाह रंगीला को हराकर बंदी बना लिया गया।
- नादिर शाह को **'ईरान का नेपोलियन'** के नाम से भी जाना जाता है। भारत से जाते हुए वह प्रसिद्ध मुगल सिंहासन **तख्त-ए-ताउस** और **कोहीनूर हीरा** भी अपने साथ ले गया।

**91.** मध्यकाल में लिखे गए महाकाव्य 'पद्मावत' के लेखक कौन है?

(a) मुल्ला दाउद
(b) अबुल फजल इब्न मुबारक
(c) मलिक मुहम्मद जायसी
(d) अमीर खुसरो

**RRB NTPC 23/01/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- मध्यकाल में लिखे गए महाकाव्य 'पद्मावत' के लेखक मलिक मोहम्मद जायसी है।
- 'पद्मावत' महाकाव्य चित्तौड़ के महान राजा रतनसिंह रावल और रानी 'पद्ममावती' की कथा है, जिसमें रानी पद्मावती के अद्वितीय सौंदर्य और बुद्धिमानी, युद्ध नीतियों आदि का वर्णन किया गया है।
- 'पद्मावत' मनसवी शैली में रचित एक प्रबंध काव्य है, जिसमें चित्तौड़ पर अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण तथा रानी 'पद्ममावती' के जौहर का वर्णन है।
- इसके अतिरिक्त मलिक मोहम्मद जायसी की रचनाएं है– **कहरेनामा, मसलानामा, आखिरी कलाम, चित्ररेखा, अखरावट** आदि।

**92.** भारत का अंतिम मुगल शासक कौन था ?

(a) आलमगीर द्वितीय (b) औरंगजेब
(c) अहमद शाह बहादुर (d) बहादुरशाह द्वितीय

**RRB NTPC 29/03/2016 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

- भारत का अंतिम मुगल शासक बहादुरशाह द्वितीय या बहादुर शाह जफर था।
- इसका असली नाम अबुजफर नासिरुद्दीन सिद्दीकी मुहम्मद बहादुरशाह जफर था।
- बहादुरशाह जफर ने वर्ष 1837 ई. से वर्ष 1857 ई. तक लगभग 20 वर्ष तक शासन किया।
- वर्ष 1857 ई. की क्रांति में बहादुरशाह जफर ने भारत का नेतृत्व अंग्रेजों के विरूद्ध किया और अंग्रेजों से हार के बाद, अंग्रेजों ने बहादुरशाह जफर को बंदी बना लिया।
- बहादुरशाह जफर की मृत्यु 7 नवंबर 1862 ई. को रंगून में हुई थी।

**93.** दिल्ली के प्रसिद्ध शासक फरीद को अन्य किस नाम से जाना जाता था?

(a) अकबर (b) शेरशाह
(c) इस्माली शाह (d) आदिल शाह

**RPF SI, 06/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- दिल्ली के प्रसिद्ध शासक फरीद को 'शेरशाह' के नाम से जाना जाता था।
- वर्ष 1539 ई. में फरीद खान को शेरशाह की उपाधि से सम्मानित किया गया था। वर्ष 1539 ई. में इसने, चौसा की लड़ाई में हुमाँयू को हराया और उसके बाद इसने सम्राट के रूप में 'शेरशाह' की उपाधि धारण की।
- बहार खान लोहानी ने फरीद खान को शेर खान की उपाधि से सम्मानित किया क्योंकि इसने तलवार के एक वार से बाघ को मार डाला था।

**94.** शेख सलीम चिश्ती का मकबरा इनमें से किस शहर में स्थित है?

(a) दिल्ली (b) गोलकुंडा
(c) फतेहपुर सीकरी (d) जूनागढ़

**RRB NTPC 31/07/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- शेख सलीम चिश्ती का मकबरा उत्तर प्रदेश के फतेहपुर सीकरी शहर में स्थित है।
- शेख सलीम चिश्ती के मकबरे का निर्माण अकबर ने कराया था।
- शेख सलीम चिश्ती एक सूफी संत थे।
- शेख सलीम चिश्ती ने अकबर को आशीर्वाद दिया और जल्द ही उनके तीन बेटों मे से एक का जन्म हुआ, अकबर ने शेख सलीम चिश्ती के सम्मान में अपने पहले बेटे का नाम सलीम (जहांगीर) रखा।

**95.** ताज महल की सजावट के लिए मुख्यत: किस वास्तु तकनीक का इस्तेमाल किया गया हैं?
(a) मोजेक (b) रिलीफ
(c) पिएट्रा ड्यूरा (d) टेसरे
**RRB NTPC 27/02/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)
- ताजमहल की सजावट के लिए मुख्यत: पिएट्रा ड्यूरा नामक वास्तु तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।
- पिएट्रा ड्यूरा जिसे 'पच्चीकारी' भी कहा जाता है। अत्यधिक पॉलिश किए गए रंगीन पत्थरों का उपयोग करके छवियों को बनाने के लिए, काटने और जड़ने की तकनीक के लिए प्रयुक्त एक शब्द है।
- पिएट्रा ड्यूरा तकनीक का पहली बार उपयोग 16वीं शताब्दी में रोम में किया गया था और बाद में इटली के फ्लोरेंस में इस तकनीक को विकसित किया गया था।

**96.** निम्नलिखित में से किसका निर्माण शाहजहाँ द्वारा नहीं करवाया गया था?
(a) शालीमार बाग (b) लाल किला (दिल्ली)
(c) बुलंद दरवाजा (d) जामा मस्जिद (दिल्ली)
**RRB NTPC 09/03/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)
- बुलन्द दरवाजा का निर्माण शाहजहाँ ने नहीं करवाया था।
- बुलंद दरवाजे को अकबर ने गुजरात पर विजय प्राप्त करने की याद में वर्ष 1602 ई. में बनवाया था।
- बुलंद दरवाजा का दूसरा नाम **'भव्यता का द्वार'** या **'गौरव का द्वार'** है। इसकी ऊँचाई 54 मीटर है।
- इसके अलावा अन्य इमारतों लाल किला, जामा मस्जिद, शालीमार बाग के साथ-साथ मोती मस्जिद, वजीर खान मस्जिद, हस्तसाल में मिनी कुतुबमीनार का निर्माण शाहजहाँ ने करवाया था।

**97.** ताज महल परिसर का निर्माण लगभग कब शुरू किया गया था?
(a) 1621 ई. (b) 1632 ई.
(c) 1641 ई. (d) 1651 ई.
**RRB NTPC 30/12/2020 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)
- ताजमहल परिसर का निर्माण लगभग वर्ष 1632 ई. में शुरू किया गया और पूर्ण रूप से वर्ष 1653 ई. में बनकर तैयार हो गया।
- यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सेंटर के अनुसार ताजमहल वर्ष 1631 ई. से वर्ष 1648 ई. के मध्य निर्मित हुआ था।

**98.** कर्नाटक का मैसूर पैलेस निम्नलिखित में से किस राजवंश का आधिकारिक निवास था ?
(a) चालुक्य (b) वाडियार
(c) चोल (d) पल्लव
**RRB NTPC 21/01/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)
- कर्नाटक का मैसूर पैलेस वाडियार राजवंश का अधिकारिक निवास था।
- वर्ष 1612 ई. में विजयनगर के शासक वेंकट द्वितीय ने मैसूर के सरदार वाडियार को राजा की उपाधि से विभूषित किया। कालान्तर में वाडियार वंश के शासकों ने स्वतंत्र रूप से मैसूर पर शासन किया।

**99.** मुगल कालीन प्रसिद्ध गायक तानसेन किस भारतीय संगीत शैली से संबंध रखते हैं?
(a) ध्रुपद (b) ठुमरी
(c) राग (d) खयाल
**RRB NTPC 10/01/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)
- मुगल कालीन प्रसिद्ध गायक तानसेन भारतीय संगीत की ध्रुपद गायन शैली के समृद्ध गायक थे।
- तानसेन की जन्मभूमि ग्वालियर और कर्मभूमि रीवा रही। आज यह गुजरी महल संग्रहालय के रूप में है, जिसमें संगीत की गौरवशाली परंपरा के शिलालेख मौजूद है।
- तानसेन एक महान संगीतकार थे। वह मुगल सम्राट अकबर के दरबार में उनके 'नवरत्नों' में से एक थे। अकबर ने ही तानसेन को मियाँ का शीर्षक दिया था।

**100.** उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित में से कौन-सा स्मारक नहीं है?
(a) सफदरगंज का मकबरा (b) ताज महल
(c) बड़ा इमामबाड़ा (d) सारनाथ स्तूप
**RRB NTPC 10/01/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)
- सफदरगंज का मकबरा उत्तर प्रदेश में न होकर दिल्ली में स्थित है। यह मकबरा दिल्ली की प्रसिद्ध इमारतों में से एक है।
- सफदरगंज का मकबरा मुगल बादशाह मुहम्मद शाह की स्मृति में नवाब शुजाउददौला ने वर्ष 1754 ई. में बनवाया था। यहाँ उनकी बेगम की कब्र बनी हुई है।

**101.** निम्नलिखित संगीतकारों में से वह कौन है जो (1253-1325) ई. तक जीवित थे और जिन्हें पारंपरिक तबला और सितार के आविष्कारक के रूप में जाना जाता था?
(a) तानसेन (b) अमीर खुसरों
(c) स्वामी शास्त्री (d) बैजू बावरा
**RRB NTPC 29/04/2016 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)
- अमीर खुसरों (1253-1325) ई. प्रसिद्ध सूफी संत हजरत निजामुद्दीन औलिया के शिष्य थे। उन्हें सितार, तबला और कई अन्य संगीत वाद्ययंत्रो के आविष्कार का श्रेय भी दिया जाता है।
- अमीर खुसरों द्वारा खयाल और तराना, हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के दो लोकप्रिय रूपों की खोज के लिए जाना जाता है।

❐ अमीर खुसरों को **'कव्वाली का जनक'** भी माना जाता है।

**102.** जयपुर की विख्यात इमारत हवा महल एक बहुस्तरीय महल है, जो सवाई प्रताप सिंह द्वारा ई. में बनाई गयी थी।

(a) 1599 ई. (b) 1699 ई.
(c) 1799 ई. (d) 1899 ई.

**RRB Group-D 06/12/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

❐ जयपुर की विख्यात इमारत हवा महल एक बहुस्तरीय महल है, जिसे सवाई प्रताप सिंह द्वारा वर्ष 1799 ई. में बनाया गया था।

❐ हवा महल पाँच मंजिला इमारत है, जो जयपुर (राजस्थान) के प्रसिद्ध जौहरी बाजार के पास स्थित है। यह पूर्ण रूप से लाल और गुलाबी बलुआ पत्थर से बनी हुई है।

**103.** मध्यकाल में, भारत आने वाले यात्रियों ने अपनी जीवनी लिखी और दरबारी कवियों ने अपने राजाओं की प्रशंसा के लिए कविताएं लिखी। इन साहित्य स्त्रोतों को क्या कहा जाता है।

(a) अभिलेख (b) इतिवृत्त
(c) धर्मशास्त्र (d) कालक्रम

**RRB Group-D 15-10-2018 (Shift-I)**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

❐ मध्यकाल में, भारत आने वाले यात्रियों ने अपनी जीवनी लिखी और दरबारी कवियों ने अपने राजाओं की प्रशंसा के लिए कविताएं लिखी। इन साहित्य स्त्रोंतो को इतिवृत्त कहा जाता है। मुगल साम्राज्य के सभी इतिवृत्त पांडुलिपियों के रूप में मिले है।

**104.** मध्यकालीन भारत के दौरान लिखी गई किताब 'गीत गोविंद' के लेखक कौन हैं?

(a) मीराबाई (b) तुलसीदास
(c) कबीर (d) जयदेव

**RRB Group-D 02/11/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❐ मध्यकालीन भारत के दौरान लिखी गई किताब (गीत गोविंद) के लेखक जयदेव है।

❐ जयदेव बंगाल के राजा लक्ष्मण सेन के दरबार में शाही कवि थे।

❐ गीत गोविंद में कृष्ण और वृदांवन की गोपियों के बीच के संबंध और विशेष रूप से राधा नाम की एक गोपी का वर्णन किया गया है।

❐ गीत गोविंद बारह अध्यायों में व्यवस्थित है।

**105.** राजपूत राजवंश के अनंगपाल तोमर ने किस राज्य को स्थापित किया था।

(a) गुजरात (b) मालवा
(c) अजमेर (d) दिल्ली

**RRB Group-D 30/10/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)

❐ अनंगपाल तोमर या अनंगपाल द्वितीय तोमर वंश के संस्थापक थे। अनंगपाल तोमर को 11वीं शताब्दी में दिल्ली की स्थापना करने और दिल्ली को बसाने के लिए जाना जाता है।

❐ उनके शासन काल में तोमर साम्राज्य अपने चरम पर पहुँच गया था।

**106.** भारत में मध्यकाल किस शताब्दी से शुरू होता है और किस शताब्दी में समाप्त होता है।

(a) छठीं, अट्ठारहवीं (b) सातवीं, सोलहवीं
(c) आठवीं, अट्ठारहवीं (d) नौवीं, सत्रहवीं

**RRB Group-D 22/10/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

❐ भारत में मध्यकाल आठवीं शताब्दी से शुरू होता है और अट्ठारहवीं शताब्दी में समाप्त होता है।

❐ मध्यकाल को दो भागों, प्रारंभिक मध्यकाल युग (8वीं-11वीं) शताब्दी तथा उत्तर मध्यकाल युग (12वीं-18वीं) शताब्दी जिसे मुगलकाल भी कहा जाता है में विभाजित किया गया है।

# आधुनिक इतिहास

**1.** 'पागलपंथी विद्रोह' कहाँ हुआ था?
(a) बिहार (b) महाराष्ट्र
(c) बंगाल (d) गुजरात

**RPF SI, 19/12/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प – (c)**
❒ पागलपंथी विद्रोह वर्ष 1813 ई. को बंगाल के ममैंसिंध क्षेत्र में हुआ था।
❒ पागलपंथी विद्रोह के द्वारा तत्कालीन समाज के लोगों द्वारा जमींदारों के अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठायी गई थी।
❒ पागलपंथी विद्रोह मुख्यत: गारो जनजाति के लोगों से सम्बन्धित था।
❒ पागलपंथी विद्रोह को उत्तरी बंगाल में संचालित करने का श्रेय करमशाह/करीमशाह को जाता है।

**2.** 'पुणे सार्वजनिक सभा' की स्थापना निम्न में से किस स्थान पर हुई?
(a) जमशेदपुर (b) पुणे
(c) पटना (d) पुष्कर

**RPF SI, 19/12/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प – (b)**
❒ पुणे सार्वजनिक सभा की स्थापना महात्मा गोविंद रानाडे ने 2 अप्रैल 1870 ई. को पुणे (महाराष्ट्र) में की थी।
❒ पुणे सार्वजनिक सभा आजादी से पूर्व ब्रिटिश भारत में स्थापित एक सामाजिक संगठन था।
❒ पुणे सार्वजनिक सभा का उद्देश्य तत्कालीन सरकार तथा जनता के बीच मध्यस्थता तथा किसानों के कानूनी अधिकारों को लोकप्रिय बनाना था।

**3.** 'सोंग्राम संगमा विद्रोह' कहाँ हुआ?
(a) असम (b) राजस्थान
(c) दिल्ली (d) पश्चिम बंगाल

**RPF SI, 19/12/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प – (a)**
❒ सोंग्राम संगमा विद्रोह वर्ष 1906 ई. को असम में हुआ था।
❒ सोंग्राम संगमा विद्रोह का मुख्य कारण अंग्रेजों द्वारा आदिवासी जनजातियों का शोषण था। अंग्रेजों ने आदिवासी जनजातियों के क्षेत्र को सीमित कर दिया जिसके फलस्वरूप इन जनजातियों को उनके वन अधिकारों से वंचित होना पड़ा था।

**4.** दिसंबर 1929 ई. में लाहौर में संपन्न हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में कौन-सा प्रस्ताव पास हुआ?
(a) स्वदेशी प्रस्ताव (b) मसौदा प्रस्ताव
(c) पूर्ण स्वराज प्रस्ताव (d) राष्ट्रीय योजना प्रस्ताव

**RPF SI, 19/12/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प – (c)**
❒ दिसंबर 1929 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज की प्राप्ति का प्रस्ताव पारित हुआ था।
❒ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन की अध्यक्षता पं. जवाहर लाल नेहरू ने की थी।
❒ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में यह निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी 1930 ई. के दिवस को पूर्ण स्वतंत्रता के रूप में मनाया जाएगा।
❒ लाहौर रावी नदी के तट पर स्थित है, जिसकी वर्तमान अवस्थिति पंजाब (पाकिस्तान) में है।

**5.** निम्न में से किस समझौता पत्र पर महात्मा गाँधी और डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बीच हस्ताक्षर हुए थे जो अछूतों को नए अधिकार देता है?
(a) गाँधी-इरविन समझौता (b) पूना समझौता
(c) दिल्ली समझौता (d) लखनऊ समझौता

**RPF Const. 28/03/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प – (b)**
❒ महात्मा गाँधी तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के मध्य पूना समझौता 24 सितम्बर 1932 ई. को हुआ था। इसको पूना पैक्ट के नाम से भी जाना जाता है। इस समझौते के तहत अछूत (दलित वर्ग) को नए अधिकार मिले। पूना समझौता पर महात्मा गाँधी ने स्वयं हस्ताक्षर नहीं किये थे।

**6.** महात्मा गाँधी किसे अपना राजनीतिक गुरु मानते थे?
(a) गोपाल कृष्ण गोखले (b) दादाभाई नौरोजी
(c) महादेव गोविंद रानाडे (d) बाल गंगाधर तिलक

**RPF Const. 28/03/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प – (a)**
❒ महात्मा गाँधी के राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले थे।
❒ गोपाल कृष्ण गोखले के राजनीतिक गुरु महात्मा गोविंद रानाडे थे।
❒ गोपाल कृष्ण गोखले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नरम दल से सम्बन्धित थे।
❒ गोपाल कृष्ण गोखले ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बनारस अधिवेशन (1905) की अध्यक्षता की थी।

**7.** भारत में समुद्री व्यापार केंद्र स्थापित करने वाले पहले यूरोपीय लोग कौन थे?
(a) फ्रांसीसी (b) डच

(c) अंग्रेज (d) पुर्तगाली

RPF Const. 29/03/2019 Shift-3

**व्याख्या : विकल्प - (d)**

- भारत में समुद्री व्यापार केंद्र स्थापित करने वाले पहले यूरोपीय पुर्तगाली थे।
- पुर्तगाली व्यापारी वास्कोडिगामा ने 17 मई 1498 ई. को भारत के लिए नये समुद्री मार्ग की खोज की थी।
- वास्कोडिगामा सर्वप्रथम भारत के पश्चिमी तट पर स्थित कालीकट बंदरगाह पहुँचा था।
- **भारत में आने वाली यूरोपीय शक्तियों का क्रम कुछ इस प्रकार है -**

  (पुर्तगाली → डच → अंग्रेज → डेनिश → फ्रांसीसी)

**8.** भारत छोड़ो आंदोलन निम्न में से किसकी विफलता के कारण शुरू हुआ था।

(a) कैबिनेट मिशन
(b) साइमन कमीशन
(c) क्रिप्स मिशन
(d) इनमें से कोई विकल्प नहीं

RPF Const. 29/03/2019 Shift-3

**व्याख्या : विकल्प - (c)**

- भारत छोड़ो आंदोलन क्रिप्स मिशन की विफलता के कारण शुरू हुआ था।
- भारत में क्रिप्स मिशन का आगमन मार्च 1942 ई. को हुआ था। क्रिप्स मिशन की विफलता का मुख्य कारण भारत को पूर्ण रूप से स्वतंत्रता ना देकर विभाजित डोमिनियन स्टेट्स का दर्जा प्रदान करना था।
- भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत अगस्त 1942 ई. को हुई थी। इस आंदोलन के दौरान मुम्बई स्थित ग्वालिया टैंक मैदान से महात्मा गाँधी ने **'करो या मरो'** का नारा दिया था।

**9.** ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत के किस शहर में अपना पहला व्यापारिक केन्द्र स्थापित किया था ?

(a) अहमदाबाद (b) मुंबई
(c) दिल्ली (d) सूरत

RRB NTPC 04/02/2021 Shift-1

**व्याख्या : विकल्प - (d)**

- ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत के सूरत शहर में अपना पहला व्यापारिक केन्द्र स्थापित किया था।
- ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना 31 दिसंबर 1600 ई. को हुई थी।

**10.** गोवा को पुर्तगाल से स्वतंत्रता किस वर्ष में प्राप्त हुई?

(a) 1960 (b) 1963
(c) 1961 (d) 1962

RRB NTPC 31/07/2021 Shift-1

**व्याख्या : विकल्प - (c)**

- गोवा को पुर्तगाल से स्वतंत्रता वर्ष 1961 ई. में प्राप्त हुई थी।
- पुर्तगालियों द्वारा गोवा पर कब्जा वर्ष 1510 ई. में किया गया था। वर्ष 1510 ई. से वर्ष 1961 ई. (लगभग 450 वर्षों तक) गोवा पुर्तगालियों के अधीन रहा।
- **'ऑपरेशन विजय'** के तहत भारतीय सेना ने गोवा को पुर्तगालियों के कब्जे से 19 दिसम्बर 1961 ई. को स्वतंत्र करा लिया।

**11.** भारत में अंग्रेजों द्वारा निर्मित पहला किला कौन-सा था?

(a) फोर्ट सेंट जॉर्ज (b) फोर्ट सेंट लुइस
(c) फोर्ट सेंट एंग्लो (d) फोर्ट सेंट पीटर

RRB Group-D 18/09/2018 Shift-3

**व्याख्या : विकल्प - (a)**

- भारत में अंग्रेजों द्वारा निर्मित पहला किला 'फोर्ट सेंट जॉर्ज' था।
- फोर्ट सेंट जॉर्ज को ऐतिहासिक रूप से 'व्हाइट टाउन' के नाम से भी जाना जाता है।
- फोर्ट सेंट जॉर्ज किले की स्थापना वर्ष 1640 ई. में ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा तत्कालीन (मद्रास), वर्तमान (चेन्नई) तमिलनाडु राज्य में की गई थी।

**12.** केप ऑफ गुड होप कहाँ स्थित है?

(a) रूस (b) दक्षिण अफ्रीका
(c) अर्जेंटीना (d) जर्मनी

RRB Group-D 09/10/2018 Shift-1

**व्याख्या : विकल्प - (b)**

- केप ऑफ गुड होप दक्षिण अफ्रीका में स्थित है।
- केप ऑफ गुड होप से होकर ही पुर्तगाली व्यापारी वास्कोडिगामा कालीकट के तट पर पहुंचा था।
- केप ऑफ गुड होप पर पहुँचने का श्रेय सर्वप्रथम पुर्तगाली व्यक्ति **बारटोलोमीयु डियास** को जाता है।
- केप ऑफ गुड होप का अन्य नाम उत्तमाशा अंतरीप है।

**13.** भारत के पहले वायसराय कौन थे?

(a) कैनिंग (b) विलियम बेंटिंक
(c) रॉबर्ट क्लाइव (d) डलहौजी

RPF Const. 29/03/2019 Shift-2

**व्याख्या : विकल्प - (a)**

- भारत के प्रथम वायसराय कैनिंग थे।
- कैनिंग का कार्यकाल वायसराय के रूप में 1 नवम्बर 1858 ई. से 21 मार्च 1862 ई. तक था।
- गवर्नर ऑफ इंडिया एक्ट 1858 के अनुसार, भारत के गवर्नर जनरल ऑफ इंडिया को भारत का वायसराय घोषित किया गया।
- कैनिंग गवर्नर जनरल के पद पर 28 फरवरी 1856 ई. से

21 मार्च 1862 ई. तक रहे।

- **कैनिंग के कार्यकाल के दौरान पारित एक्ट-**
  - विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 1856
  - गवर्नर ऑफ इंडिया एक्ट 1858
  - गवर्नर ऑफ इंडिया एक्ट 1861
  - वर्ष 1861 ई. में मद्रास, कलकत्ता तथा बम्बई में उच्च-न्यायालय की स्थापना।

**14.** किसान सभा आंदोलन किस राज्य में प्रारंभ हुआ।

(a) गुजरात (b) नई दिल्ली
(c) कर्नाटक (d) बिहार

**RPF SI, 24/12/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (d)

- किसान सभा आंदोलन बिहार राज्य में प्रारंभ हुआ था।
- किसान सभा आंदोलन का नेतृत्व बिहार में स्वामी सहजानन्द सरस्वती ने किया था।
- स्वामी सहजानन्द सरस्वती ने ही वर्ष 1929 ई. में बिहार प्रांतीय किसान सभा का गठन किया था।

**15.** 'पाबना किसान विद्रोह' निम्न में से किस राज्य में हुआ?

(a) गुजरात (b) पश्चिम बंगाल
(c) असम (d) दिल्ली

**RPF SI, 24/12/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)

- 'पाबना किसान विद्रोह' वर्ष (1873-76) ई. के दौरान पश्चिम बंगाल में हुआ था।
- 'पाबना किसान विद्रोह' जमींदारों द्वारा किसानों के शोषण के विरूद्ध था।
- 'पाबना किसान विद्रोह' आंदोलन के प्रमुख नेताओं में शंभूपाल तथा ईशान चन्द्र राय थे।
- **भारत में हुये अन्य प्रमुख किसान विद्रोह/आंदोलन/सत्याग्रह** -
  - नील विद्रोह (1859)
  - चम्पारण सत्याग्रह (1917)
  - बारदोली आंदोलन (1928)
  - तेभागा विद्रोह (1946-47)

**16.** जमींदार एसोसिएशन की स्थापना कब की गई?

(a) 1623 (b) 1728
(c) 1838 (d) 1990

**RPF SI, 24/12/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)

- जमींदारी एसोसिएशन की स्थापना वर्ष 1838 ई. में हुई थी। जमींदारी एसोसिएशन को ही **लैंडहोल्डर्स सोसाइटी** के रूप में जाना जाता है। जमींदारी एसोसिएशन के संस्थापकों में द्वारकानाथ टैगोर प्रमुख थे।

**17.** भारत में सती प्रथा का अंत किसने किया?

(a) वेलेजली (b) कॉर्नवॉलिस
(c) विलियम बेंटिंक (d) वॉरेन हेस्टिंग्स

**RPF Const. 28/03/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)

- भारत में सती प्रथा का अंत विलियम बेंटिंक ने किया।
- विलियम बेंटिंक वर्ष 1834 ई. में भारत के प्रथम गवर्नर जनरल नियुक्त हुये थे।
- ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राममोहन राय ने तत्कालीन समाज में व्याप्त बुराईयों तथा महिलाओं के ऊपर हो रहे अत्याचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की थी। इन्हीं के प्रयासों के फलस्वरूप 4 दिसंबर 1829 ई. को तत्कालीन फोर्ट विलियम (बंगाल) के गवर्नर विलियम बेंटिंक ने सती प्रथा पर रोक लगा दी थी।
- विलियम बेंटिंक का भारत के प्रथम गवर्नर जनरल के रूप में कार्यकाल वर्ष (1834-35) ई. तक था।

**18.** नील विद्रोह निम्न में से किस राज्य में हुआ?

(a) असम (b) बिहार
(c) पश्चिम बंगाल (d) महाराष्ट्र

**RPF SI, 19/12/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)

- नील विद्रोह पश्चिम बंगाल राज्य में हुआ था।
- नील विद्रोह वर्ष 1859 ई. में हुआ था। यह विद्रोह भारतीय किसानों का प्रथम सफल विद्रोह था।
- नील विद्रोह का मुख्य कारण भारतीय किसानों द्वारा नील की खेती ना करना था।
- नील विद्रोह के प्रमुख नेताओं में विष्णु विश्वास तथा दिगम्बर विश्वास थे। भारतीय किसानों द्वारा नील की खेती ना करने के कारण वर्ष 1860 ई. में नील आयोग की नियुक्ति हुई थी।

**19.** खेड़ा सत्याग्रह कहाँ हुआ था?

(a) बिहार (b) महाराष्ट्र
(c) गुजरात (d) पश्चिम बंगाल

**RPF SI, 19/12/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)

- खेड़ा सत्याग्रह वर्ष 1918 ई. को गुजरात में हुआ था।
- खेड़ा आन्दोलन का प्रमुख कारण अंग्रेजों की कर वसूली के विरुद्ध भारतीय किसानों का प्रदर्शन था।
- वर्ष 1918 ई. में भारत में अत्यधिक सूखा पड़ने के कारण किसानों की फसल बर्बाद हो गयी थी। फसल बर्बाद होने के फलस्वरूप भारतीय किसान अंग्रेजों को लगान (कर) देने में असमर्थ हो गये थे। इसी प्रकरण के खिलाफ महात्मा गाँधी ने किसानों के साथ मिलकर खेड़ा सत्याग्रह आरम्भ किया था।

**20.** कौन-से भारतीय नेता को लोकप्रिय रूप से 'पंजाब केसरी' के रूप में जाना जाता था?
(a) लाला लाजपत राय
(b) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(c) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(d) सरदार वल्लभ भाई पटेल

**RRB Group-D 10/10/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)

❒ भारतीय नेता लाला लाजपत राय को लोकप्रिय रूप से 'पंजाब केसरी' के रूप में जाना जाता था।
❒ मौलाना अबुल कलाम आजाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सबसे युवा अध्यक्ष बने थे।
❒ रवीन्द्रनाथ टैगोर प्रथम एशियाई तथा भारतीय व्यक्ति थे जिन्हें नोबेल पुरस्कार की प्राप्ति हुई।
❒ सरदार वल्लभ भाई पटेल की सबसे ऊंची प्रतिमा गुजरात राज्य के केवड़िया नामक स्थान पर स्थित है। जिसको **'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी'** के नाम से जाना जाता है। इसकी ऊंचाई 182 मीटर है।

**21.** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना किस वर्ष में हुई थी।
(a) 1885 (b) 1889
(c) 1947 (d) 1950

**RPF Const. 17/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)

❒ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 ई. को गोकुलदास तेजपाल संस्कृत कॉलेज, बॉम्बे में हुई थी।
❒ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक एलेन ऑक्टेवियन ह्यूम थे।
❒ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता व्योमेश चंद्र बनर्जी ने की थी।
❒ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन बॉम्बे में वर्ष 1885 ई. में आयोजित हुआ था; जिसमें कुल 72 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।
❒ वर्ष 1886 ई. को कलकत्ता में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वितीय अधिवेशन की अध्यक्षता दादाभाई नौरोजी ने की थी।

**22.** 'बिस्मार्क ऑफ इंडिया' किसे कहा जाता है?
(a) पं. जवाहर लाल नेहरू
(b) सरदार वल्लभ भाई पटेल
(c) सरोजिनी नायडू
(d) लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक

**RRB NTPC 29/03/2016 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)

❒ 'बिस्मार्क ऑफ इंडिया' सरदार वल्लभ भाई पटेल को कहा जाता है।
❒ वल्लभभाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि बारदोली सत्याग्रह (1928) का नेतृत्व करने के दौरान वहाँ उपस्थित महिलाओं ने प्रदान की थी।
❒ सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री थे।
❒ पं. जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे।
❒ सरोजिनी नायडू भारत के उत्तर प्रदेश राज्य की प्रथम महिला राज्यपाल थी। इनको **'द नाइटिंगेल ऑफ इंडिया'** के नाम से भी जाना जाता है।

**23.** बिपिन चंद्र पाल ने कौन-सा समाचार पत्र शुरू किया था?
(a) न्यू इंडिया (साप्ताहिक) (b) सुधारक
(c) वंदे मातरम् (d) तलवार

**RPF Const. 18 /01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)

❒ बिपिन चंद्र पाल ने न्यू इंडिया (साप्ताहिक) समाचार पत्र शुरू किया था। न्यू इंडिया (साप्ताहिक) समाचार पत्र अंग्रेजी भाषा में वर्ष 1901 ई. में प्रकाशित हुआ था। बिपिन चंद्र पाल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गरम दल से सम्बन्धित थे।
❒ सुधारक (साप्ताहिक) समाचार पत्र की शुरूआत गोपाल आगरकर ने की थी। यह अंग्रेजी तथा मराठी दोनों भाषाओं में प्रकाशित होता था। यह वर्ष 1888 ई. में प्रकाशित हुआ था।
❒ वन्दे मातरम् (साप्ताहिक) समाचार पत्र की शुरूआत अरविन्द घोष ने की थी। यह अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित होता था। यह वर्ष 1905 ई. में प्रकाशित हुआ था।
❒ तलवार समाचार पत्र से सम्बन्धित व्यक्ति वीरेन्द्र नाथ चट्टोपाध्याय तथा मैडम भीकाजी कामा थे।

**24.** ब्रह्म समाज के संस्थापक कौन है?
(a) राजा राममोहन राय (b) स्वामी दयानन्द सरस्वती
(c) देवेन्द्रनाथ टैगोर (d) स्वामी विवेकानंद

**RPF Const. 08/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)

❒ ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राममोहन राय है।
❒ राजा राममोहन राय ने ब्रह्म समाज की स्थापना वर्ष 1828 ई. में की थी। इन्हें भारतीय नवजागरण का अग्रदूत माना जाता है। इनके द्वारा वर्ष 1815 ई. में आत्मीय सभा की स्थापना की गई थी।
❒ **राजा राममोहन राय द्वारा तीन पत्रिकाओं का प्रकाशन किया गया जो कि निम्नलिखित है-**
- ➢ संवाद कौमुदी (साप्ताहिक) (भाषा- बंगाली)
- ➢ ब्राह्मणवादी
- ➢ मिरात-उल- अखबार (साप्ताहिक) (भाषा फारसी)

❒ मुगल सम्राट अकबर द्वितीय ने राजा राममोहन राय को

**'राजा'** की उपाधि से सुशोभित किया था। राजा राममोहन राय के अथक् प्रयासों के फलस्वरूप ही भारत में सती प्रथा पर रोक लगी थी। राजा राममोहन राय की मृत्यु 27 सितम्बर 1833 ई. को ब्रिस्टल (ब्रिटेन) में हुई थी।

**25.** इनमें से कौन-सा खोजकर्ता भारत आना चाहता था, किंतु इसके बजाय अमेरिका के तट पर पहुंच गया था?

(a) चंगेज खान (b) वास्कोडिगामा
(c) क्रिस्टोफर कोलंबस (d) सिकंदर

**RRB NTPC 09/02/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)

❒ क्रिस्टोफर कोलंबस भारत आना चाहता था, किंतु इसके बजाय अमेरिका के तट पर पहुंच गया था।
❒ क्रिस्टोफर कोलंबस का जन्म जेनोआ (इटली) में हुआ था।
❒ क्रिस्टोफर कोलंबस ने अपनी प्रथम यात्रा पालोस बंदरगाह (स्पेन) से वर्ष 1492 ई. में शुरू की थी।
❒ क्रिस्टोफर कोलंबस को अमेरिका की खोज के लिए जाना जाता है।

**26.** भारत में अपने नियंत्रण को बढ़ाने हेतु, ब्रिटिश और भारतीयों के बीच कई युद्ध लड़े गए थे परंतु निम्नलिखित में से युद्ध जो उसमें शामिल नहीं था।

(a) एंग्लो-मराठा (b) एंग्लो-सिक्ख
(c) एंग्लो-मैसूर (d) एंग्लो-बांग्ला

**RRB NTPC 26/04/2016 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (d)

❒ एंग्लो-बांग्ला युद्ध कभी लड़ा नहीं गया।
❒ (एंग्लो अथवा अंग्रेज), भारत में मुगलों के पतन के पश्चात् अंग्रेजों का आगमन हुआ। अंग्रेजों ने भारत पर अपने एकाधिकार तथा वर्चस्व को स्थापित करने के उद्देश्य से अनेकों लड़ाईयाँ लड़ी।
❒ **जिनमें से कुछ महत्वपूर्ण युद्ध निम्नलिखित है-**

➢ **एंग्लो-मराठा युद्ध**

प्रथम एंग्लो-मराठा युद्ध (1775-82)
द्वितीय एंग्लो-मराठा युद्ध (1803-05)
तृतीय एंग्लो-मराठा युद्ध (1817-18)

➢ **एंग्लो-सिक्ख युद्ध**

प्रथम एंग्लो-सिक्ख युद्ध (1845-46)
द्वितीय एंग्लो-सिक्ख युद्ध (1848-49)

➢ **एंग्लो-मैसूर युद्ध**

प्रथम एंग्लो-मैसूर युद्ध (1767-69)
द्वितीय एंग्लो-मैसूर युद्ध (1780-84)
तृतीय एंग्लो-मैसूर युद्ध (1790-92)
चतुर्थ एंग्लो-मैसूर युद्ध (1798-99)

**27.** शिवाजी का जन्म इनमें से किस किले में हुआ था?

(a) प्रतापगढ़ (b) रायगढ़
(c) पन्हाला (d) शिवनेरी

**RRB Group-D 22/09/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (d)

❒ शिवाजी का जन्म 6 अप्रैल 1627 ई. को शिवनेरी के दुर्ग में हुआ था।
❒ शिवाजी के पिता का नाम शाहजी भोंसले तथा माता का नाम जीजाबाई था।
❒ शिवाजी का राज्याभिषेक वर्ष 1674 ई. में हुआ था। राज्याभिषेक होने के पश्चात् ही इनको छत्रपति की उपाधि से सुशोभित किया गया।
❒ शिवाजी की मृत्यु वर्ष 1680 ई. में हो गई।

**28.** मराठों ने किस वर्ष में अहमद शाह अब्दाली से पराजित होकर सत्ता खो दी थी।

(a) 1761 (b) 1762
(c) 1763 (d) 1764

**RRB Group-D 27/11/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)

❒ मराठों ने वर्ष 1761 ई. में अहमद शाह अब्दाली से पराजित होकर सत्ता खो दी थी।
❒ पानीपत का तीसरा युद्ध 14 जनवरी 1761 ई. को मुगलों तथा मराठों के मध्य हुआ था।
❒ पानीपत के तीसरे युद्ध में मराठा सेना का नेतृत्व सदाशिव भाऊ तथा मुगलों का नेतृत्व अहमद शाह अब्दाली ने किया था।
❒ पानीपत के तीसरे युद्ध में मराठा सेना, मुगल सेना से बुरी तरह पराजित हुई थी।

**29.** 'दांडी मार्च' कब आयोजित किया गया था?

(a) 1930 (b) 1940
(c) 1947 (d) 1950

**RPF SI, 05/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)

❒ दांडी मार्च वर्ष 1930 ई. में आयोजित हुई थी।
❒ दांडी मार्च की शुरुआत 12 मार्च 1930 ई. को महात्मा गाँधी द्वारा की गई थी।
❒ महात्मा गाँधी द्वारा साबरमती आश्रम (अहमदाबाद) से अपने 78 अनुयायियों के साथ इस मार्च सत्याग्रह की शुरूआत हुई। दांडी मार्च 24 दिनों तक चला जिसके अन्तर्गत कुल 241 मील पैदल दूरी तय की गई। 6 अप्रैल 1930 ई. को अन्ततः दांडी पहुँचकर महात्मा गाँधी ने दांडी मार्च भंग कर दिया था।

**30.** रंगपुर विद्रोह कब हुआ था?

(a) 1689 (b) 1696

(c) 1783 (d) 1790

**RPF SI, 05/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)

❒ रंगपुर विद्रोह वर्ष 1783 ई. को बंगाल में उत्पन्न हुआ था। रंगपुर विद्रोह बंगाल के कृषक विद्रोह में से एक महत्वपूर्ण विद्रोह था।

**31.** 'दिल्ली चलो' नारा किसने दिया?

(a) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस (b) महात्मा गाँधी

(c) पं. जवाहरलाल नेहरू (d) कर्जन

**RPF SI, 05/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)

❒ 'दिल्ली चलो' का नारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने दिया था।

❒ 5 जुलाई 1943 ई. को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने सिंगापुर के टाउन हॉल के समक्ष 'सुप्रीम कमाण्डर' के रूप में अपनी सेना को सम्बोधित किया तथा उनको 'दिल्ली चलो' का नारा दिया था।

❒ 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का नारा भी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने दिया था।

❒ इनके द्वारा दिये गये अन्य प्रसिद्ध प्रमुख नारों में 'जय हिंद' भी है।

**32.** अलीगढ़ में मोहम्मडन एंग्लो ओरिएण्टल कॉलेज किसने स्थापित किया था?

(a) मौलाना अबुल कलाम आजाद

(b) सैयद अहमद खान

(c) मौलाना हसरत मोहानी

(d) डॉ. जाकिर हुसैन

**RPF SI, 05/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)

❒ अलीगढ़ में मोहम्मडन एंग्लो ओरिएण्टल कॉलेज को सैयद अहमद खान ने स्थापित किया था।

❒ इसका आधुनिक नाम अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय है। इसकी स्थापना वर्ष 1875 ई. में हुई थी।

❒ वर्ष 1920 ई. में मोहम्मडन एंग्लो ओरिएण्टल कॉलेज का नाम परिवर्तित कर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कर दिया गया।

❒ सैयद अहमद खान को अलीगढ़ आंदोलन का प्रमुख माना जाता है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम 1857 के प्रमुख कारणों को स्पष्ट करने के लिए इन्होंने **'The causes of the Indian Revolt'** नामक पुस्तक लिखी थी। सैयद अहमद खान को ही **'साइंटिफिक सोसाइटी'** की स्थापना का श्रेय जाता है।

**33.** ब्रिटिश इंडिया कंपनी द्वारा नियुक्त वर्ष 1833 ई. में भारत का पहला ब्रिटिश गवर्नर जनरल कौन था?

(a) डलहौजी (b) वेलेजली

(c) वॉरेन हेस्टिंग्स (d) विलियम बेंटिंक

**RPF SI, 05/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (d)

❒ भारत का पहला ब्रिटिश गवर्नर जनरल विलियम बेंटिंक था।

❒ गवर्नर जनरल के पद पर विलियम बेंटिंक का कार्यकाल 22 अप्रैल 1834 ई. से 20 मार्च 1835 ई. तक था।

**34.** लाहौर कांग्रेस अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे?

(a) पं. जवाहरलाल नेहरू (b) सरोजिनी नायडू

(c) महात्मा गांधी (d) मोतीलाल नेहरू

**RPF Const. 18/1/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)

❒ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन की अध्यक्षता पं. जवाहरलाल नेहरू ने की थी।

❒ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लाहौर अधिवेशन दिसंबर 1929 ई. में आयोजित हुआ था। इस अधिवेशन में ही स्वराज (पूर्ण स्वतंत्रता) का प्रस्ताव पारित किया गया था। इस अधिवेशन में ही 26 जनवरी 1930 ई. को प्रथम स्वतंत्रता दिवस रूप में मनाये जाने की घोषणा की गयी थी।

**35.** बंगाल का विभाजन कब हुआ था?

(a) 1903 (b) 1904

(c) 1905 (d) 1906

**RPF Const. 18/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (c)

❒ बंगाल का विभाजन वर्ष 1905 ई. में हुआ था।

❒ बंगाल के विभाजन की घोषणा तत्कालीन वायसराय कर्जन द्वारा 19 जुलाई 1905 ई. को की गई थी।

❒ बंगाल विभाजन 16 अक्टूबर 1905 ई. से प्रभावी हुआ था।

❒ 16 अक्टूबर 1905 ई. को सम्पूर्ण बंगाल में 'राष्ट्रीय शोक दिवस' के रूप में मनाये जाने की घोषणा हुई थी।

❒ वर्ष 1911 ई. को हार्डिंग ने बंगाल विभाजन को रद्द कर दिया था।

**36.** इनमें से किसने सविनय अवज्ञा आंदोलन तमिलनाडु में आयोजित किया गया था?

(a) सी. राजगोपालाचारी (b) मोतीलाल नेहरू

(c) एम.ए. चिदंबरम (d) सरोजिनी नायडू

**RPF Const. 18/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)

❒ सी. राजगोपालाचारी द्वारा तमिलनाडु में सविनय अवज्ञा आंदोलन के जैसा एक आंदोलन का आयोजन किया गया था।

❑ सी. राजगोपालाचारी स्वतंत्र भारत के प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल थे। इनका कार्यकाल 21 जून 1948 ई. से 26 जनवरी 1950 ई. तक रहा।
❑ सी. राजगोपालाचारी को भारत रत्न वर्ष 1954 ई. में मिला था।
❑ सी. राजगोपालाचारी भारत रत्न से सम्मानित होने वाले प्रथम तीन व्यक्तियों में से एक थे।

**37.** किस चार्टर कानून ने भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के एकाधिकार कारोबार को खत्म कर दिया?
(a) चार्टर अधिनियम 1793
(b) चार्टर अधिनियम 1813
(c) चार्टर अधिनियम 1833
(d) चार्टर अधिनियम 1853

**RPF Const. 18/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)
❑ चार्टर अधिनियम 1813 ने भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के व्यापारिक एकाधिकार को समाप्त कर दिया।
❑ चार्टर अधिनियम 1813 ने ब्रिटेन के सभी व्यापारियों को भारत से व्यापार करने की छूट प्रदान कर दी थी।

**38.** निम्नलिखित में से किस प्रणाली को भारत में अंग्रेजी साहित्य का मैग्नाकार्टा कहा जाता है?
(a) हंटर कमीशन (b) मैकाले स्मरण पत्र
(c) वुड्स डिस्पैच (d) रैले रिपोर्ट

**RPF Const. 18/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)
❑ वुड्स डिस्पैच प्रणाली को भारत में अंग्रेजी साहित्य का मैग्नाकार्टा कहा जाता है।
❑ वर्ष 1854 ई. में चार्ल्स वुड ने भारत में अंग्रेजी शिक्षा में बड़े बदलाव करने हेतु अपने सुझाव तत्कालीन गवर्नर जनरल डलहौजी को पत्र के माध्यम से प्रेषित किये ; जिन्हें **वुड्स डिस्पैच** कहा जाता है।

**39.** प्लासी के युद्ध में, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के सैन्य दल का नेतृत्व किसने किया था?
(a) नेविल चेम्बरलेन (b) रॉबर्ट क्लाइव
(c) एलन कनिंघम (d) जेम्स एलेक्जेंडर

**RRB NTPC 21/01/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)
❑ प्लासी के युद्ध में, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के सैन्य दल का नेतृत्व रॉबर्ट क्लाइव ने किया था।
❑ प्लासी का युद्ध 23 जून 1757 ई. को हुआ था।
❑ प्लासी नामक स्थान पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में स्थित है।
❑ प्लासी का युद्ध तत्कालीन बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला तथा अंग्रेज रॉबर्ट क्लाइव की सेना के मध्य हुआ था।
❑ रॉबर्ट क्लाइव भारत में अंग्रेजी शासन का संस्थापक था।
❑ रॉबर्ट क्लाइव ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा भारत में नियुक्त बंगाल का प्रथम गवर्नर था।
❑ रॉबर्ट क्लाइव को बंगाल में द्वैध शासन प्रणाली का जनक माना जाता है।

**40.** सहायक संधि की प्रणाली को स्वीकार करने वाला पहला भारतीय मूल का शासक कौन था?
(a) हैदराबाद के निजाम (b) पंजाब के दिलीप सिंह
(c) बड़ौदा के गायकवाड़ (d) ग्वालियर के सिंधिया

**RRB NTPC 07/04/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)
❑ सहायक संधि की प्रणाली को स्वीकार करने वाले पहले भारतीय मूल के शासक हैदराबाद के निजाम थे।
❑ भारत में सहायक संधि प्रणाली का जनक वेलेजली को माना जाता है। इस प्रणाली की शुरूआत भारत में वर्ष 1798 ई. में हुई। मैसूर दूसरा भारतीय राज्य था जिसने वर्ष 1799 ई. में सहायक संधि की प्रणाली को स्वीकार किया था।

**41.** मुर्शिद कुली खान ने खुद को बंगाल का नवाब घोषित कर दिया और अपनी राजधानी ढाका से हटाकर _______ कर दी।
(a) गिरिया (b) मुरादाबाद
(c) बक्सर (d) मुर्शिदाबाद

**RRB Group-D 05/11/2018 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)
❑ मुर्शिद कुली खान ने खुद को बंगाल का नवाब घोषित कर दिया और अपनी राजधानी ढाका से हटाकर मुर्शिदाबाद कर दी।
❑ मुर्शिद कुली खान मुगल सम्राट द्वारा नियुक्त बंगाल का अन्तिम सूबेदार था।
❑ मुर्शिद कुली खान की नियुक्ति बंगाल के सूबेदार पद पर वर्ष 1717 ई. में मुगल सम्राट फर्रूखशियर द्वारा की गयी थी।
❑ मुर्शिद कुली खान ने मुर्शिदाबाद स्थित कटरा मस्जिद का निर्माण किया था। इसी मस्जिद में 30 जून 1727 ई. को इनकी मृत्यु हो गयी थी।

**42.** श्रीरंगपट्टनम में हुए चौथे एंग्लो-मैसूर युद्ध में किसकी हत्या हुई थी?
(a) हैदर अली (b) तिम्मरराजा वोडेयार प्रथम
(c) तिरूमाला देव राय (d) टीपू सुल्तान

**RPF Const. 05/02/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (d)
❑ श्रीरंगपट्टनम में हुए चौथे एंग्लो-मैसूर युद्ध में टीपू सुल्तान

की हत्या हुई थी।

- टीपू सुल्तान की मृत्यु 4 मई 1799 ई. को हुई थी।
- टीपू सुल्तान को **'टाइगर ऑफ मैसूर'** के नाम से भी जाना जाता है।
- टीपू सुल्तान के पिता का नाम हैदर अली था।

**43.** सन् 1853 ई. में कहाँ से कहाँ तक यातायात के लिए पहला रेल मार्ग खोला गया था?

(a) पुणे से ठाणे (b) नागपुर से पुणे
(c) बॉम्बे से ठाणे (d) बॉम्बे से पुणे

**RRB Group-D 03/12/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प –** (c)

- सन् 1853 ई. में बॉम्बे से ठाणे तक यातायात के लिए पहला रेल मार्ग खोला गया था।
- यह रेल मार्ग 34 किमी. लम्बा था। भारत में रेल प्रणाली की शुरूआत 16 अप्रैल 1853 ई. में हुई थी।
- भारत में रेलवे का जनक लॉर्ड डलहौजी को कहा जाता है।
- भारतीय रेल एशिया की दूसरी तथा विश्व की चौथी सबसे बड़ी रेल प्रणाली है।
- भारतीय रेलवे बोर्ड की स्थापना वर्ष 1905 ई. में तथा भारतीय रेलवे का राष्ट्रीयकरण वर्ष 1950 ई. में हुआ था।

**44.** वर्ष 1793 ई. में बंगाल, बिहार और उड़ीसा में किसकी शुरूआत हुई।

(a) रैयतवाड़ी प्रथा (b) इजारेदारी प्रथा
(c) महालवाड़ी बंदोबस्त (d) स्थायी बंदोबस्त

**RRB Group-D 15/11/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प –** (d)

- वर्ष 1793 ई. में बंगाल, बिहार और उड़ीसा में स्थायी बंदोबस्त की शुरूआत हुई।
- भारत में स्थायी बंदोबस्त का जनक लॉर्ड कार्नवॉलिस को कहा जाता है।
- इस व्यवस्था का अन्य नाम इस्तमरारी व्यवस्था भी है। इस व्यवस्था को बिहार, बंगाल, उड़ीसा पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा दक्षिण भारत के कुछ स्थानों पर लागू किया गया था।

**45.** स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व, भारत का सर्वप्रथम जूट मिल कहाँ स्थापित किया गया था?

(a) गुजरात (b) बंगाल
(c) उड़ीसा (d) महाराष्ट्र

**RRB NTPC 22/04/2016 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प –** (b)

- स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व, भारत का सर्वप्रथम जूट मिल बंगाल में स्थापित किया गया था।
- इसकी स्थापना वर्ष 1855 ई. में हुई थी।
- भारत में सर्वाधिक जूट उत्पादक राज्य पश्चिम बंगाल है।

**46.** विनोबा भावे द्वारा शुरू किये गए भूदान-ग्रामदान आन्दोलन को और किस नाम से जाना जाता है?

(a) नागरिक क्रांति (b) हरित क्रांति
(c) श्वेत क्रांति (d) रक्त रहित क्रांति

**RPF SI, 05/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प –** (d)

- विनोबा भावे द्वारा शुरू किये गये भूदान-ग्रामदान आंदोलन को रक्त रहित क्रांति नाम से जाना जाता है।
- भूदान आंदोलन की शुरूआत वर्ष 1951 ई. में विनोबा भावे ने की थी।
- महात्मा गाँधी ने विनोबा भावे को ही प्रथम व्यक्तिगत सत्याग्रही के रूप में चुना था।
- विनोबा भावे रेमन मैग्सेस पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रथम भारतीय व्यक्ति थे। इन्हें यह पुरस्कार वर्ष 1958 ई. में मिला था।

**47.** कौन-सा स्वतंत्रता सेनानी लोकप्रिय रूप से लोकनायक के रूप में जाना जाता है?

(a) ज्योतिबा फुले (b) जतिंद्रनाथ दास
(c) सुभाष चन्द्र बोस (d) जयप्रकाश नारायण

**RPF SI, 06/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प –** (d)

- स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण को लोकनायक के रूप में जाना जाता है।
- जयप्रकाश नारायण को वर्ष 1965 ई. में रेमन मैग्सेस पुरस्कार तथा वर्ष 1999 ई. में मरणोपरांत भारत रत्न पुरस्कार मिला था।
- जयप्रकाश नारायण ने प्रजा सोशलिस्ट पार्टी तथा कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का गठन किया था।

**48.** लाहौर सत्र कब आयोजित हुआ था?

(a) 1820 (b) 1929
(c) 1940 (d) 1945

**RPF SI, 06/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प –** (b)

- लाहौर सत्र वर्ष 1929 ई. में आयोजित हुआ था। इस सत्र की अध्यक्षता पंडित जवाहरलाल नेहरू ने की थी।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के इस सत्र में ही 26 जनवरी 1930 ई. को प्रथम स्वाधीनता दिवस मनाने की घोषणा हुई थी।
- **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अन्य महत्वपूर्ण सत्र तथा उनके अध्यक्ष –**

| सत्र | वर्ष | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| सूरत सत्र | 1907 ई. | डॉ. रासबिहारी बोस |
| कोलकाता सत्र | 1911 ई. | पं. बिशन नारायण धर |
| लखनऊ सत्र | 1916 ई. | अंबिका चरण मजूमदार |

| | | |
|---|---|---|
| बेलगांव सत्र | 1924 ई. | महात्मा गाँधी |
| कानपुर सत्र | 1925 ई. | सरोजिनी नायडू |

**49.** वर्ष (1899-1900) ई. के बीच हुए मुंडा विद्रोह का नेता कौन था?
(a) बिरसा मुंडा (b) राघव मुंडा
(c) बलाविद मुंडा (d) राजेश मुंडा

**RPF SI, 06/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)
- वर्ष (1899-1900) ई. के बीच हुए मुंडा विद्रोह का नेता बिरसा मुंडा था।
- मुंडा विद्रोह को ही उलगुलान विद्रोह कहा जाता है।
- मुंडा विद्रोह की शुरुआत झारखण्ड राज्य के छोटा नागपुर स्थान से हुई थी।

**50.** भारत का पहला वायसराय कौन था?
(a) वेलेजली (b) कैनिंग
(c) कॉर्नवालिस (d) मेयो

**RPF Const. 18/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)
- भारत का प्रथम वायसराय कैनिंग था।
- स्वतंत्र भारत का प्रथम गवर्नर जनरल माउंटबेटन था।

**51.** भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी को नियंत्रित और विनियमित करने के लिए ब्रिटिश सरकार ने कौन-सा अधिनियम लागू किया था?
(a) रेग्युलेटिंग अधिनियम 1773
(b) पिट्स इंडिया अधिनियम 1784
(c) चार्टर अधिनियम 1833
(d) भारत सरकार अधिनियम 1909

**RPF Const. 18/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)
- भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी को नियंत्रित और विनियमित करने के लिए ब्रिटिश सरकार ने रेग्युलेटिंग एक्ट 1773 लागू किया था।
- **पिट्स इंडिया अधिनियम 1784**
  - इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य रेग्युलेटिंग एक्ट 1773 की कमियों को दूर करना था।
- **चार्टर अधिनियम 1833**
  - इस अधिनियम को भारत सरकार अधिनियम 1833 अथवा संट हेलेना अधिनियम 1833 भी कहते है।
- **भारत सरकार अधिनियम 1909**
  - इस अधिनियम को मार्ले-मिंटो सुधार अधिनियम के नाम से भी जाना जाता है। इस अधिनियम के द्वारा मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचन प्रणाली की व्यवस्था की गयी थी।

**52.** किसे भारत की आजादी का पहला युद्ध कहा जाता है?
(a) सिपाही विद्रोह (b) भीमा कोरेगांव युद्ध
(c) बक्सर की लड़ाई (d) प्लासी की लड़ाई

**RPF Const. 18/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (a)
- सिपाही विद्रोह को भारत की आजादी का पहला युद्ध कहा जाता है।
- सिपाही विद्रोह 10 मई 1857 ई. को मेरठ से प्रारम्भ हुआ था।
- सिपाही विद्रोह को भारतीय विद्रोह, प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम नाम से भी जाना जाता है।

**53.** बंगाल के पहले गवर्नर जनरल के रूप में किसे नियुक्त किया गया था?
(a) विलियम बेंटिंक (b) वॉरेन हेस्टिंग्स
(c) मेयो (d) रॉबर्ट क्लाइव

**RPF Const.18/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)
- बंगाल के पहले गवर्नर जनरल के रूप में वॉरेन हेस्टिंग्स को नियुक्त किया गया था।
- रेग्युलेटिंग एक्ट 1773 के तहत बंगाल में प्रथम गवर्नर जनरल की नियुक्ति हुई थी।
- विलियम बेंटिंक भारत के प्रथम गवर्नर जनरल नियुक्त हुये थे।
- मेयो की हत्या वर्ष 1872 ई. में पोर्ट ब्लेयर में कर दी गई थी।
- रॉबर्ट क्लाइव को भारत में ब्रिटिश साम्राज्य का संस्थापक माना जाता है।

**54.** वर्ष 1765 ई. से पहले ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के पास एकमात्र कौन-सा अधिकार था?
(a) राजस्व संग्रह का अधिकार
(b) व्यापार का एकमात्र अधिकार
(c) प्रशासन का अधिकार
(d) इनमें से कोई भी नहीं

**RPF Const. 18/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** - (b)
- वर्ष 1765 ई. से पहले ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के पास केवल व्यापार का एकमात्र अधिकार था।
- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया की स्थापना वर्ष 1600 ई. में एक व्यापारिक कंपनी के रूप में हुई थी।
- वर्ष 1765 ई. में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को व्यापार के अतिरिक्त अनन्य अधिकार प्राप्त हुये। ये अधिकार कंपनी को उसके शासकीय निकाय में परिवर्तन के फलस्वरूप प्राप्त हुये।

**55.** स्वतंत्रता से पूर्व भारत में गरीबी की अवधारणा पर चर्चा करने

वाले सर्वप्रथम व्यक्ति कौन थे?

(a) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी (b) जी.वी. जोशी
(c) बाल गंगाधर तिलक (d) दादाभाई नौरोजी

**RRB NTPC 05/04/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प - (d)**

❒ स्वतंत्रता से पूर्व भारत में गरीबी की अवधारणा पर चर्चा करने वाले सर्वप्रथम व्यक्ति दादाभाई नौरोजी थे।

❒ दादाभाई नौरोजी ने वर्ष 1901 ई. में 'पॉवर्टी एंड अन ब्रिटिश रूल इन इंडिया' नामक पुस्तक लिखी थी।

❒ दादाभाई नौरोजी वर्ष 1892 ई. में यूनाइटेड किंगडम में हॉउस ऑफ कॉमन्स के प्रथम भारतीय सदस्य बने थे।

**56.** वुड के आदेश पत्र का संबंध निम्नलिखित में से किस सुधार से था?

(a) रेलवे (b) उद्योग
(c) शिक्षा (d) सिंचाई

**RRB NTPC 03/03/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प - (c)**

❒ वुड के आदेश पत्र का संबंध शिक्षा में सुधार से था। इस आदेश पत्र को **'वुड्स डिस्पैच'** अथवा **'वुड का घोषणा पत्र'** भी कहा जाता है।

❒ वर्ष 1854 ई. में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत में एक शिक्षा प्रणाली की पेशकश की थी।

❒ वुड के आदेश पत्र घोषित होने के समय भारत के गवर्नर जनरल डलहौजी थे।

**57.** अंग्रेजों ने भारत में अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम .......... में बनाया था।

(a) 1833 (b) 1835
(c) 1855 (d) 1857

**RRB Group-D 01/10/2018 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प - (b)**

❒ अंग्रेजों ने भारत में अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम वर्ष 1835 ई. में बनाया था।

❒ भारत में अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम बनाने का श्रेय मैकाले को जाता है।

**58.** वर्तमान के पश्चिम उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब के कुछ हिस्सों में 1830 में किस व्यवस्था को शुरू किया गया था।

(a) रैयतवाड़ी व्यवस्था (b) इजारेदारी व्यवस्था
(c) महालवाड़ी व्यवस्था (d) स्थाई बंदोबस्त

**RRB Group-D 02/11/2018 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प - (c)**

❒ वर्तमान के पश्चिम उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब के कुछ हिस्सों में वर्ष 1830 ई. में महालवाड़ी व्यवस्था को शुरू किया गया था।

❒ महाल-वाड़ी व्यवस्था के अन्तर्गत भारत के लगभग 30% भू-भाग पर भू-राजस्व की व्यवस्था लागू हुई थी।

❒ महालवाड़ी व्यवस्था की अवधारणा सर्वप्रथम हॉल्ट मैकेन्जी ने प्रस्तुत की थी।

**59.** सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की अवधारणा किस क्रांति से ली गई है?

(a) जापानी क्रांति (b) अमेरिकी क्रांति
(c) फ्रांसीसी क्रांति (d) रूसी क्रांति

**RPF SI, 6/01/2019 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प - (d)**

❒ सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की अवधारणा रूसी क्रांति से ली गई है।

❒ रूसी क्रांति वर्ष 1917 ई. में घटित हुई थी।

**60.** प्रसिद्ध कृषि आन्दोलन 'तेभागा' किस प्रान्त में हुआ था?

(a) बंगाल (b) मद्रास
(c) सिंध (d) उत्तर प्रदेश

**RPF SI, 06/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प - (a)**

❒ प्रसिद्ध कृषि आंदोलन तेभागा बंगाल प्रान्त में हुआ था। यह आंदोलन वर्ष (1946-47) ई. के दौरान घटित हुआ था।

❒ बंगाल में हुये इस आंदोलन के प्रमुख नेताओं में भवन सिंह तथा कामराम सिंह थे।

❒ तेभागा आंदोलन के तहत किसानों ने जमींदारों को दिये जाने वाले हिस्से को एक तिहाई करने की मांग की थी।

**61.** वांडीवाश का निर्णायक युद्ध किनके मध्य लड़ा गया था?

(a) अंग्रेज और फ्रांसिसी के मध्य
(b) अंग्रेज और अर्कोट के नवाब के मध्य
(c) अंग्रेज और पुर्तगालियों के मध्य
(d) अंग्रेज और डच के मध्य

**RPF SI, 06/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प - (a)**

❒ वांडीवाश का निर्णायक युद्ध अंग्रेज और फ्रांसिसी के मध्य लड़ा गया था।

❒ वांडीवाश का युद्ध 22 जनवरी 1760 ई. को हुआ। इस युद्ध में फ्रांसिसी अंग्रेजों के हाथों बुरी तरह पराजित हुए तथा फ्रांसिसियों को पांडिचेरी अंग्रेजों के हाथों में सौंपना पड़ा।

**62.** निम्नलिखित में से किसने मणिपुरी नृत्य को शांतिनिकेतन में प्रदर्शन कर उसे उसकी ख्याति वापस दिलाई?

(a) राजा भाग चन्द्र (b) महात्मा गाँधी
(c) रबिन्द्रनाथ टैगोर (d) देबेन्द्रनाथ टैगोर

**RPF SI, 06/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प - (c)**

❒ रबिन्द्रनाथ टैगोर ने मणिपुरी नृत्य को शांतिनिकेतन में

प्रदर्शित कर उसकी ख्याति वापस दिलाई थी।

- शांतिनिकेतन भारत के पश्चिम बंगाल राज्य में स्थित है।
- रबिन्द्रनाथ टैगोर को शांति निकेतन की स्थापना का श्रेय जाता है।

**63.** श्री फिरोजशाह मेहता ने कौन-सा समाचार पत्र प्रारंभ किया गया?

(a) गुड टाइम्स (b) बॉम्बे क्रॉनिकल
(c) डेक्कन क्रॉनिकल (d) डेक्कन टाइम्स

**RPF Const. 19/01/2019 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (b)

- श्री फिरोजशाह मेहता ने बॉम्बे क्रॉनिकल समाचार पत्र प्रारंभ किया था। यह अंग्रेजी भाषा का समाचार पत्र था। इस समाचार पत्र की शुरूआत वर्ष 1910 ई. में हुई। यह समाचार पत्र बॉम्बे से प्रकाशित होता था।
- डेक्कन क्रॉनिकल तथा डेक्कन टाइम्स अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित समाचार पत्र थे।

**64.** 'फ्रंटियर गाँधी' के नाम से किसे जाना जाता है?

(a) अब्दुल गफ्फार खां (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) ज्योतिबा फुले (d) सरदार वल्लभ भाई पटेल

**RPF Const. 19/01/2019 Shift-3**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- अब्दुल गफ्फार खां को 'फ्रंटियर गाँधी' के नाम से जाना जाता है।
- अब्दुल गफ्फार खां ने 'खुदाई खिदमतगार' नामक संगठन की स्थापना की थी। इस संगठन को 'लाल कुर्ती' के नाम से भी जाना जाता है। भारत रत्न से सम्मानित होने वाले प्रथम गैर भारतीय नागरिक अब्दुल गफ्फार खां थे। इनको यह सम्मान वर्ष 1987 ई. में मिला।

**65.** निम्नलिखित राष्ट्रवादी नेताओं में से कौन मराठी समाचार पत्र 'केसरी' के संस्थापक और संपादक थे?

(a) बाल गंगाधर तिलक
(b) विनायक दामोदर सावरकर
(c) विष्णुशास्त्री चिपलूनकर
(d) डॉ. भीमराव अंबेडकर

**RRB NTPC 04/02/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- राष्ट्रवादी नेता बाल गंगाधर तिलक ने मराठी समाचार पत्र 'केसरी' का सम्पादन किया था। इस समाचार पत्र का सम्पादन वर्ष 1881 ई. में हुआ था।
- बाल गंगाधर तिलक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गरम दल से सम्बन्धित थे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गरम दल में इनके अतिरिक्त लाला लाजपत राय तथा विपिन चन्द्र पाल भी शामिल थे।
- बाल गंगाधर तिलक को भारतीय अशांति का पिता भी कहा जाता है।

**66.** भारतीय स्वतंत्रता के दौरान, समाचार पत्र यंग इंडिया को किसके द्वारा प्रकाशित किया गया था?

(a) बी.आर. अम्बेडकर (b) सुभाष चन्द्र बोस
(c) महात्मा गाँधी (d) जवाहर लाल नेहरू

**RRB NTPC 30/03/2016 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- भारतीय स्वतंत्रता के दौरान, समाचार पत्र यंग इंडिया को महात्मा गाँधी के द्वारा प्रकाशित किया गया था।
- यंग इंडिया अंग्रेजी में प्रकाशित एक साप्ताहिक समाचार पत्र था।
- **महात्मा गाँधी द्वारा प्रकाशित अन्य समाचार पत्र–**
  - इंडियन ओपिनियन
  - नवजीवन
  - हरिजन

**67.** भारत का पहला प्रमुख समाचार पत्र, बंगाल गजट किस वर्ष में शुरु किया गया था?

(a) 1770 (b) 1775
(c) 1780 (d) 1847

**RRB NTPC 21/03/2021 Shift-2**

**व्याख्या : विकल्प** – (c)

- भारत का पहला प्रमुख समाचार पत्र, बंगाल गजट वर्ष 1780 ई. में शुरू किया गया था।
- बंगाल गजट के सम्पादक जेम्स ऑगस्टस हिक्की थे। यह अंग्रेजी समाचार पत्र कोलकाता से साप्ताहिक प्रकाशित होता था।

**68.** महात्मा गाँधी ने दक्षिण अफ्रीका में कौन-सा अखबार शुरु किया था?

(a) इंडियन ओपिनियन
(b) नेशनल हेराल्ड
(c) इंडियन सोशियोलॉजिस्ट
(d) कॉमनवील

**RRB NTPC 20/01/2021 Shift-1**

**व्याख्या : विकल्प** – (a)

- महात्मा गाँधी ने दक्षिण अफ्रीका में 'इंडियन ओपिनियन' अखबार शुरू किया था। इंडियन ओपिनियन साप्ताहिक अखबार था।
- इंडियन ओपिनियन अखबार का प्रकाशन वर्ष 1904 ई. में शुरू हुआ था। इंडियन ओपिनियन अखबार के प्रथम सम्पादक मनसुखलाल नजर थे।
- 'कॉमनवील' नामक साप्ताहिक अखबार वर्ष 1914 ई. में ऐनी बेसेंट के द्वारा शुरू किया गया था।
- 'नेशनल हेराल्ड' नामक अखबार वर्ष 1938 ई. में पं. जवाहरलाल नेहरू के द्वारा शुरू किया गया था।